4 रायपुर संभाग
जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ.मधुप के खिलाफ अनेक...

6 अभिमत
पेरिस पैरालंपिक भारत का शानदार प्रदर्शन

09 विविध
14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता...

10 संस्कारधानी
लगातार 36 घंटों से बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 12 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-23 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### धनखड़ 13 सितंबर को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति धनखड़ शुक्रवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे और अजमेर में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ के साथ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ 13 सितंबर को राजस्थान के अजमेर, खरनाल और सुरसुरा के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति अजमेर में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे। इस यात्रा के दौरान, उपराष्ट्रपति तेजा दशमी के उपलक्ष्य पर खरनाल (नागौर) और सुरसुरा (अजमेर) में वीर तेजाजी मंदिरों के दर्शन भी करेंगे।

श्री रावतपुरा सरकार
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

### बाढ़ प्रभावित आंध्र और तेलंगाना में क्षति आकलन करेगा केंद्रीय दल



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षति का आकलन करने के लिए एक केंद्रीय दल शीघ्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा। चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ प्रभावित की प्रारंभिक रिपोर्ट केंद्रीय गृह एवं सहकाारिता मंत्री अमित शाह को सौंप दी गयी है।

### साइबर सुरक्षित भारत अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जाने माने सिने कलाकार अमिताभ बच्चन भी सरकार के साइबर सुरक्षित भारत के अभियान को मजबूत बनाने के लिए इससे जुड़ गये हैं। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में बच्चन का साइबर सुरक्षा से जुड़ा एक वीडियो साझा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय देश में सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण के लिए कृत संकल्प है।

# रामानुजगंज की सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप में दिनदहाडे कट्टे की नोक पर लूट

## तीन युवकों ने लूटा 8 किलो सोना, 6 करोड़ से ज्यादा के लूट का अनुमान

पृथ्वीलाल केशरी ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामानुजगंज नगर गांधी चौक में संचालित राजेश ज्वेलर्स में दिन दहाड़े कट्टे की नो पर बदमाशों ने करीब 8 किलो सोने के जेवरात लूट लिया और फरार हो गए। लूटे गए सोने के जेवरातों की कीमत करीब 6 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई है। आशंका है कि वारदात के पूर्व बदमाशों ने दुकान की अच्छे से रेकी की थी। घटना के बाद लुटेरे बाइक में सवार होकर झारखंड की ओर भाग निकले। घटना के बाद से रामानुजगंज में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे है। रामानुजगंज के नगर गांधी चौक में संचालित राजेश ज्वेलर्स में दोपहर 1.50 बजे बाइक में सवार होकर तीन युवक पहुंचे। दुकान में अंदर घुसकर उन्होंने कट्टा निकाल लिया एवं दुकान संचालिका सीमा सोनी सहित कर्मचारियों को कब्जे में ले लिया। लुटेरों ने दुकान सहित लॉकर मे रखे सोने के जेवरों को निकलवा लिया और बैग में रखकर बाईक में सवार होकर झारखंड की ओर भाग निकले। वहीं पुलिस को अभी तक आरोपियों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। आरोपी फिल्मी स्टाईल में भागते समय संचालक राजेश सोनी को माथे पर मार कर घायल भी कर दिया है। शोर मचाया तो आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर रामानुजगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। लुटेरों की तलाश में पुलिस टीम झारखंड की ओर भी भेजे गए हैं। फिलहाल लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई है। पुलिस सीसी टीवी फूटेज भी खंगाल रही है। दिनदहाडें लूट की घटना से प्रदेश के व्यापारी भयभीत है।



### घटना के विरोध में रामानुजगंज बंद

राजेश ज्वेलर्स में 6 करोड़ रुपये के सोने की लूट के बाद घटना के विरोध में नगर बंद करने की तैयारी चल रही है। नगर के व्यापारियों ने व्यवसायिक संस्थानें बंद कर घटना का विरोध दर्ज करेंगे। प्रदेश में लगातार घटित हो रही घटनाओं से जनता आक्रोशित।

### 11 माह बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

11 माह पूर्व 17 अक्टूबर 2023 को रामानुजगंज के दीपक ज्वेलर्स की संचालिका सुषमा सोनी से दिन दहाड़े 11 बजे जेवर से भरा बैग लेकर बाइक सवार दो युवक भाग निकले थे। बैग में 8 लाख रुपये के जेवर रखे हुए थे। पति की मौत के बाद सुषमा सोनी दुकान का संचालन कर रही थी। इस घटना का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। दुकान के संचालक राजेश सोनी ने बताया कि लुटेरे आठ किलो से अधिक सोने का जेवर व सात लाख रुपये नगदी लूट ले गए हैं।

### झारखंड पहुंचे बलरामपुर एसपी

बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल घटना के बाद झारखंड के रमकंडा पहुंचे। उन्होंने झारखंड पुलिस अधिकारियों से बात की और आरोपियों को पकड़ने में सहयोग मांगा। एसपी ने कहा कि लुटेरों को पकड़ने विशेष टीम बनाई गई है। लुटेरों की तलाश में झारखंड के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस टीम लगी हुई है।

### रामानुजगंज की सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप

दुकान के संचालक राजेश सोनी रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद हैं। रामानुजगंज में उनकी सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप है। राजेश सोनी ने ज्वेलरी शॉप की ब्रांच बलरामपुर में भी खोली है। वे बलरामपुर ज्वेलरी शॉप संभालते हैं। वहीं रामानुजगंज के ज्वेलरी शॉप का कार्य उनकी बहन सीमा सोनी देखती हैं। रामानुजगंज के दुकान में स्टॉक का पूरा सोना रखा हुआ था। संचालक के अनुसार दुकान से लुटेरे करीब 8 किलो से अधिक सोना लूट ले गए हैं। आशंका है कि लुटेरों ने पहले ही दुकान की रेकी की थी। उन्होंने ऐसे समय को लूट कि लिए तय किया था, जब दुकान में ग्राहकों की संख्या सबसे कम रहती है। बलरामपुर पुलिस दुकान सहित आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि लुटेरों के आने एवं भागने के रास्ते की जानकारी मिल सके।

## हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने बंगलादेश के दूतावास पर किया प्रदर्शन

एजेंसी ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



विश्व हिन्दू रक्षा परिषद ने बंगलादेश में हिंदुओं तथा अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के विरोध में बंगलादेश के दूतावास पर प्रदर्शन किया और पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर से बंगलादेशी दूतावास तक रैली निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और वहां पर हिंदुओं और मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से सैन्य कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा, मौजूदा समय बंगलादेश में हिंदू समाज पर लगातार हमले हो रहे हैं, महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार हो रहे हैं। उनके घरों और मंदिरों को तोड़े जाने की घटनाएं सामने आ रही है, जो हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख देती है। विश्व हिन्दू रक्षा परिषद की ओर से बंगलादेश के राजदूत को सौंपे गए ज्ञापन में अल्पसंख्यक हिंदुओं, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी है।

## सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 1.5 लाख करोड़ का निवेश पाइपलाइन में कई परियोजनाएं : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ➤ ग्रेटर नोएडा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिप विशेषकर सेमीकंडक्टर को लेकर दुनिया से 21वीं सदी में भारत पर भरोसा करने की अपील करते हुए कहा कि इस क्षेत्र की वैश्विक कंपनियों के लिए देश में आने का यह सही समय हैं क्योंकि इस उद्योग में अब तक 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश आ चुका है और कई परियोजनाएं पाइप लाइन में है।मोदी ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सेमिकॉन इंडिया 2024 का शुभारंभ करते हुए कहा हमारा सपना दुनिया के हर डिवाइस में भारतीय निर्मित चिप का है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र का आकार दशक के अंत तक 150 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते हैं, जो संकट के समय में भी रूके नहीं, ठहरे नहीं, निरंतर चलती रहे। भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई लगाने के लिए 50 प्रतिशत समर्थन भारत सरकार दे रही है। इसमें राज्य सरकारें भी अपने स्तर पर और मदद कर रही हैं। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 150 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश इस क्षेत्र में हो चुका है।

## राजकुमार की हैट्रिक,भारत ने मलेशिया को 8-1 से रौंदा

वार्ता ➤ मोकी
www.dailypioneer.com



राजकुमार पाल की हैट्रिक की मदद से भारत ने चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 के अंतर से हरा दिया। राजकुमार पाल (3', 25', 33') के अलावा अरिजीत सिंह हुंदल (6', 39') जुगराज सिंह (7'), कैप्टन हरमनप्रीत सिंह (22') और उत्तम सिंह (40') ने भी भारत के लिए गोल किये। इस जीत के साथ भारत ने तीन मैचों में नौ अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। मलेशिया के लिए एकमात्र गोल अखिमुल्लाह अनुआर (34') ने किया। लगातार दो जीत के बाद उत्साह से लबरेज भारत ने खेल की आक्रामक शुरुआत की। उन्होंने कुछ ही समय में मलेशिया को बैकफुट पर ला दिया और मैच के शुरुआती सात मिनट में ही तीन गोल दाग दिए।

## भारतीय सामाज में असमानता की जड़ जाति व्यवस्थाः राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय समाज में असमानता की बुनियाद में जाति व्यवस्था है और बहुजन वर्ग के सभी लोगों को न्याय देने के लिए नौकरियों में आरक्षण की सीमा बढ़ाई जानी चाहिए। अमेरिका की यात्रा पर गये राहुल गांधी कहा कि देश में सबको न्याय मिले, इसके लिए जाति गणना करना जरूरी है और कमजोर तथा पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था 50 प्रतिशत से आगे बढ़नी चाहिए। गांधी ने कहा, जाति भारत में एक बुनियादी समस्या है - सामाजिक असमानता की जड़ है। इसके समाधान के लिए आरक्षण पर से 50 प्रतिशत की सीमा हटनी चाहिए - सभी वर्गों को उनकी न्यायपूर्ण हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा, जाति जनगणना बहुजनों को अन्याय के इस दलदल से बाहर निकालने के लिए व्यापक योजनाएं बनाने का आधार बनेगी।

## अनुसूचित क्षेत्र के लिए प्रावधानित बजट के अनुरूप राशि का हो शत-प्रतिशत उपयोग : मंत्री रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि अनुसूचित क्षेत्र के लिए प्रावधानित बजट के अनुरूप मिलने वाली राशि का शत-प्रतिशत उपयोग संबंधित क्षेत्र के विकास में किया जाए। उन्होंने कहा कि एसटी-एसटी वर्ग के लोगों के विकास में संवदेनशीलता के साथ कार्य करते हुए उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाने के लिए शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। नेताम ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार द्वारा जो भी राशि उपलब्ध कराई जाती है उसका शत-प्रतिशत उपयोग इस वर्ग के विकास में होना चाहिए। अनेक क्षेत्रों में बिजली, पक्की सडकें, शुद्ध पेयजल तथा अन्य आधारभूत सुविधाएं नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे इनका विकास अवरूद्ध है। बहुत से अनुसचित क्षेत्रों में निवासरत लोग पानी में फ्लोराइड एवं आर्सेनिक की अधिक मात्रा के कारण रोगग्रस्त हैं, परन्तु अभी तक उनकी समस्या का सही से निराकरण नहीं हो पाया है। इस संबंध में उन्होंनें पीएचई विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। है।

## देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल-कांग्रेस पार्टी की आदत : शाह


पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने विदेशी धरती पर दिए बयानों को लेकर बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहरा किया और कहा कि देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत बन गयी है। शाह ने कहा, देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के देश विरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, गांधी ने हमेशा देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है। उन्होंने कहा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना गांधी की विभाजनकारी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा, गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कहकर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। भाजपा नेता कहा, मैं गांधी को बताना चाहता हूं कि जब तक भाजपा है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता और देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

## सीमावर्ती क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए वहां विकास करना जरूरी : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत को विशिष्ट भू-रणनीतिक स्थिति के कारण विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इनसे निपटने का सबसे अच्छा तरीका सीमा क्षेत्र विकास सुनिश्चित करना है। सिंह ने बुधवार को यहां सीमा क्षेत्र विकास सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास के लिए सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता की आवाज उठाई और उन्हें देश का पहला गांव बताया न कि दूरदराज के क्षेत्र। उन्होंने कहा कि भारत की भू-रणनीतिक स्थिति ऐसी है कि यह विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करता है और उनसे निपटने का सबसे अच्छा तरीका सीमा क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करना है। पिछले 10 वर्षों में सीमा क्षेत्र के विकास में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 8,500 किलोमीटर से अधिक सड़कों और 400 से अधिक स्थायी पुलों का निर्माण किया है। अटल सुरंग, सेला सुरंग और शिकुन-ला सुरंग, जो दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग बनने जा रही है, सीमा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। सरकार ने लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों को नेशनल इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड से जोड़ने के लिए 220 किलो वोल्ट की श्रीनगर-लेह बिजली लाइन शुरू की है। इसके अलावा, उत्तर-पूर्वी राज्यों के ट्रांसमिशन और वितरण बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। भारत-नेट ब्रॉडबैंड परियोजना के माध्यम से 1,500 से अधिक गांवों में हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान किया गया है। पिछले चार वर्षों में अकेले 7,000 से अधिक सीमावर्ती गांवों को इंटरनेट कनेक्शन से जोड़ा गया है, और हमारा ध्यान लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश पर रहा है। रक्षा मंत्री ने सड़कों और बिजली को किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव बनाने वाली बुनियादी सुविधाएं बताते हुए देश के हर कोने में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने न केवल संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित सैन्य तैनाती सुनिश्चित की है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को देश के बाकी हिस्सों से भी जोड़ा है।

### खेलों को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए राज्य सरकार करेगी हर संभव प्रयासः मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव सायमुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नए अध्यक्ष चुने गए हैं। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित की गई एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्व सम्मति से मुख्यमंत्री साय को अध्यक्ष चुना गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए गौरव की बात है, आप लोगों ने सर्वसम्मति से मुझे छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एसोसिएशन के अनेक आयोजनों में मुझे शामिल होने का मौका मिला। राष्ट्रीय आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा जी के साथ भी मुझे आयोजनों में शामिल होने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आर्चरी एसोसिएशन ने बड़ी कुशलता और परिश्रम से छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की प्रतिभा को तराशा जिससे हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर सहित अनेक प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैं स्वयं इस एसोसिएशन जुड़ गया हूं, सभी के सहयोग और मार्गदर्शन में आर्चरी एसोसिएशन के कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं जनजातीय बहुल जशपुर क्षेत्र से आता हूं। बचपन में हम लोग भी तीर धनुष लेकर शिकार किया करते थे। आर्चरी हम सभी लोगों का विशेष रूप से जनजातियों का पसंदीदा खेल है। जशपुर जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा निवास करती है। ये लोग बड़े धनुर्धर होते हैं, प्राचीन काल में पहाड़ी कोरवा तीर धनुष से शिकार करते थे। उनके हर घर में तीन धनुष रहता है। साय ने कहा कि इन लोगों की तीरंदाजी की नैसर्गिक प्रतिभा को तराशने के प्रयास किए जाने चाहिए। अभी प्रदेश में तीरंदाजी की तीन अकादमी हैं। जशपुर जिले में भी आर्चरी अकादमी का विस्तार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी को दो करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। खेलों के विकास के लिए जो भी आवश्यक होगा किया जाएगा। हमारे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी आर्चरी के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रौशन करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष भारत मटियारा, रामलखन पैकरा, दीपेश अरोरा सहित अनेक पदाधिकारी, ऑब्जर्वर अकरम खान, सुमंता चंद्र मोहंती, प्रवेश जोशी सदस्य गण, तीरंदाजी में पदक विजेता खिलाड़ी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और कानपुर आईआईटी में समझौता




**नयी दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और कानपुर आईआईटी ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिसका उद्देश्य डेटा प्लेटफ़ॉर्म के साथ स्वास्थ्य अनुसंधान में बदलाव लाना है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और कानपुर आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। समझौता ज्ञापन पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एल.एस. चांगसन और और कानपुर आईआईटी के निदेशक प्रो मनिंद्र अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के अनुसार आईआईटी लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म, एक गुणवत्ता-संरक्षण डेटाबेस, एआई मॉडल की तुलना और सत्यापन के लिए एक ओपन बेंचमार्किंग प्लेटफ़ॉर्म और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत अनुसंधान के लिए एक सहमति प्रबंधन प्रणाली विकसित करेगी। इस अवसर पर चंद्रा ने कहा कि स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए डेटा का उपयोग इस साझेदारी का लक्ष्य है।स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एआई मॉडल से संबंधित सबसे बड़ा मुद्दा रोग निदान डेटा की उपलब्धता और प्रभावकारिता है।

## सेमीकंडक्टर उद्योग डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत बनाएगा : वैष्णव

पायनियर संवाददाता ➤ ग्रेटर नोएडा
www.dailypioneer.com



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास डिजिटल इंडिया मिशन को और मजबूत करेगा। वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में इंडिया एक्सपो मार्ट में सेमीकॉन इंडिया 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में सभी हितधारकों की उत्साही भागीदारी हमारे पीएम के विजन की सफलता, उनके क्रियान्वयन की क्षमता और जिस व्यवस्थित तरीके से उन्होंने इस नीति को संचालित किया है, उसका एक मजबूत संकेतक है। प्रधानमंत्री मोदी का विजन प्रौद्योगिकी तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण करना है। अब तक की गई सभी पहलों, चाहे वह डिजिटल इंडिया मिशन हो, दूरसंचार मिशन हो, सबने तकनीक को आम नागरिकों के हाथों में पहुंचाया है। हमारे देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास इस विजन को और गहरा करेगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है। हमारे देश के इतिहास में पहली बार सेमीकंडक्टर उद्योग के पूरे इकोसिस्टम से प्रतिभागी मौजूद हैं। एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास के लिए महत्वपूर्ण सभी हितधारक आज एक छत के नीचे मौजूद हैं। वैष्णव ने कहा मैं आप सभी का बहुत-बहुत स्वागत करता हूँ। सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में सभी हितधारकों की उत्साही भागीदारी हमारे प्रधानमंत्री के विजन, क्रियान्वयन की उनकी क्षमता और जिस व्यवस्थित तरीके से उन्होंने इस नीति को संचालित किया है, उसकी सफलता का एक मजबूत संकेतक है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर वन शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## मुख्यमंत्री ने वन शहीदों की स्मृति में वन शहीद स्मारक का किया अनावरण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन पहुंचकर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वन शहीदों की स्मृति में वन शहीद स्मारक का अनावरण किया। मुख्यमंत्री साय सहित उपस्थित सभी ने दो मिनट मौन धारण कर वन शहीदों की शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज भावनाओं से भरा दिन है। हम उन वीर शहीदों का स्मरण कर रहे है जिन्होंने जंगलों, प्राकृतिक संसाधनों और वन्य जीवों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि वन शहीदों की शहादत हमें पर्यावरण संरक्षण की महत्ता और इसे संरक्षित करने हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री, वन मंत्री और राजस्व मंत्री ने अपने पिता की स्मृति में पौधा रोपा। गौरतलब है कि वन शहीदों की स्मृति में आज राजधानी रायपुर के राजीव स्मृति वन में 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, अखिल भारतीय वन अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा, चेयरमैन दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारी और बड़ी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।



# सीएम साय ने जूदेव की पुण्यतिथि में किया वादा निभाया पत्थलगांव को बनाया नगर पालिका, अधिसूचना हुई प्रकाशित

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका गठित करने की अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित हुई है। इसी के साथ पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विदित हो की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम किलकिला में



आयोजित पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथि 14 अगस्त के दिन पत्थलगांव को नगर पंचायत से नगरपालिका बनाने की घोषणा की थी। जारी अधिसूचना के तहत 21 दिनों तक दावा-आपत्ति मांगी गई है। इस अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत पत्थलगांव की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी। अधिसूचना जारी होने की सूचना मिलते ही पत्थलगांव में उत्साह का माहौल है। लोगों ने मुख्यमंत्री साय को उनकी घोषणा को अमल में लाने के लिए धन्यवाद दिया है।

# बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से मिल रही हैं ग्रामीणों को सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुर
www.dailypioneer.com

बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से लगातार लोगों की समस्याएं सुलझ रही हैं। जशपुर जिले के पांच गांवों के ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए आवेदन दिया। इस आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश कैंप कार्यालय से जारी किया गया। इन गांवों में तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है, इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। घूमरा पकरीटोली, तिलंगा के सलिहाटोला



और बरहागुडा गांव हाथी विचरण क्षेत्र होने की वजह से यहां के ग्रामीण कैंप कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए पहुंचे थे। कैंप के अधिकारियों द्वारा इस पर तत्काल पहल करते हुए संबंधित अधिकारियों के निर्देशित किया गया। इन गांवों में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत की आपूर्ति बाधित हो गई थी। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों द्वारा इन गांव में विद्युत व्यवस्था बहाल करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया गया।


## स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

जनहित में जारी

मोर Raipur SMART CITY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।


# श्री श्री राधारानी जन्म महोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना विधानसभा के ग्राम बरडीह के श्री राधा माधव मंदिर में ब्रज की लाडली श्रीश्री राधारानी का जन्मोत्सव बुधवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी विधि से धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। मंदिर समिति की ओर से विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का फुलमाला पहनाकर अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने श्री राधाकृष्ण जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते श्रीश्री राधारानी जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दिए। विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल के द्वारा विशेष रूप से 51 मृदंगों का फु्ल पुजा किया गया। कार्यक्रम में बरडीह, मेदिनीपुर, केशराटाल, अंतरला, कलेण्डा, लमकेनी, मनकी, छुईपाली सहित 16 मृदंग दलों ने हिस्सा लिया। इस तिथि पर प्रत्येक वर्ष धूमधाम से श्रीश्री राधारानी जी का जन्मोत्सव मनाते हैं। इस दिन राधा रानी का श्रृंगार, विधि विधान से पूजा-अर्चना और व्रत किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि राधा रानी की भक्ति किए बिना भगवान कृष्ण के प्रेम को नहीं पाया जा सकता। कृष्ण खुद भी उनके बिना नहीं रह सकते। क्योंकि वह उनकी धड़कन और आत्मा कही जाती हैं। प्रेम की मूर्ति राधा रानी को बहुत दयालु बताया गया है। ऐसा कहते हैं कि वह केवल नाम लेने से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाती हैं और उनकी मनोकामना पूरी कर देती हैं। इस अवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति अध्यक्ष गौतम गडतिया, उपाध्यक्ष संतोष साहू, प्रबंधक चतुर्भुज भोई, कोलता समाज अध्यक्ष गिरधारी साहू, लखन मुनी साहेब, जयंती अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, निज सचिव नरेन्द्र बोरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, कोलता समाज सभापति संजय भोई, संगम सेवा समिति संस्थापक प्रखर अग्रवाल, रोहित प्रधान, निरंजन बीसी, राजाराम पटेल, सोनू छाबड़ा सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला कबीरधाम के ग्राम रानी सागर के पास एक दुःखद सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो बाइक सवार आपस में टकरा गए और सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने काफिले के साथ वहां से गुजर रहे थे, घायलों को देखते ही उपमुख्यमंत्री ने अपने काफिले को तुरंत रुकवाया और मानवीयता का परिचय देते हुए घायलों को अपने काफिले की गाड़ी में बैठाकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाने का निर्देश दिया और अस्पताल में बेहतर इलाज के



निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्वयं घटना स्थल पर रुककर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से घायलों के इलाज की हर संभव मदद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की है। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सचिव स्तर के सभी अधिकारियों को और बेहतर कार्य करने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, विशेष सचिव चंदन कुमार, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, एमडी एनएचएम जगदीश सोनकर, चिकित्सा शिक्षा संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी, संचालक आयुष इफ्फत आरा एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हरित हाइड्रोजन पर आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'ग्रीन हाइड्रोजन इंडिया 2024' में छत्तीसगढ़ राज्य की भागीदारी




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 11 से 13 सितंबर 2024 को आयोजित द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में, हरदीप पुरी, मंत्री, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, प्रोफेसर अजय सूद, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, डायरेक्टर जर्नल डीएसआईआर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, उक्त अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात के लिये एक वैश्विक केन्द्र के रूप में विकसित करना है। इस महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सुमित सरकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा बायोमास आधारित ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन पर अपना अभिमत एवं इस दिशा में किये जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रस्तुतीकरण देते हुये अपरम्परागत् ऊर्जा के क्षेत्र में जैव ईंधन के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन के प्रोत्साहन की दिशा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया।

# पीएम जनमन योजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों के सतत मॉनिटरिंग के लिए प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का किया गया वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में नवाचारी पहल अंतर्गत पीएम जनमन योजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों के सतत मॉनिटरिंग हेतु आदिवासी विकास विभाग द्वारा कमार परिवारों को प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का वितरण किया गया। उक्त प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का वितरण कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार एवं अवराई में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत 46 परिवारों को किया गया है। प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड के जरिए सीधे प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सौभाग्य योजना (प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना), शिक्षा के लिए हॉस्टल आवासीय शिक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, वनधन विकास केंद्र, दूर दराज गांव तक मोबाइल नेटवर्क सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय सिकलसेल नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान,टीबी उन्मूलन राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मिड डे मिल (मध्यान भोजन) प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील), पीएम जनधन योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना, नोनी समृद्धि योजना,आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसे योजना अन्य से लाभांवित होने के संबध में सीधे जानकारी प्राप्त होगी। कार्ड मिलने पर कमार परिवारों के सदस्यों ने बड़े ही प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।




# भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है : विक्रम मंडावी

## भाजपा सरकार में सीमेंट, स्टील और रेत के दाम नियंत्रण से बाहर : विक्रम मांडवी

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता का आयोजित किया प्रेस वार्ता को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने संबोधित करते हुए कहा कि 'भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है।' उन्होंने कहा कि 'विष्णुभोग' पर प्रति बोरा 50 रुपया वसूला जा रहा है और सीमेंट पर अतिरिक्त दाम अचानक 260 रुपये से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चोथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए भाजपा सरकार मजबूर कर रही है। विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है, पहले केंद्र की मोदी सरकार 28 प्रतिशत की भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब भाजपा की साय सरकार के सरंक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा कि हर सर पर छत का वादा करके सरकार में आयी भारतीय जनता पार्टी के शासन में भवन निर्माण की सामग्रीयों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। रेत के दाम पिछले 9 महीने में चार गुना बढ़ गए, स्टील की कीमते दुगना हो गई है और अब सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रति बोरा की वृद्धि से गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के अपने घर के सपनों पर चोट कर रही है। भाजपा की साय सरकार में पीएम आवास योजना पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में सीमेंट एक अहम घटक है, सीमेंट के दाम में वृद्धि से न केवल निजी बल्कि सरकारी प्रोजेक्ट में भी निर्माण लागत बढ़ जाएगी, पुल पुलिया, बांध, सीसी रोड, भवन निर्माण कार्य प्रभावित होंगे, रियल एस्टेट सेक्टर में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ना निश्चित है।

रोजगार पैदा करने में कृषि के बाद रियलस्टेट दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है, सीमेंट की कीमत में अचानक वृद्धि से रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी, लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित सरंक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है, जनता को लुटने का कोई अवसर डबल इंजिन की सरकार नहीं छोड़ रही है। क्रूड ऑयल इंटरनेशनल मार्केट में आज 2014 की तुलना में लगभग आधा है, फिर भी डीजल और पेट्रोल के दाम दुगुना वसूला जा रहा है, भूखंडों के रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश की भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है, बिजली का बिल दुगुना आने लगा है और अब सीमेंट की कीमते बढ़ाकर चारों तरफ से महंगाई की मार जनता पर पड़ रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि सीमेंट पर 50 रूपए प्रति बोरी की भारी भरकम मूल्य वृद्धि वापस ले, और सीमेंट को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कमोडिटी की तय सूची में शामिल किया जाये। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतीय उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतीय, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, जनपद अध्यक्ष बोधी ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, पार्षद-कलाम खान, सुनील उद्दे, अरुण वासम, सुरेश सोढ़ी, बलराम कोरसा, हीरालाल मण्डावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस किरंदुल ने एडीआरएम ईस्ट कॉस्ट रेलवे को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विगत कई दिनों से किरंदुल में हो रही भारी बारिश के चलते रेलवे कॉलोनी भी पूरी तरह जलमग्न हो गई है। जिससे स्थानीय रहवासियों में काफी रोष था। बता दें नालियो की सफाई ना होने के कारण पानी सड़को से होता हुआ लोगो के घरों में घुस रहा है इसलिए ब्लॉक कांग्रेस किरंदुल ने बबलू सिद्दीकी और राजू रेड्डी के नेतृत्व में एडीआरएम को स्टेशन में ज्ञापन दिया। और अविलंब सभी माँगो को पूर्ण करने को कहा। सफाई के अलावा एक्सप्रेस ट्रेन जो पहले किरंदुल से विशाखापटनम को चलती थी उसे दंतेवाड़ा से चलाया जा रहा है, जिससे किरंदुल बचेली से जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ख़ासकर मरीजों को जो इलाज हेतु विशाखापतनम जाते है वो नहीं जा पा रहे है, स्कूली बच्चों को पहले एनएमडीसी द्वारा बस की सुविधा दी जाती थी जिसे बिना किसी कारण के बंद कर दिया गया हैं। जिससे भारी बरसात में बच्चो को स्कूल जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इसकी मांग भी लोगों द्वारा की गई। जिसे लेकर मौके में उपस्थित जीएम प्रोडक्शन एनएमडीसी राजा कुमार को एडीआरएम ने तुरंत बस सुविधा शुरू करने आग्रह किया। मौके पर पार्षद दिनेश प्रसाद, राजू कुंजाम, कमलेश वर्मा, महिला कांग्रेस व कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

# चक्रधर समारोह में 12 वर्षीय सौम्या देंगी अपनी कत्थक प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



चक्रधर समारोह महाराजा चक्रधर सिंह के सांगीतिक व्यक्तित्व का स्पंदित रूपांकन हैं। गायन वादन और नृत्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ कलाकारों सहित नयी पीढ़ी के प्रतिभाशाली कला साधक इस भव्य समारोह में अपनी प्रस्तुति एवं कला का प्रदर्शन करते हैं। इस समारोह के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष रायगढ़ जिले में विभिन्न कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में कक्षा 8वीं की युवा कत्थक नृत्यांगना सौम्या नामदेव अपने गुरु प्रीती रूद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में कला का प्रदर्शन करेंगी। जहां इस समारोह में देश के सभी प्रांतों से विख्यात कलाकार इस मंच में अपनी प्रस्तुतिया दे रहे हैं वही सौम्या को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित 39वें चक्रधर समारोह 2024 में 11 सितम्बर को नृत्य प्रदर्शन करने का अवसर दिया गया हैं। सौम्या जिंदल स्टील एंड पॉवर के पर्यावरण प्रबंधन विभाग में कार्यरत अतीत नामदेव की पुत्री हैं और जिंदल स्कूल रायगढ़ की छात्रा भी हैं। सौम्या ने अपनी इस कला को माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय रायगढ़ से अटूट अभ्यास कर निखारा है। चक्रधर समारोह इस वर्ष 7 सितंबर से 16 सितंबर तक रायगढ़ में आयोजित हो रहा है। पद्मश्री रामलाल, पद्मश्री हेमा मालिनी, पद्मश्री रंजना गौहर, पद्मश्री देवयानी, पद्मश्री भारती बंधु, पद्मश्री अनुज शर्मा, पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दूबे, कुमार विश्चास, मीनाक्षी शेषाद्रि, बांसुरी वादक राकेश चौरासिया, जितु शंकर इत्यादि जैसे लगभग 24 कलाकार इस वर्ष चक्रधर समारोह में अपनी प्रस्तुति देंगे।

# सीमेंट में पचास रुपए प्रति बोरा दाम बढ़ाना भाजपा सरकार की कमीशनखोरी का प्रमाण : हेमंत

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है सीमेंट का मूल्य अचानक 260 से 50 रुपया बढ़ा कर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है । जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत कुमार ध्रुव ने जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमें ट खरीदने के लिए मजबूर कर रही है । छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है पहले केंद्र की मो दी सरकार 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब साय सरकार के सरंक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। हर सर पर छत का वादा करके सरकार में आयी भारतीय जनता पार्टी के शासन में भवन निर्माण की सामग्रीयों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है, रेत के दाम पिछले 9 महीने में चार गुना बढ़ गए, स्टील की कीमतें दुगना हो गई है और अब सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रति बारी की वृद्धि से गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के अपने घर के सपनों पर करनी चोट है । पीएम आवास योजना पर भी विपरीत असर पड़ेगा। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में सीमेंट एक अहम घटक है सीमेंट के दाम में वृद्धि से न केवल निजी बल्कि सरकारी प्रोजेक्ट में भी निर्माण लागत बढ़ जाएगी, पुल पुलिया, बांध, सीसीरोड, भवन निर्माण कार्य प्रभावित होंगे रियल एस्टेट सेक्टर मे भी नकारात्मक प्रभाव निश्चित है। रोजगार पैदा करने में कृषि के बाद रियलस्टेट दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है, सीमेंट की कीमत में अचानक वृद्धि से रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी, लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे।

पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित था अब भाजपा सरकार के अनुचित सरंक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है जनता को लुटने का कोई अवसर डबल इंजिन की सरकार नहीं छोड़ रही है। क्रूड ऑयल इंटरनेशनल मार्केट में आज 2014 की तुलना में लगभग आधा है, फिर भी डीजल और पेट्रोल के दाम दुगुना वसूला जा रहा है, भूखडों के रजिस्ट्री मे 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश की भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है बिजली का बिल दुगुना आने लगा है और अब सीमेट की कीमते बढ़ाकर चारो तरफ से महंगाई की मार जनता पर पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि सीमेंट पर 50 रूपए प्रति बोरी की भारी भरकम मूल्य वृद्धि वापस ले, और सीमेंट को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कमोडिटी की तय सूची में शामिल करें। इस दौरान मुख्य रूप से हेमंत ध्रुव, सुनील गोस्वामी,मकबूल खान,मनोज जैन, याशीन कराणी, नरेश बिछिया, मतीन खान, इशहाक अहमद खान,अजय रेणु, राजू दुबे, खोमेंद्र उइके सुरेश नाग, विनय सिंह ठाकुर, शेष गजबिये, शिवांकित श्रीवास्तव, रोशन आरा, यास्मीन खान, मृदुला भास्कर, चमन साहू, दिलीप नाग, लोमेन्द्र यादव, शदाब खान, तारस सिन्हा, तौहीद खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनसेवक के सहयोग से एक लावारिस शव के परिजन मिले

पायनियर संवाददाता ∢ बचेली
www.dailypioneer.com



लौह नगरी बचेली में 7 सितंबर को वार्ड 13 के मार्केट में एक युवती बीमार पड़े होने की सूचना मिलने पर उसे अपोलो हॉस्पिटल बचेली पहुंचाया गया और जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और चूंकि उसे कोई जानता नही था इसलिए उसे पुलिस ने अज्ञात शव के नाम दर्ज कर उसे मर्चरी में रखवा दिए पर बचेली थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव ने बेहद सजगता और तत्परता से कार्य और उनका विश्वास था कि परिजन मिल जायेगे और उसके बाद वार्ड पार्षद वार्ड पार्षद फिरोज नवाब ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और 09 सितंबर को परिजन मिल गए परिजन जांगला थाना के पास बालदेला गांव के रहने वाले थे उक्त युवती बचेली में पिछले 2 से 3 साल से लगातार देखी जा रही थी और घर से भाग कर बचेली में रहकर इधर उधर मांग के जीवन गुजारा कर रही थी उसका नाम संगीता था 5 भाई बहन में सबसे बड़ी थी और शरीर से थोड़ा विकलांग भी थी। पुलिस थाना परिसर में जनसेवक फिरोज नवाब द्वारा परिजनों से चर्चा करने पे पता चला की उसे घर वाले पहले भी बचेली से पकड़ के वापस अपने घर लेकर गए थे पर अपने से फिर घर छोड़ कर बचेली पहुंच जाती थी चूंकि परिवार खेती किसानी और मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता है इसलिए बार बार वो लेने नहीं आ पाते थे और इस तरह उन्हें मृत्यु का सूचना मिला और परिजन इन्हे लेने आए इसका पता भी इन्हे सोशल मीडिया में आए फोटो के आधार पे गांव के सरपंच ने खबर दिया इसलिए हम लोग यहां तक पहुंच पाए। चूंकि मृत्यु हॉस्पिटल पहुंचने से पहले हो गया था इसलिए इसका पोस्ट मार्टम करना जरूरी था इसके लिए पालिका उपाध्यक्ष उस्मान खान ने सहयोग किया और पोस्ट मार्टम की प्रक्रिया पूरा हुआ और उनके लिए गाड़ी की व्यवस्था नगर पालिका बचेली के सीएमओ कृष्णराव के आदेश से जनसेवक फिरोज नवाब और उस्मान खान द्वारा किया गया और उसे परिजन द्वारा उक्त शव को उनके आवास जांगला थाना के बालदेला गांव लेकर गए इसमें विशेष सहयोग पुलिस विभाग से प्रह्लाद निर्मल और उषा शौर्य का भी रहा।

# मां वैष्णव देवी गुफा दुलारी नगर का उद्घाटन किया सुशील सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





दुलारी नगर में उत्कल युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा मां वैष्णो देवी गुफा का उद्घाटन सुशील सन्नी अग्रवाल के द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया इसमें भगवान गणेश की दिव्य प्रतिमा स्थापित की गई है गुफा में प्रवेश करते ही भक्तों को बूढ़ी माता की प्रतिमा के दर्शन होते हैं गुफा का माहौल इस तरह से जंगल की थीम पर है जहां वन्य जीव की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है गुफा के अंदर एक छोटा सा झरना भी बनाया गया है जिसे पार करने पर भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन कर सकते हैं इस गुफा में चित्रकूट पर्वत की गोद में बसे पवित्र गुफा की अद्भुत सजावट की गई है इसमें तीन प्राकृतिक चट्टानी संरचनाओं जिन्हें पिंडी के नाम से जाना जाता है भी शामिल है इसके अलावा भैरव गुफा में मां बमलेश्वरी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है गुफा के आगे एक भूत बंगला बनाया गया है जहां डेथ बॉडी का पुतला बनाया गया है जो हमे संदेश देते है की प्रत्येक जीव का अंत एक दिन निश्चित है इस लिए अपने जीवन में अहंकार और घमंड नहीं करना चाहिए तथा स्त्री 2 के थीम पर हॉरर पुतला बनाया गया है इसके साथ ही गुफा में कोरोना काल में डॉक्टर के योगदान को दर्शाने वाला विशेष दृश्य भी प्रस्तुत किया गया है जो इस कठिन समय में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करता है इसके आगे जाने पर गणेश जी का विशाल मूर्ति है जिसका दर्शन के पश्चात गुफा से बाहर जाने का रास्ता है, इस मौके पर समिति संयोजक मुकेश मोंगराज, अध्यक्ष प्रकाश दीप, समिति के कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट

# क्या, 'विष्णुभोग' के लिए वसूला जा रहा है, 50 रुपया प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में सीमेंट के दामों में 50 रुपए वृद्धि के खिलाफ बालोद जिला कांग्रेस ने प्रदेश और केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते कहा कि भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है। 'विष्णुभोग' के लिए वसूला जा रहा है, 50 रुपया प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम। अचानक 260 से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। जिला कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने आयोजित प्रेस वार्ता क सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमेंट के बढ़े दामों से सरकारी प्रोजेक्ट में भी भारी प्रभाव पड़ेगा। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए मजबूर कर रही है भाजपा सरकार। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है। पहले केंद्र की मोदी सरकार ने 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब साय सरकार के सरंक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नुरेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा दुबे, यज्ञदेव पटेल, चंद्रेश हिरवानी, पुरुषोत्तम पटेल, कमलेश श्रीवास्तव, अंचल साहू सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

**बेतहासा वृद्धि के बाद गरीब लोग पीएम आवास कैसे बना पाएंगे..?**

वही संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि सीमेंट के दामों में वृद्धि का विरोध खुद भाजपा सरकार के पूर्व मंत्री और सांसद बृजमोहन अग्रवाल कर चुके है। ऐसे समझ नही आ रहा की यहां की सरकार को कौन चला रहे है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाग नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित सरंक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है, जनता को लुटने का कोई अवसर डबल इंजिन की सरकार नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा को क्रूड ऑयल इंटरनेशनल मार्केट में आज 2014 की तुलना में लगभग आधा है, फिर भी डीजल और पेट्रोल के दाम दुगुना वसूला जा रहा है, भूखंडों के रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश की भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है, बिजली का बिल दुगुना आने लगा है और अब सीमेंट की कीमते बढ़ाकर चारों तरफ से महंगाई की मार जनता पर पड़ रही है। वही पूरे मामले को लेकर कांग्रेस जहां भाजपा पर हमलावर है, तो वही सीमेंट के दामों में वृद्धि का असर पीएम आवास योजना पर भी पड़ने की बात कांग्रेस ने कही। कांग्रेस ने पूछा जब पीएम आवास का स्टीमेट पुराने दामों पर बना है तो सीमेंट के दामों में बेतहासा वृद्धि के बाद गरीब लोग पीएम आवास कैसे बना पाएंगे..? वही कांग्रेस ने इस पत्रकारवार्ता के माध्यम से बढ़ते महंगाई और आवश्यक चीजों के दामों में हुई वृद्धि को कम करने की मांग करते हुए कहा की यदि सरकार उनकी मांगों को अनदेखी करेगी तो कांग्रेस आने वाले दिनों में इसके लिए सड़क की लड़ाई लड़ेगी और धरना प्रदर्शन करेगी।

# मुफ्त बिजली योजना के तहत घटक 'मॉडल गांव' के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत् घटक मॉडल सोलर विलेज के क्रियान्वयन हेतु प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जिला स्तरीय समिति की बैठक में कलेक्टर विजय दयाराम के. की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया। कैंडीडेट विलेज का चयन, (कैंडीडेट विलेज के चयन में सांसद, विधायक आदर्श ग्राम, अन्य आदर्श ग्राम, ग्राम पंचायत मुख्यालय को प्राथमिकता दी जा सकती है). कैंडीडेट विलेज के मध्य कॉम्पिटिशन तथा मॉडल विलेज का चयन प्रक्रिया पर चर्चा किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, जनप्रतिनिधि, क्रेडा और विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना

भारत सरकार ने सौर रूफटॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए 29 फरवरी, 2024 को पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का परिव्यय 75,021 करोड़ रुपये है और इसे वित्त वर्ष 2026-27 तक लागू किया जाना है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2 किलोवाट क्षमता तक की प्रणालियों के लिए सौर इकाई लागत का 60 प्रतिशतः और 2 से 3 किलोवाट क्षमता के बीच की प्रणालियों के लिए अतिरिक्त प्रणाली लागत का 40 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है। सब्सिडी की सीमा 3 किलोवाट क्षमता तक सीमित रखी गई है। वर्तमान बेंचमार्क मूल्यों पर, इसका अर्थ होगा 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी है।

इच्छुक उपभोक्ता को पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। यह राज्य और बिजली वितरण कंपनी का चयन करके किया जाना है। राष्ट्रीय पोर्टल उपयुक्त सिस्टम आकार, लाभ कैलकुलेटर, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करके परिवारों की सहायता करेगा। उपभोक्ता विक्रेता और रूफटॉप सोलर यूनिट का ब्रांड चुन सकते हैं जिसे वे स्थापित करना चाहते हैं।

# जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ.मधुप के खिलाफ अनेक गंभीर शिकायतें

## उच्चाधिकारियों ने भी अब तक नहीं की कोई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

छग शासन स्वास्थ्य अमला द्वारा आम मरीजों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये अनेकों प्रयास कर रहा है। लेकिन इस विभाग के अधीन कुछ ऐसे चिकित्सक हैं जो शासन के इस प्रयास को विफल करने के लिये शासकीय अस्पतालों में बैठकर बनने वाली पर्ची में निजी मेडिकल की ओर दवाई खरीदने हेतु भेज रहे हैं जिससे शासन के उक्त प्रयास विफल होने के कगार पर है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण जिला शासकीय अस्पताल से दिया जा सकता है जहां पदस्थ डॉ.एस के मधुप से दिया जा सकता है जो इस कार्य में लीन है। यही नहीं इस चिकित्सक की पदस्थापना के बाद से अनेक गंभीर आरोप लगते आ रहे हैं। लेकिन राजधानी में बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण इनके हौसले इतने बुलंद हैं कि वे सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक से भी शालीनता पूर्वक व्यवहार नहीं कर रहे हैं। इस चिकित्सक के खिलाफ अब शहर के जागरूक नागरिक इसकी शिकायत प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से भी किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। बताया जाता है कि 26 अक्टूबर 2020 को एनएचएम के पद पर यहां उन्होंने ड्यूटी ज्वॉइन की। उसके बाद से इनके द्वारा यहां आने वाले मरीजों को जिला अस्पताल की पर्ची में दवाई लिखकर उसे निजी अस्पताल में दवाई लेने के लिये भेजा जाता है जबकि छग शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल में अनेक दवाईयां उपलब्ध रहती हैं। यही नहीं इनके द्वारा मरीजों को ईलाज के उपरांत बाहर बाजार के एक ही मेडिकल से सेटिंग के चलते महंगी



दवाईयां क्रय करने के लिये शासकीय ओपीडी पर्ची लिखे जाने को लेकर कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक धमतरी द्वारा 28.8.2021 को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया गया था कि मरीजों को यथासंभव निःशुल्क सेवाएं प्रदान कर अस्पताल में उपलब्ध दवाईयां लिखी जायें। लेकिन आज पर्यंत सिविल सर्जन के आदेश को धता बताकर यहां आने वाले मरीजों को शासकीय पर्ची में लिखी जाने वाली दवाई बाहर के एक मेडिकल से लेने के लिये बाध्य किया जाता है जिससे मरीजों में खासी नाराजगी है। बाजार से दवाई खरीदी किये जाने को लेकर सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने अपने पत्र में कहा कि यदि आप बाहर के मेडिकल से दवाई के लिये मरीज को बाध्य करते हैं तो आपके विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु उच्चाधिकारियों को लिखा जायेगा। लेकिन आज तीन वर्ष गुजरने को है, इस हिटलरशाह चिकित्सक को अपने अधिकारी के पत्र का पालन करने का होश ही नहीं है। जिला अस्पताल में पदस्थ इस चिकित्सक के बारे में यह भी पता चला है कि ये अक्सर अपने चेंबर में नहीं रहते जिसे लेकर कलेक्टर धमतरी के नाम गोकुलपुर निवासी फूलबासन बाई साहू पति ताल्हुकराम साहू ने अपनी शिकायत में यह बात का उल्लेख करते हुए बताया कि 9.12.21 को जब वह सुबह अस्पताल पहुंची तो उस समय डॉ मधुप अपने चेंबर में उपलब्ध नहीं थे। वार्डब्वॉय ने उन्हें फोन लगाया लेकिन डॉक्टर साहब ने फोन नहीं उठाया। उसके पश्चात मेरी पुत्री ने डॉक्टर साहब का नंबर लेकर पुनः फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि मैं मॉर्निंग वॉक पर हूं, थोड़ी देर में आ रहा हूं और वे आधे घंटे तक अपने चेंबर में नहीं पहुंचे। इसी बीच मेरी तबीयत ज्यादा खराब हो गई और मैं बेहोश हो गई। फिर जब होश आया तो डॉ मधुप को पाया जिन्होंने मुझे देखा और दवाई दी। कुछ दवाई एक निजी मेडिकल स्टोर से लेने को कहा। इस प्रकार उक्त डॉक्टर की लापरवाही को उसने कलेक्टर धमतरी को लिखकर दिया था जिन्होंने उक्त शिकायत को सीएमएचओ धमतरी को जांच हेतु प्रेषित किया। इसी तरह चंदन साहू पिता रघुवीर साहू ग्राम अछोटा का दुर्घटना केस के तहत जिला अस्पताल में माईनर ओटी में ईलाज हेतु लाया गया जिसे यहां ईलाज नहीं हो सकता कहकर उन्होंने निजी अस्पताल में जाने की सलाह दी। रामबगस सोनवानी पिता रामदयाल सोनवानी निवासी कोडापार 23.12.2022 को शाम 4 बजे जिला अस्पताल में उपचार हेतु कुरूद से धमतरी लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। चूंकि उक्त व्यक्ति प्रकरण एमएलसी से संबंधित होने के कारण मृत्यु उपरांत शव का पोस्टमार्टम किया जाना अनिवार्य था किंतु डॉ मधुप ने शव का बिना पुलिस को सूचित कराये उनके परिजनों को दे दिया गया। यह बात स्वयं वहां पदस्थ चिकित्सक द्वारा कही गई है। शासन के निर्देशानुसार यहां पदस्थ चिकित्सकों में डॉ मधुप के अमर्यादित व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है जिसे लेकर सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं कलेक्टर धमतरी द्वारा सीएमएचओ को शिकायत की जांच हेतु पत्र भेजे जाने के बाद भी इन पर कार्यवाही नहीं होना अनेक संदेहों को जन्म दे रहा है। हद तो यह है कि यह चिकित्सक अपनी पदस्थापना के बाद से लगातार अपने अमर्यादित व्यवहार के कारण मरीजों और विभाग में चर्चित हो चुके हैं। इनके बारे में यह भी पता चला है कि जब भी ये अवकाश पर जाते हैं तो अपने अवकाश आवेदन को सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा कलेक्टर के नाम आवेदन लिखकर बिना स्वीकृत हुए चले जाते हैं जबकि नियम यह कहता है कि कोई भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी अवकाश पर जाता है तो उसके आवेदन पर विचार कर उसका अवकाश स्वीकृत किया जाता है और स्वीकृति पश्चात वह छुट्टी पर रवाना होता है। लेकिन यह एक ऐसे अधिकारी है जो अपना आवेदन बिना स्वीकृत हुए अवकाश पर चले जाते हैं और वहां से आकर उपस्थिति रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर कर शासन से धोखाधड़ी करते हैं। इस मामले को लेकर अस्पताल अधीक्षक ने उन्हें नोटिस भी जारी किया जिसमें उन्होंने आपातकालीन ड्यूटी से नदारद रहने वाले उक्त चिकित्सक को कड़ा पत्र लिखते हुए कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के अथवा अपने उच्चाधिकारी को बिना अवगत कराये रात्रिकालीन ड्यूटी में अनुपस्थित थे जिसके कारण अस्पताल में आये मरीज, ईलाज हेतु भटकते रहे। 27 जनवरी 2024 को भी बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये किंतु आप ने उक्त दिवस को अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जो कि एक गंभीर एवं घोर लापरवाही है। इतनी शिकायतें होने के बाद भी उक्त चिकित्सक पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य अमला ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जिसके कारण मरीज आज भी इनके अमर्यादित व्यवहार एवं कार्यशैली से खफा हैं। इस संबंध में संबंधित चिकित्सक डॉ.एस.के.मधुप चर्मरोग एवं गुप्तरोग विशेषज्ञ से दूरभाष पर संपर्क कर उनका पक्ष लिये जाने का प्रयास किया गया परंतु उनसे संपर्क नहीं होने की वजह से उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## पीएमश्री शास. प्राथमिक शाला चनाट स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया




**भंवरपुर।** पीएमश्री शास. प्राथमिक शाला चनाट स्वच्छता पखवाड़ा दिवस अंतर्गत स्थानीय मितानिन पद्मिनी पटेल (स्वास्थ्य विभाग) को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बच्चों को कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए बैठने के साथ साथ व्यक्तिगत स्वच्छता जानकारी जैसे कि बच्चों को नाखून काटने के सही तरीके, नाखून सफाई, साफपानी से रोज नहाने, साफकपडे पहनना, खुले मे नहीं थूंकना, जूते और चप्पल पहनना, शौचालय और पेय जल व्यवस्था का स्वच्छ तरीके से उपयोग करना सीखना,बच्चों को दो बार दांतो मे ब्रस कराना और इसे आदतों मे लाना और अंत मे हाथ धुलाई के प्रमुख 06 स्टेप को प्रयोग के माध्यम से सीखा कर बताया गया।

## जिला वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक के पद में भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**गरियाबंद।** जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित गरियाबंद के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति लाटापारा, बेगरपाला, जरण्डीह, जोबा, अकलवारा, अमेठी एवं फिंगेश्वर में प्रबंधक पद की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। सूची पर दावा-आपत्ति 16 सितम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। वरियता सूची का प्रकाशन 25 सितम्बर को किया जायेगा। वरियता सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 30 सितम्बर तक ली जायेगी। अंतिम चयन सूची का प्रकाशन 04 अक्टूबर 2024 को की जायेगी।

## छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की सामाजिक बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने लवन स्तिथ ग्राम मुंडा में एक दिवसीय सामाजिक बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य समाज की कुरीतियों को समाप्त करना, सामाजिक एकता को बढ़ावा देना और शिक्षा को प्रोत्साहित करना था। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज यादव, जिला पंचायत प्रतिनिधि, जिला बलौदा बाजार, और विशिष्ट अतिथि कार्तिक राम यादव, ग्रामीण क्षेत्र के संरक्षक, ने सभा को संबोधित किया।



कार्तिक राम यादव ने नशापान से दूर रहने और समाज संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। वहीं, मनोज यादव ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया और समाज के विकास के लिए चर्चा की। लवन परीक्षेत्र अध्यक्ष भीखम लाल यादव ने समाज को नई दिशा देने के अपने संकल्प की घोषणा की और सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा, ÷मैं समाज को एक नई विकास की ओर ले जाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। बस समाज का समर्थन चाहिए। बैठक में लवन परीक्षेत्र उपाध्यक्ष देव चरण यादव, कोषाध्यक्ष महा सिंह यादव, सचिव संतोष यादव, सहसचिव चूड़ामणि यदु, सभापति महेंद्र यादव, गिरीश यादव, और प्रमुख सलाहकार लक्ष्मण यादव सहित अन्य समाज के प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे। समाज के सभी सदस्य हाथ उठाकर इस दिशा में समर्थन व्यक्त किया और एकजुट होकर समाज के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

## पीएम जनमन योजना के बेहतर क्रियान्वयन हेतु प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का किया गया वितरण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में नवाचारी पहल अंतर्गत पीएम जनमन योजना के बेहतर क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों के सतत मॉनिटरिंग हेतु आदिवासी विकास विभाग द्वारा कमार परिवारों को प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का किया गया वितरण किया गया। उक्त प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड का वितरण कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार एवं अवराई में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत 46 परिवारों को आज किया गया है। प्रोग्रेस मॉनिटरिंग कार्ड के जरिए सीधे प्रधानमंत्री आवास योजना,



जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सौभाग्य योजना (प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना), शिक्षा के लिए हॉस्टल आवासीय शिक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, वनधन विकास केंद्र,दूर दराज गांव तक मोबाइल नेटवर्क सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील), प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, राष्ट्रीय सिकलसेल नियंत्रण कार्यक्रम, टीकाकरण अभियान, टीबी उन्मूलन राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, मिड डे मिल (मध्यान भोजन) प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड-डे मील), पीएम जनधन योजना प्रधानमंत्री जनधन योजना, नोनी समृद्धि योजना,आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसे योजना अन्य से लाभांवित होने के संबध में सीधे जानकारी प्राप्त होगी। जिसकी मॉनिटरिंग सीधे कलेक्टर दीपक सोनी समय सीमा में करेंगे। कार्ड मिलने पर कमार परिवारों के सदस्यों ने बड़े हीं प्रसन्न होकर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आंगनबाड़ी के रिक्त पदों में भर्ती के लिए दावा आपत्ति 19 सितम्बर तक

**गरियाबंद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत ग्राम खरता में 01 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 01 सहायिका तथा ग्राम धवलपुर में 02 आंगनबाड़ी सहायिका कुल 01 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 03 आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाये गये थे। जिसमें से अनंतिम योग्यता सूची प्रकाशित कर दिया गया है। अनंतिम योग्यता सूची में किसी को दावा-आपत्ति करना हो वह 19 सितम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में आकर दावा-आपत्ति कर सकते हैं। इसके पश्चात् किये गये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

## बारिश से हुआ बेहाल, कक्षाओं में घुसा पानी स्कूल में अव्यवस्था का आलम

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार नगर के पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्च माध्य विद्यालय में अव्यवस्था की पोल बरसात ने खोल दिया है। बरसात का पानी हाल, प्रयोगशाला सहित अन्य कक्षाओं, स्टॉफ कक्ष, प्राचार्य कक्ष, भृत्य कक्ष एवं कार्यालय कक्ष में घुस गया है जिससे कक्षा अध्यापन कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। इन आठ सालों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण विद्यालय में अव्यवस्था का आलम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। लगातार बारिश होने से आलमारी के अंदर पानी घुसने से सभी कार्यालयीन महत्वपूर्ण दस्तावेजो की भीगने से क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती । प्रति वर्ष बरसात के दिनो में इस प्रकार की समस्या बनी रहती है लेकिन स्कूल प्रबंधन एवम शिक्षा विभाग द्वारा समस्या के निराकरण हेतु कोई सार्थक पहल नहीं किया गया है जिसका तरोताजा उदाहरण विद्यालय की अव्यवस्था देखने से पता चलता है। स्कूल भवन की दीवारों में बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई है, प्लास्टर गिरने लगे हैं, इस प्रकार लगातार बारिश होने से कभी भी दीवारे भर भराकर गिर सकती है जिससे कक्षा में अध्यापन करने वाले बच्चों पर जान माल की हानि हो सकती है। जिसके लिए जिम्मेदार कौन होंगे? इस तरह से अनेकों सवाल उत्पन्न होते हैं। अब देखना यह है कि आखिर स्कूल की अव्यवस्था में सुधार कैसे और कब होगा? कौन करेगा? स्कूली बच्चों को इसका लाभ मिल पाएगा या नहीं ये आने वाले समय बताएगा।

## अधिकारियों ने निक्ष्य मित्र बन टीबी मरीजों को लिया गोद, देंगे पोषण सहायता

### जिले में जारी है प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के प्रोत्साहन से विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारियों ने निक्ष्य मित्र बन टीबी के मरीजों को गोद लेते हुए उन्हें पोषण सहायता सामग्री प्रदान करने हेतु अपना पंजीयन निक्ष्य पोर्टल पर करवाया। कलेक्टर ने कहा कि देश सहित जिले में भी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान ज़ारी है। टीबी रोग के उन्मूलन हेतु चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ समुदाय को भी अपना सहयोग करना होगा। अभियान के तहत समाज के समक्ष लोग टीबी के मरीजों को सहयोग प्रदान करने हेतु आगे आएं जिससे मरीज बीमारी से लड़ने हेतु मानसिक रुप से मजबूत हो सकें। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत समाज का कोई भी व्यक्ति जैसे व्यापारी, जन प्रतिनिधि, कर्मचारी, एन जी ओ, उद्योग आदि मरीजों को सहयोग करने हेतु निक्ष्य मित्र बन सकते हैं। इसके अंतर्गत मरीज को आवश्यक पोषण सहायता निक्ष्य मित्र अपने निजी व्यय पर प्रदान करता है। यह एक प्रकार का सामाजिक कार्य है जिसमें समुदाय बीमारी की रोकथाम में अपनी भूमिका निभाता है। गौरतलब है कि टीबी हवा के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो उपचार न मिलने की दशा में जानलेवा हो जाता है। दो हफ्ते से अधिक की खांसी, शाम को हल्का बुखार, छाती में दर्द, वजन में कमी, बलगम का आना ,बच्चों में वजन का न बढ़ना यह कुछ ऐसे लक्षण है जो टीबी को प्रकट करते हैं। टीबी का जांच और इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। 6 महीने का डॉटस का कोर्स कर टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है । इलाज न करवाने पर यही संक्रमित व्यक्ति एक साल में 10-12 स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर देता है।

## अंतर विद्यालयीन चित्र कला एवं निबंध प्रतियोगिता में चेतना अग्रवाल प्रथम




पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारतीय जीवन बीमा कार्यालय में बीमा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर विद्यालयीन स्तर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अध्यनरत छात्र चेतना अग्रवाल कक्षा आठवीं माध्यमिक स्तर पर तथा छात्र प्रतिभा हुई कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय क्रमशः प्रथम स्थान अर्जित कर सरायपाली नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया जिन्हें प्राचार्य नरहरि पटनायक के द्वारा प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया छात्राओं के मार्गदर्शन में संगीत एवं कला शिक्षक श्याम चरण कंवर की भूमिका प्रमुख रही शाला समिति से संचालक डॉक्टर आभास अग्रवाल एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल जी ने विजयी छात्राओं को शुभकामना प्रदर्शित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा बन रहा महिलाओ के लिए वरदान



**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सबसे ज्यादा महिलाओ के लिए वरदान साबित हो रहा है क्योंकि पति के गुजरने के बाद आर्थिक स्थिति पूरी तरह डगमगा जाती हैं ऐसे में थोड़ी बहुत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सहारा बन रहा है ऐसे में देवभोग ब्लॉक के घोघर की विधवा का सहारा बना है जानकारी अनुसार बीते वर्ष घोघर मनीष राम बघेल की मृत्यु हो गई जिसके बाद घर की आर्थिक स्थिति खराब रही ऐसे में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा किए राशि आज राज्य ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक वरुण देवांगन ने बैंक सखी सविता तांती की मौजूदगी में मृतक के पत्नी मोंगरा बघेल की बीमा की राशि दिया जिसके बाद से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की जमकर सराहना किया जा रहा है।

## छात्र कृषांग के जन्मदिन पर न्यौता भोज का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय एवं शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं स्कूल स्टॉफ को व्याख्याता प्रवीण तिवारी द्वारा अपने पुत्र कृषांग (कृषु) तिवारी के प्रथम जन्मदिन को यादगार/ अविस्मरणीय बनाने शानदार न्यौता भोज कराया गया। प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि स्कूल में सामुदायिक सहभागिता भागीदारी हेतु न्यौता भोज एक विशिष्ट कार्यक्रम है इसमें योगदान देने सतत रूप से प्रेरित किया जा रहा है। न्यौता भोज का आनंद लेकर विद्यार्थी एवं शिक्षक काफी उत्साहित हुए। न्यौता भोज में भोजन के साथ स्वादिष्ट खीर का भी सभी ने लुफ्त उठाया। न्यौता भोज कार्यक्रम को सफ्ल बनाने प्राचार्य मनोज पटेल एवं प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल का सफ़ल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## राधा माधव आश्रम में मनाया राधारानी जन्मोत्सव कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता भंवरपुर/सरायापाली
www.dailypioneer.com

श्री श्री राधा माधव जी के असीम अनुकंपा से श्री श्री राधा माधव आश्रम बरडीह में सन 2000 से अनवरत (24 वर्षो) से अखंड हरीनाम संकीर्तन महायज्ञ चलता आ रहा है। इस वर्ष भी श्री श्री राधा माधव आश्रम बरडीह में राधा जन्माष्टमी आयोजन किया गया। जिसमें जिसमें कलश स्थापना (अधिवास) प्रातः 8:00 बजे , नामोचारण प्रातः 09 बजे भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 मंगलवार, राधारानी



स्नान एवं हरिद्रालेपन प्रातः 10:00 बजे, भाद्रपद शू.प. 08 बजे श्रृंगार प्रातः 10:00 बजे भाद्रपद शुक्ल पक्ष 08 बुधवार, 108 आरती प्रातः 11:00 बजे, भोग अर्पण प्रातः 11:30 बजे, ध्वजारोहण, खोलपुजा प्रातः 12:00 बजे, तत्पश्चात भक्तों का सम्मान, दधी भंजन एवं प्रसाद सेवन दोपहर 12:30 बजे संपन्न हुआ । कार्यक्रम में संकिर्तन मण्डली केसराटाल, बरडीह रोहित प्रधान, मेदिनीपुर, अंतर्ला, मेदनीपुर, लमकेनी, बरडीह सियाराम गड़तिया मेदनीपुर, कलेंडा, बरडीह कार्तिक भोई की संकीर्तन मंडलियों ने सहयोग प्रदान किया। श्री श्री राधा जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संपत अग्रवाल विधायक बसना, प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपाली, गिरधारी साहू अध्यक्ष बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज रायपुर संभाग, अरविन्द मिश्रा विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत बसना, संजय भोई पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष भाजपा मण्डल गढ़फुलझर, राजाराम पटेल प्रदेश प्रवक्ता सहायक शिक्षक फेडरेशन एवं प्रवक्ता अघरिया समाज सरायपाली, आनन्द गोयल (बीमा अभिकर्ता) भारतीय जीवन बीमा निगम सरायपाली, पवन अग्रवाल संचालक अजंता प्रेस सरायपाली, प्रदीप अग्रवाल संचालक हरिओम मेडिकल, प्रकाश सिन्हा कार्यालय प्रभारी एवं निज सचिव, स्वप्निल तिवारी, तुषार सेन अधिवक्ता सरायपाली, प्रखर शर्मा, विजय चौधरी, नरेन्द्र बोरे, सोनू छाबड़ा, शिव शंकर अग्रवाल सिरबोडिया सहित सरायपाली, बसना, साकरा, पिथोरा, भंवरपुर, के व्यापारिक गण सहित मनकी, तोषगांव, बड़ेपंधी, कसलबा, भदरपाली, गिधली, मोहका, बैगंडीह, आसपास गांव के भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष संतोष साहू श्री श्री राधा माधव आश्रम बरडीह, सचिव गौतम गड़तीया, मधुसूदन पटेल, पलटन (जयराम)पटेल, चतुर्भुज भोई मेनेजर श्री श्री राधा माधव आश्रम बरडीह, एवं समस्त ग्रामवासी बरडीह का विषेष योगदान रहा।

## दिव्यांग मुकेश को मिला मोटराइज्ड ट्राईसिकल



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांग मुकेश कुमार पटेल को मोटराईज्ड ट्राई सिकल प्रदान किया। उन्होंने मुकेश को ट्राईसिकल मिलने पर शुभकामनायें देते हुए अच्छे से पढ़ाई करने कहा। मुकेश ने ट्राईसिकल मिलने पर कलेक्टर व शासन - प्रशासन को धन्यवाद देते हुए आभार माना। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सरखोर निवासी मुकेश कुमार पटेल पिता राम कुमार पटेल लगभग 80 प्रतिशत दिव्यांग है। वह कक्षा 11 वीं में अध्ययरत है। मुकेश ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसिकल नहीं होने से स्कूल आने -जाने एवं सामान्य दिनचर्या के कार्यों में रोजाना काफी दिक्क़त होती थी लेकिन अब मोटराइज्ड ट्राईसिकल मिल जाने से आने -जाने की समस्या दूर हो जाएगी। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पति ने आयोग के समक्ष अपनी पत्नी से कान पकड़ उठक बैठक कर मांगी माफी

## जमीन की रजिस्ट्री के बाद आवेदिका ने झूठा मामला दर्ज किया, आयोग ने किया नस्तीबद्ध, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने की 23 प्रकरणों की सुनवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में बालोद जिले से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, आयोग के सदस्य सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग, सखी सेंटर के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी सहित आवेदक और अनावेदक मौजूद थे। सुनवाई में कुल 23 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। जिसमें 13 प्रकरणों में दोनो पक्षों से आवेदक व अनावेदक आए हुए थे। दो प्रकरणों में एक भी पक्ष नही आए थे। 10 प्रकरणों में सिर्फ एक पक्ष ही आए थे। जिसमें से कुछ प्रकरणों का सुनवाई पश्चात् निराकरण किया गया। अध्यक्ष डॉ. नायक ने सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में पूर्व में भी निर्देशित किया था कि अपने न्यायालयीन दस्तावेजों की प्रति आयोग में प्रस्तुत करें। लेकिन आवेदिका ने दस्तावेज प्रस्तुत किया। अनावेदक ने बताया कि उनके बीच प्रकरण पहले एसडीएम न्यायालय, सिविल न्यायालय, जिला न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। जिसके दस्तावेज अनावेदक नहीं लाये है। आवेदिका को अनावेदकगणों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विस्तृत दस्तावेज का संक्षिप्त विवरण बनाकर आयोग में प्रस्तुत करें। ताकि प्रकरण पर अंतिम निर्णय लिया जा सके।

### आवेदिका की बेटी हो गई गुम

सुनवाई के दौरान एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति का पैर टूटा था। जिसको लेकर कंवर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराये थे। बाद में उभय पक्ष के बीच समझौता बन गया था जिसके आधार पर कोर्ट से प्रकरण का समझौता हो गया है। अब आवेदिका चाहती हैं, कि भरण पोषण दे। वर्तमान में आवेदिका का पति काम करने में असमर्थ है। इलाज का खर्च अनावेदकगण दिये थे। जिसके कारण समझौता किया गया था। अनावेदक का कहना है कि वास्तव में जो आरोपी थे उनका नाम इस प्रकरण में नहीं है। ऐसी दशा में समझौता कराने वाले अनावेदक के ऊपर प्रकरण कराना औचित्य नहीं है। अतः प्रकरण नस्ती बद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनों आपस में पड़ोसी हैं तथा इनके बीच घरेलू विवाद होते है अतः पुलिस में 151 की धारा दर्ज किया है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच खेती के जमीन को लेकर विवाद है दो साल से दिवानी न्यायालय प्रकरण चल रहा है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका के बेटी गुम हो गई थी। बाद में पुलिस के द्वारा बरामद किया गया। बेटी को भगाकर लेकर गया था जिसमें अभियुक्त जेल में था तथा प्रकरण न्यायालय में चल रहा है अतः प्रकरण नस्ती बद्ध किया गया।

### दिवानी न्यायालय में विचाराधीन मामले को किया गया नस्तीबद्ध

वही सुनवाई के दौरान अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उनके पति के संपत्ति की हक आवेदिका को मिल गया है। शेष संपत्ति जो कि संयुक्त परिवार की है। वह अभी नहीं मिली है आवेदिका को समझाईश दिया गया कि परिवार में आना-जाना करे एवं अनावेदक को समझाईश दिया कि आवेदिका और बच्चों के साथ सुलह के साथ रहें। संयुक्त परिवार का एक मकान व बाड़ी है जो वर्तमान में तीन हिस्सेदार है लेकिन आवेदिका के दादा ससुर के जीवित रहते उसमे बंटवारा की मांग नहीं किया जा सकता है। इस समझाईश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक को साहूकार बताकर मामला प्रस्तुत किया था लेकिन अनावेदक ने जमीन का बेच नामा दिवानी मामले के दस्तावेज प्रस्तुत किये जिससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदिका ने अनावेदक का नाम पर मैनामा किया है उसे 8 लाख 20 हजार प्राप्त किया है। वर्तमान में प्रकरण दिवानी न्यायालय में विचाराधीन है अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

### न्यायालय में अपने अधिकार से जुड़वा सकती हैं धारा

अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसने जब प्रकरण लगाया था तब गांव से सामाजिक बहिस्कार किया था जो अब समाप्त हो गया है। थाना अर्जुन्दा ने समझौता कराया था दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जिसके आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका पक्ष के द्वारा गांव में अतिक्रमण किया जा रहा था। जिससे आवेदिका को समझाईश देकर हटा दिया गया लेकिन आपसी विवाद के कारण बनते है लेकिन सामाजिक बहिष्कार नहीं किया है। जिसे लिखकर देने के लिए अनावेदकगण तैयार है। इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनों के मध्य विवाद को लेकर न्यायलयीन धारा 125, धारा 09 एवं मारपीट का प्रकरण विचाराधीन है। ऐसी दशा में दोनों पक्षों को समझाईश दिया गया और प्रकरण का निराकरण न्यायालय से कराये और यदि कोई प्रकिया छुट गई है। यह न्यायालय में अपने अधिकार से धारा जुड़वा सकती है, इस समझाईश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में पंचायत स्तर पर सुलह नामा हो चुका है, जिसे आवेदिका ने स्वीकार किया जिसके आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

# तिल्दा–नेवरा गोदड़ी धाम मे सात दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

बाबा हरदास राम सेवा मंडल गोदड़ी वाला धाम तिल्दा-नेवरा के तत्वावधान में आयोजित एक्यूप्रेशर शिविर में बहुतासंख्या में मरीज स्वास्थ्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। विगत 07 सितंबर 2024 से 13 सितंबर तक सात दिवसीय आयोजित वाइब्रेशन, सुजोक नेचुरल चिकित्सा शिविर में बिना औषधि के घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिरदर्द, साईटिका, आंख, कान नाक गले का रोग, वेरिकोज वेन्स, लकवा, मस्सा बवासीर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन, हाथ पैरों मे झुनझुनी जैसे अनेक रोगो का इलाज बिना दवाई के एक्यूप्रेशर सुजोग एवं वाईब्रेशन थैरेपी के माध्यम से किया जा रहा है। इस संदर्भ में गोदड़ी वाला धाम के अध्यक्ष इन्द्र लेखवानी ने बताया कि यह शिविर प्रतिदिन 08.30 से 12.00 बजे तक एवं शाम। 04.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक जारी है। शिविर में एक्यूप्रेशर रिसर्च व ट्रीटमेंट संस्था जोधपुर न राजस्थान के विशेषज्ञों द्वारा सेवाये दी जा रही है। वहीं इस शिविर का सराहना करते हुए नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा कि मानव सेवा ही मानव धर्म है, जिसे चरितार्थ करते हुए बाबा हरदास सेवा मंडल ने इस शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया करा रहे हैं। वहीं इस अवसर पर उपस्थित नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने गोदड़ी वाला धाम भवन विकास को लेकर सार्थक कदम उठाने का प्रयास किया है।

# रेलवे का दावा पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को संरक्षित रखते हुये यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जाएगा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे देश की लाइफलाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बिलासपुर रेलवे स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य यात्री सुविधाओं को उन्नत करना, भीड़ प्रबंधन में सुधार लाना और स्टेशन परिसर को आधुनिक बनाने के साथ-साथ इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाना है। पुनर्विकास के तहत बेहतर प्रतीक्षालय, अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और हरित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना के तहत बिलासपुर शहर के दोनों किनारों पर उचित एकीकरण के साथ स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने तथा शहर को दोनों तरफ से जोड़ने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है। स्टेशन भवन का डिजाइन छत्तीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा जिससे यह बिलासपुर शहर या स्थाटन की खूबसूरती को प्रदर्शित करेगी। स्टेशन के पुनर्विकास के दौरान पुरानी ऐतिहासिक बिल्डिंग को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा जाएगा।

जिससे कि आधुनिक विकास के साथ-साथ हमारी धरोहर भी सुरक्षित रहे। कॉंन्कोर्स में एकसाथ लगभग 800 यात्रियों के बैठने के लिए काफी बड़ा वेटिंग एरिया का प्रावधान, 1150 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 28 हजार वर्ग मीटर पार्किंग एरिया का प्रावधान, बेहतर भीड़ प्रबंधन हेतु स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के अलग-अलग मार्ग का प्रावधान, 03 नए फुट चौड़े ओवरब्रिज का प्रावधान किया गया है जिसमें दो स्टेशन प्रवेश के लिए तथा एक स्टेशन से निकास के लिए होगा। 6051 वर्ग मीटर का कॉंन्कोर्स का प्रावधान किया गया है, जिसमें 1700 वर्ग मीटर का कमर्शियल एरिया होगा, जिसमें व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं दुकाने होगी। बुजुर्गो तथा दिव्यांग यात्रियों की विशेष सुविधा के लिए 30 लिफ्ट एवं 22 एस्केलेटर बनाए जाएंगे जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने में आसानी होगी। पार्सल सर्विस मूवमेंट को यात्री आवागमन एरिया से अलग रखा जाएगा जिससे यात्रियों को असुविधा न हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए क्लीन एनर्जी के महत्व को रेखांकित करते हुए स्टेशन की छतों पर 20500 वर्ग मीटर में 1200 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया जाएगा। जल संरक्षण के दृष्टिगत स्टेशन भवन के 16 पिट्स में 97 हजार लीटर क्षमता के रेन वाटर हार्वेस्टिंग व इमरजेंसी पावर बेक-अप के साथ फायर फाइटिंग स्थापित किए जाएंगे।

# मार्निंग वाक के दौरान कलेक्टर ने किया बीजाभाट स्थित पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण

## विभिन्न योजनाओं और श्रेणी के तहत राशन वितरण की जानकारी ली, कहा लोगों की सुविधा का ध्यान रखें

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मॉर्निंग वॉक के दौरान बेमेतरा विकासखंड के ग्राम बीजाभाट स्थित पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान में स्टॉक का अवलोकन किया तथा पंजीयों की जांच कर व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए एवं स्वयं अपने हाथों से चावल के दानों की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कहा कि लोगों को राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रखें।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं और श्रेणी के तहत राशन वितरण की जानकारी ली तथा उपस्थित लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ पर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने कहा कि लोगों की सुविधा का ध्यान रखें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि पीडीएस के बेहतर संचालन में आमजनों के सुझाव आमंत्रित हैं। उनके द्वारा राशन प्राप्त करने से जुड़ी किसी समस्या अथवा शिकायत से अवगत होने के लिए दुकान में सुझाव या शिकायत पेटी की व्यवस्था करें। जिससे हितग्राहियों की बात प्रशासन तक पहुंच सके और उनका उचित निराकरण समय पर किया जा सके। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जुआ खेलने वाले 06 आरोपियों को पकड़ने में नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर रुपए पैसे का दाव लगाकर जुआ खेलने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें आरोपी नेतराम कश्यप पिता रोहित कश्यप 32 वर्ष निवासी सीउड, कलाराम रोहिदास पिता ध्वजाराम 32 वर्ष निवासी दहिदा, तेरस राम पिता श्याम लाल 58 वर्ष निवासी दहिदा, राजू सूर्यवशी पिता बीरबल 34 वर्ष निवासी सिउड, अजय कुमार कश्यप पिता प्रकाश कश्यप 32 वर्ष निवासी नवागढ़, रामनाथ कश्यप पिता रोहित 28 वर्ष निवासी सिउड थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा को पकड़ा जिसके कब्जे से नगदी रकम 33,500/ रूपये को बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमाक 344/24 धारा 3(2) छ. ग. जुआ अधिनियम 2022 के विधिवत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक संतोष केरकेट्टा, आर संजय टंडन, कुलदीप खुटे, भुनेश्वर पटेल, बलराम यादव, मुकेश राज, माघवेंद, रामसरकर, रमेश भारद्वाज, जनक कश्यप का सराहनीय योगदान रहा।

# बाबा रामदेव की जयंती 13 को, हर्षोउल्लास से मनाने की तैयारी पूरी

**रायपुर।** लक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास द्वारा संचालित बाबा रामदेव मंदिर, फाफाडीह चौक इस वर्ष अपना 47 वां वर्ष धूमधाम से मनाने जा रहा है। इस उपलक्ष में 13 सितंबर दिन गुरुवार को सुबह 9:00 बजे मंदिर प्रांगण से रामदेवपीर बाबा की भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जिसका मार्ग देवेंद्र नगर चौक से होते हुए टिंबर मार्केट स्थित, पाटीदार भवन पहुंचेगी तथा कच्छ कड़वा पाटीदार भवन में बाबा रामदेव की स्थापना और पूजा आरती आदि होगी। उत्सव के बाद महाप्रसाद वितरण होगा। शाम से रात्रि तक रंगारंग कार्यक्रम एवं नागपुर से पधारे कलाकार पंकज उपाध्याय मण्डली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम संपन्न होगा। दोपहर को स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा बाबा के भक्तों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। 14 सितंबर को मंदिर में ग्रह सांती मंडल पूजन, दुग्ध अभिषेक एवं हवन का कार्यक्रम प्रात 9:00 बजे से 12:00 तक संपन्न होगा।



# डांस प्रतियोगिता का आयोजन, योगेश तिवारी ने युवाओं में भर दिया नया जोश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



इन दिनों छत्तीसगढ़ में गणपति बप्पा हर गांव हर शहर और घरों में धूमधाम से विराजमान किया गया है और जगह जगह गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है, पंडाल सज गए हैं और शाम होते ही मेले में लोग पहुंचने लगे हैं। ऐसा ही कुछ नजारा बेमेतरा विधानसभा के ग्राम गुधेली में भी दिख रहा है। गणेश पूजा पर नवज्योति गणेश उत्सव समिति द्वारा भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योगेश तिवारी ने नई पीढ़ी के युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति बढ़ते रुझान पर गर्व जताया और कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश के युवा अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह देखकर बेहद खुशी होती है कि आज का युवा अपनी जड़ों से जुड़ रहा है और भारतीय परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए उत्सुक है। उन्होंने बेमेतरा के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और कला-संस्कृति के क्षेत्र में ग्रामीण युवा भी बड़ी तेजी से आगे आ रहे हैं, जो देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। किसान नेता तिवारी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने प्रतियोगियों को उनकी उत्कृष्ट परफॉर्मेंस पर बधाई दी। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कायक्रम के आयोजकों के प्रति भी आभार जताया कि वे प्रदेश की संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन करके युवाओं को अपने प्रतिभा दिखाने का अवसर दे रहे हैं। उन्होंने आयोजन समिति के भी बहुत बहुत बधाईयां दी।

# प्रतिभा निखारने का मंच है डीजे डांस प्रतियोगिता : दीपेश साहू

### गुधेली मे नव ज्योति गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता मे शामिल हुए विधायक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



10 दिवसीय गणेश उत्सव जिले भर में धूमधाम से मनाई जा रही है। बेमेतरा विधायक साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुधेली, देवरी, बेरलाकला, एवं बेरला नगर सहित विभिन्न स्थान पर लगे गणेश पंडालो में पहुंचकर दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर ग्राम गुधेली के नव ज्योति गणेश उत्सव समिति द्वारा एक से बढ़कर एक भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित रहे। विधायक दीपेश साहू ने इस दौरान ग्राम गुधेली मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आमतौर पर हमेशा कार्यक्रमों की व्यस्तता के चलते समय कम मिलता है लेकिन आज सौभाग्य है कि यहां आकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना और दर्शन करने का मौका मिला। विधायक दीपेश साहू युवाओं के साथ गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाते हुए नजर आए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा की क्षेत्र मे अनगिनत ऐसे युवा - युवती है जो अपनी प्रतिभा और कला से अभिभूत है। जिनको अपनी हुनर दिखाने के लिए मंच की आवश्यता पड़ती है। यह वही मंच है जिसके द्वारा युवा डांस के क्षेत्र मे अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। साहू ने अनेक कलाकारों को मंच देने और सजाने का कार्य करने के लिए नव ज्योति कलश गणेश उत्सव समिति का सराहना किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुधेली के युवा साथी छत्तीसगढ़िया संस्कृति और परम्परा को सहेजने का काम कर रहे है। साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनायें दिया। इस दौरान विधायक ने ग्रामवासियों की मांग पर सांस्कृतिक रंग मंच और शनि मंदिर बनाने का आश्वासन दिया। इस दौरान समस्त ग्रामवासी समिति के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री सुभाष शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया



**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री सुभाष शर्मा के आकस्मिक निधन पर दुःख जताया है। डॉ. महंत ने कहा कि, सुभाष शर्मा जी से मेरे पारिवारिक संबंध रहे है, ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को श्री चरणों मे स्थान दें, परिजनों को इस आघात को सहन करने की शक्ति दें।

# विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का डी एच ओ डॉक्टर बसोड़ ने किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला के आम जन मानस जिनको स्वास्थ्य सुविधा की आवश्यकता है, उनको गुणवत्ता पूर्वक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन को ध्यान में रखते हुए बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

डीएचओ डॉ बसोड़ द्वारा जिला अस्पताल, पीएचसी कुसमी, पीएचसी चंदनू, बेमेतरा ब्लॉक में उप स्वास्थ्य केंद्र चोरभट्ठी, उप स्वास्थ्य केंद्र अमोरा का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत जिला चिकित्सालय बेमेतरा स्थित एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत आईसीटीसी, एसटीआई क्लीनिक, लिंक ए आर टी, में मिलने वाले सुविधा, दवाई, एचआईवी/ एड्स की परामर्श जांच, सिफलिस जांच के साथ उपलब्ध जांच किट, विभिन्न रजिस्टर का मेंटेनेंस का बारीकी से निरीक्षण किया गया, वही जिला चिकित्सालय में स्थित जिला क्षय केंद्र, डीएमसी, टीबी मरीजों को दवाई वितरण आदि का निरीक्षण किया गया, जिसमें सस्पेक्टेड टीबी मरीजों के जांच, टीबी मरीजों को उपचार,के साथ उन्हें मिलने वाले सुविधा उपलब्ध की निरीक्षण, सफाई और केंद्र में संबंधित स्टाफ को समय पर उपस्थित होने निर्देश दिए, डीएचओ डॉ बसोड़ ने प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनू और कुसमी का निरीक्षण किया और प्रभारी को निर्देशित किया कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, ओपीडी में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार भी तकलीफ न हो इसलिए सभी स्टाफ को निर्धारित समय में अस्पताल पहुंचने निर्देशित किया गया, वही बेमेतरा ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र अमोरा और चोरभट्ठी का भी जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, उक्त केंद्रों में साफ सफाई, निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के साथ हर बुधवार को आउट रीच हेल्थ मेला लगाने के साथ डिलीवरी केस बड़ाने हेतु स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता पूर्वक सेवा देने के लिए निर्देशित किया गया।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 20-09-2024 TIME : 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org
Contact No. 9500173386/9962979770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

**Bagbahara**: 63230000353922, 75230001703020 **Balod**: 75230001535675, 1554259 **Bhatapara**: 75230001764173 **Bhilai**: 63230000370399, 75230001515453, 1783977 **Bilaspur**: 75230001413085, 1662585 **Champa**: 75230001548851, 1555337, 1560097, 1683035 **Durg**: 63230000268292, 270887, 288773, 313238, 328540, 75230001357720 **Mahasamund** : 75230001742145 **Mungeli**: 75230001709189, 1776221 **Pithora**: 63230000354360, 75230001779875 **Raigarh**: 63230000581422, 75230001498183, 1539168, 1745100 **Raipur**: 75230000944483, 1683195 **Rajnandgaon**: 63230000370929, 75230001209030, 1221946, 1493223, 1685652.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 12-09-2024
Sd/-
Authorized Signatory

CIN-U40108CT2003SGC015820
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी मर्यादित
CSPTCL
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. (निर्माण) संभाग
बिजली नगर, भिलाई 3, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड 490021
वेबसाईट:-www.cspc.co.in, ईमेल:- EEEHTConst. Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन न.: 0788.2281954

क्र. का.यं. / अ.उ.दा./निर्माण/621 भिलाई, दिनांक 10.9.2024

// सार्वजनिक सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी द्वारा 132 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. ठेलकाडीह से एजासेन्ट टावर क्रमांक 134 पूर्व के 132 के.व्ही. पुलगांव राजनांदगांव सर्किट एवं 132 के.व्ही. ठेलकाडीह धमधा पारेषण लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 3.96 किलोमीटर है, जो कि राजनांदगांव जिले के तहसील राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम महरूमखुर्द, चंवरढाल, बासुला तथा खैरागढ -छुईखदान -गण्डई जिले के तहसील खैरागढ़ के अंतर्गत ग्राम महरूमकला से होकर गुजर रही है। उक्त पारेषण लाईन को दिनांक 11.09.2024 को या उसके बाद किसी भी दिन ऊर्जीकृत (चालू) कर दिया जायेगा।

अतः इस सूचना के माध्यम से उपरोक्त ग्रामों व आस-पास के ग्रामवासीयों, जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि उक्त लाईन एवं टावरों से आवश्यक दूरी बनाये रखते हुए किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करते हुए विद्युत दुर्घटना का बचाव करते हुए मण्डल / कंपनी को सहयोग प्रदान करें।

"विद्युत की बचत कीजिए"

कार्यपालन यंत्री
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.ग. स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई
टेलीफोन नं.:- 0788.2281954

संवाद-41401/3

## संपादकीय

### पेरिस पैरालंपिक भारत का शानदार प्रदर्शन

**पेरिस पैरालंपिक** में भारत का शानदार प्रदर्शन भारतीय पैरा एथलीटों की दृढ़ता, साहस व अदम्य भावना का प्रतीक है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने एक बार कहा था, 'सपने वे नहीं जो नींद में देखे जाते हैं, सपने वे होते हैं जो अपने पूरे होने तक आपको जगाए रखते हैं।' पेरिस पैरालंपिक में भारतीय टीम ने इसी भावना का परिचय दिया है। अडिग प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने यह दिखा दिया है कि अदम्य मानवीय इच्छाशक्ति से कोई भी सपना पूरा किया जा सकता है, भले ही वह चाहे जितना बड़ा हो। भारतीय पैरा-एथलीटों के प्रदर्शन ने एक बार फिर दिखा दिया है कि भारत के बेटे और बेटियों में दुनिया की सभी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता है। अब तक की सबसे बड़ी 84 सदस्यों वाली टीम से भारत ने अभूतपूर्व ऊंचाइयां छुई हैं और दुनिया को इस देश की खेल शक्ति पर गौर करने के लिए मजबूर किया है। यह असाधारण प्रदर्शन उनके द्वारा प्राप्त मैडलों की संख्या से आगे जाता है और खेल तथा दृढ़ता की वह भावना प्रकट करता है जो असंभव प्राप्त करने के लिए शारीरिक सीमायें तोड़ती है। पेरिस में भारत को मिले मैडल प्रतिभा और कठोर परिश्रम का परिणाम हैं। विभिन्न खेलों में मैडल प्राप्त करने से राष्ट्र गौरवान्वित हुआ है तथा भावी पीढ़ियों को प्रेरणा मिली है। इनमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी व बैडमिंटन शामिल हैं। बिना हाथों के प्रतियोगिता में भाग लेने वाली माहिर तीरंदाज शीतल देवी ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व कौशल से सारी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने महिलाओं की संयुक्त तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता है।




'ट्रैक एंड फील्ड' एथलीट हमेशा भारत का मजबूत पक्ष रहे हैं और उन्होंने रिकार्डतोड़ प्रदर्शन किया है। सुमित अंटिल ने जेवलिन थ्रो में विश्व रिकार्ड बनाया है। रीढ़ की चोट से उबरने के बाद राइफल शूटर अवनि लेखरा ने मैडल प्राप्त करने में सफलता पाई। इससे पता चलता है कि भारत परिवर्तनशील खेलों में मजबूत हो रहा है। भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के पीछे उसकी अदम्य भावना है। हर पैरालंपिक खिलाड़ी के व्यक्तिगत साहस और दृढ़ता की अलग गाथा है, लेकिन पेरिस में ये सारी गाथायें एकसाथ मिल कर सीमायें तोड़ने के सामूहिक प्रयास में बदल गईं। विपरीत स्थिति में पशिक्षण से लेकर सामाजिक पूर्वाग्रह तोड़ कर इन एथलीटों ने दुनिया को दिखा दिया है कि सच्ची शक्ति शारीरिक क्षमताओं में न होकर मानसिक दृढ़ता में होती है। ऊंची कूद में निषाद कुमार जैसे एथलीट वित्तीय सीमाओं के बावजूद लगातार स्वयं को प्रशिक्षित करते रहे। इसी प्रकार पोलियो के कारण पैदा समस्याओं से जूझते हुए टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने भारतीय टीम में अंतर्निहित संघर्ष क्षमता का परिचय दिया है। पेरिस में सफलता के पीछे बेहतरीन समर्थन और इस स्वीकार्यता की भावना है जो अंततः पैरा-एथलीटों को मिल रही है। सरकारी पहलों, कार्पोरेट स्पांसरशिप तथा खेलों में समावेशन के प्रति बढ़ती जागरूकता ने ऐसा परिवेश बनाने में केन्द्रीय भूमिका निभाई है जहां दिव्यांग खिलाड़ी भी फल फूल सकते हैं। लेकिन पेरिस में सफलता केवल मैडल जीतने के बजाय वे सीमायें तोड़ना है जो भारत में पैरा-खेल प्राप्त कर सकते हैं। मरियप्पन थंगवेलू, देवेंद्र झज्झरिया, और अन्य एथलीटों की प्रेरणादायक कहानियां यह विचार पैदा करती हैं कि दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है। भारतीय टीम के पैरालंपिक खिलाड़ियों ने पेरिस में प्रदर्शित कर दिया है कि समावेशन, विविधता और सबके लिए अवसर पैदा करने को राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

# कृषि निर्यात बढ़ाने का मार्ग

अद्यतन खाद्य प्रसंस्करण तकनीक तथा विश्व-स्तरीय गुणवत्ता मानकों का प्रयोग कर भारत अपने कृषि-निर्यात में काफी वृद्धि कर सकता है। इसके लिए प्रमुख वैश्विक फर्मों तथा एफपीओ के बीच साझेदारी विकसित करनी चाहिए।



ए.एस. मित्तल
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)



**खेत** से खाने की मेज तक सप्लाई श्रृंखला को गति देकर, वैश्विक व भारतीय खाद्य क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा दे कर तथा खेतों पर ही खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दे कर किसानों को बेहतर मुनाफा सुनिश्चित करने के साथ ही फसल कटने के बाद होने वाले नुकसानों से बचा जा सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करते हुए नई दिल्ली में 19-22 सितंबर तक 'वर्ड फूड इंडिया' का आयोजन कर रहा है। इसके साथ ही 2024-25 के केन्द्रीय बजट में कृषि क्षेत्र विकास के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इस फंडिंग के माध्यम से जलवायु समस्याओं से निपटने तथा उत्पादकता, खोज एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्याता को बढ़ावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

यह कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए जरूरी है जिसमें 8 प्रतिशत गिरावट आई है। यह 2022-23 में 53.52 बिलियन डालर से घट कर 2023-24 में 48.9 बिलियन डालर रह गया। 2014-23 के बीच कृषि निर्यात औसतन केवल 2 प्रतिशत वार्षिक की गति से बढ़े। उल्लेखनीय है कि पांच उत्पाद-चावल, गेंहूं, मांस, मसाले, चीनी तथ चाय-काफी का हिस्सा कुल कृषि उत्पाद निर्यात में 50 प्रतिशत से अधिक है। कभी-कभी घरेलू मांग पूरी करने तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए निर्यात पर नियंत्रण लगाना पड़ता है। हमारे कृषि निर्यातों का केवल 25 प्रतिशत प्रसंस्कृत या मूल्य-संवर्धित है। पिछले दशक में इस आंकड़े में लगभग कोई परिवर्तन नहीं आया है। हालांकि, ज्यादा टेक-आधारित आपरेशनल आकार और उत्पादन क्षमता तथा विश्व बाजार में अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने को देखते हुए यह काफी है।

लेकिन 111 बिलियन प्रसंस्कृत खाद्य एवं पेय पदार्थों के निर्यातक स्विटजरलैंड की 'नेस्ले' जैसी कंपनियों की सफलता को देखते हुए स्पष्ट होता है कि तकनीक और शोध के प्रयोग से क्या संभव हो सकता है। 9 बिलियन डालर टर्नओवर वाली उल्लेखनीय भारतीय घरेलू प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद बेचने वाली 'अमूल' आपरेशनल क्षमता, उत्पादन क्षमता तथा अंतरराष्ट्रीय मानक पूरा करने के मामले में नेस्ले से बहुत पीछे है। इसके बावजूद समुचित समर्थन और दृष्टिकोण के चलते वह भी ऐसी ही सफलता प्राप्त कर सकती है। प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों का निर्यात लगभग 1 ट्रिलियन डालर वार्षिक है जिसमें 63 बिलियन डालर के साथ जर्मनी सर्वोच्च स्थान पर है। इसके बाद 58 बिलियन डालर के साथ अमेरिका, 57 बिलियन डालर के साथ नीदरलैंड, 53 बिलियन डालर के साथ चीन तथा 50 बिलियन डालर के साथ फ्रांस का स्थान है। दक्षिणपूर्व एशिया में इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के बड़े निर्यातक हैं।

हालांकि, मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली कृषि-निर्यात नीति लागू होने के बाद पिछले पांच साल में भारत के मूल्य-संवर्धित निर्यात में 6.5 बिलियन डालर की वृद्धि हुई है और यह कुल 15 बिलियन डालर तक पहुंच गया है। लेकिन इसके बावजूद इससे वैश्विक रैंक में मामूली सुधार ही हुआ है और हम 21वें स्थान से ऊपर उठ कर 17वें स्थान पर पहुंच सके हैं। इस स्थिति में निश्चित रूप से सुधार हो सकता है। 2023-24 के आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत दुनिया में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। 300 मिलियन टन उत्पादन के साथ यह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। लेकिन भारत में प्रसंस्करण स्तर बहुत कम है। यह फलों के लिए 4.5 प्रतिशत, सब्जियों के लिए 2.7 प्रतिशत, दूध के लिए 21.1 प्रतिशत, मांस के लिए 34.2 प्रतिशत और मछलियों के लिए 15.4 प्रतिशत है। इसकी तुलना में चीन में प्रसंस्करण 25-30 प्रतिशत तथा पश्चिमी देशों में 60-80 प्रतिशत है।

प्रसंस्करण क्षमता में इस कमी के कारण भारत में उत्पाद का काफी हिस्सा बेकार चला जाता है। अनुमान है कि देश में फसल कटाई के बाद बरबादी का स्तर पूरी सप्लाई श्रृंखला में 18 से 25 प्रतिशत के बीच है, हालांकि फलों और सब्जियों के मामले में यह लगभग 45 प्रतिशत है। नीति आयोग का अनुमान है कि फसल कटाई के बाद लगभग 90,000 करोड़ रुपये की बरबादी होती है। इस स्थिति में सुधार के लिए खेतों पर ही समुचित छंटाई और ग्रेडिंग तथा प्रसंस्करण बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव की जाती है। कृषि प्रोत्साहनों में परिवर्तन कर किसानों को इस बात के लिए प्रेरित करना जरूरी है कि वे खेतों तथा उसके निकट बरबादी रोकने के प्रयास करें।

2020 में केन्द्र सरकार ने एक ट्रिलियन रुपये के कृषि ढांचागत फंड की घोषणा की थी ताकि कोल्ड चेन श्रृंखला तथा फसल कटाई के बाद प्रबंधन ढांचा खेतों तथा फसल संग्रह केन्द्रों पर बनाने के लिए मध्यम से दीर्घकालीन अवधि की कर्ज फाइनेंसिंग की जा सके। तमिलनाडु द्वारा हाल ही में घोषित नई खाद्य प्रसंस्करण नीति में एक कदम आगे बढ़ कर बरबादी रोकने तथा कृषि उत्पाद का मूल्य बढ़ाने के कदम उठाए गए हैं। इस नीति में कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता तथा केन्द्रीय योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं।

लेकिन यह उल्लेखनीय है कि पंजाब ने अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है, जबकि पड़ोसी राज्य हरियाणा में प्रतिबद्ध एग्रीबिजनेस व खाद्य प्रसंस्करण नीति बनाई गई है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव स्कीम-पीएलआईएसएफआई के लिए 2021-22 से 2026-27 के बीच 10,900 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया है। इसका उद्देश्य वैश्विक रूप से प्रतियोगी फर्मों को भारत में उत्पाद व कृषि निर्यात क्षेत्र में आकर्षित करना है। इस योजना का लक्ष्य प्रसंस्करण क्षमता में सुधार, भारतीय ब्रांडों को मजबूत करना, विश्व बाजार में उपस्थिति बढ़ाना, रोजगार सृजन तथा किसानों की आमदनी बढ़ाना है। मई, 2024 तक पीएलएसएफआई के 90 प्रतिशत धन का प्रयोग नहीं हुआ था। सरकार ने 158 एसएमई लाभार्थियों को केवल 1,073 करोड़ रुपये दिए थे और इस प्रकार योजना का आधा समय बीत जाने के बावजूद उसका केवल 10 प्रतिशत धन प्रयोग हुआ था। इस प्रकार पैसे के बहुत कम प्रयोग से ज्यादा केन्द्रित नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता उजागर होती है।

पीएलआई योजना का लक्ष्य वैश्वक प्रतियोगिता क्षमता तथा निर्यात बढ़ाना है। इसे देखते हुए एसएमई को वैश्विक स्तर पर स्थापित 'एंकर' फर्मों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने चाहिए। पिछले दशक में भारत ने शत प्रतिशत एफडीआई अनुमति के बाद 500 बिलियन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई प्राप्त किया। इसे देखते हुए खाद्य प्रसंस्करण को भारत का 'सनराइज़ उद्योग' समझा जाना चाहिए जो किसानों को प्रभावी रूप से लाभ दिलाने, एमएसपी के प्रति बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने तथा मूल्य-संवर्धन और उद्योग में समन्वय स्थापित करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। कृषि के विकास के लिए खाद्य पसंस्करण को रणनीतिक महत्व देना जरूरी है।

दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश देश के नाते हम धरती पर पर्यावरण दबाव का अनुभव कर रहे हैं। इसके कारण मृदा क्षरण, जैवविविधता में कमी तथा जल संकट जैसे परिस्थितिकी मुद्दे सामने आ रहे हैं। व्यापक खाद्य व्यवस्थाओं में बरबादी रोकना जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए बहुत जरूरी है। इससे खेतों से लेकर खाने की मेज तक खाद्य सप्लाई बेहतर करने में सहायता मिलेगी तथा हानिकारक उत्सर्जन घटेगा। खाद्य प्रसंस्करण की अद्यतन तकनीकों के प्रयोग, वैश्विक स्तर पर स्वीकृत गुणवत्ता मानकों को मंजूर करने तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच खोलने के माध्यम से यह केन्द्रित रणनीति बड़ी वैश्विक फर्मों को आकर्षित कर हमारे लक्ष्य पूरे कर सकती है।

इलेक्ट्रानिक क्षेत्र में 'एपल' इस लक्षित दृष्टिकोण की सफलता का एक माडल है। यही माडल विभिन्न उद्योगों के लिए लागू किया जाना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय को समयबद्ध कार्यक्रम बना कर प्रमुख वैश्विक फर्मों के साथ कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ तथा एसएमई के बीच साझेदारियों को बढ़ावा देना चाहिए।

# विकिरण प्रौद्योगिकी से भारत की खाद्य सुरक्षा में बदलाव



चिराग पासवान
केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

**भोजन** का महत्व बुनियादी जीविका से कहीं बढ़कर है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गतिशीलता को प्रतिबिम्बित करते हुए हमारे त्योहारों, सामाजिक समारोहों और अनुष्ठानों में प्रमुख भूमिका निभाता है। आर्थिक रूप से, खाद्य उद्योग विकास को गति देता है, रोजगार के अवसरों का सृजन करता है तथा ग्रामीण एवं कृषि संबंधी विकास को बढ़ावा देता है। यह घरेलू खपत और निर्यात दोनों के माध्यम से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में भारत जैसे-जैसे विकसित भारत के विजन की ओर बढ़ रहा है, खाद्य सुरक्षा और संरक्षा को आगे बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले भोजन का संदूषित पदार्थों से सुरक्षित होना तथा भोजन की हानि एवं बर्बादी को कम से कम किया जाना सुनिश्चित करना शामिल है, ताकि सभी को पर्याप्त, पौष्टिक भोजन की उपलब्धता की गांरटी मिल सके। खाद्य सुरक्षा और निरंतरता बढ़ाने के लिए खाद्य पदार्थों, खासकर फलों और सब्जियों जैसे जल्दी खराब होने वाले पदार्थों की हानि और बर्बादी को कम करना बहुत जरूरी है। इससे हमारे किसानों के लिए लाभकारी दाम सुनिश्चित करने में भी मदद मिलती है।

इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों काव्यापार बढ़ता है, प्रभावी खाद्य सुरक्षा प्रबंधन और भी महत?वपूर्ण होता जाता है। कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में आयात होने वाले खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े खाद्य सुरक्षा नियम और कार्यप्रणालियां हैं। खाद्य सुरक्षा संबंधी घटनाओं के सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम, उपभोक्ता विश्वास में कमी और खाद्य आपूर्ति और मूल्य स्थिरता में व्यवधान जैसे गंभीर आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। इसलिए, न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, बल्कि आर्थिक विकास में सहयोग करने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने तथा बाजार तक पहुंच बनाए रखने के लिए भी खाद्य सुरक्षा की रक्षा करना आवश्यक है। खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा की समस्याओं से निपटने और अपने सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में एमएसएमई क्षेत्र में 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए धनराशि आवंटित की गई है। यह खाद्य सुरक्षा और संरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है क्योंकि खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी कृषि खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ और सुरक्षा में इजाफा करती है, जिससे उनका उपभोक्ताओं तक उपयुक्त स्थिति में पहुंचना तथा उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य हानि का कम होना सुनिश्चित होता है। खाद्य विकिरण में खाद्य पदार्थों को, चाहे वे पैक किए गए हों या बल्क में, सावधानीपूर्वक नियंत्रित वातावरण में आयनकारी विकिरण के संपर्क में लाना शामिल है। यह पद्धति हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट करके खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को प्रभावी ढंग से कम करती है। यह समय से पहले पकने, फुटाव या अकुरण में देरी करके खाद्य हानि को कम करते हुए क्षय की प्रक्रिया को धीमा करके और उसमें खराबी उत्पन्न करने वाले जीवों को नष्ट करके खाद्य पदार्थों को खराब होने से भी बचाती है। यह खाद्य उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में रासायनिक परिरक्षकों की आवश्यकता को भी कम करती है, जिससे अधिक टिकाऊ खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में योगदान मिलता है। विकिरण प्रसंस्करण में आमतौर पर अपेक्षित प्रभाव प्राप्त करने के लिए केवल एक एक्सपोज़र ट्रीटमेंट की आवश्यकता होती है, जो प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, खाद्य सुरक्षा पद्धतियों को सरल बनाता है, और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में लागत में कमी लाने में योगदान देता है। हालांकि खाद्य संरक्षण के लिए विकिरण के उपयोग की अवधारणा कोई नई नहीं है- सदियों से संरक्षण के लिए फल, सब्जियां, वनस्पति, मांस, मछली आदि को धूप में सुखाने जैसे पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाता रहा है- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के संयुक्त खाद्य मानक कार्यक्रम के अंतर्गत कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग द्वारा वैश्विक मानक स्थापित किए जाने पर खाद्य विकिरण प्रौद्योगिकी के प्रति आधुनिक दिलचस्पी बढ़ी।

खाना पकाने की तरह ही खाद्य विकिरण भी सभी पहलुओं में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। इसे खासकर अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे उन्नत खाद्य सुरक्षा मानकों वाले देशों में व्यापक रूप से अपनाया गया है, जहां इसका घरेलू और निर्यात दोनों ही तरह के बाजारों में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। इसके प्रभाव का उल्लेखनीय उदाहरण 2012 का समझौता है, जिसने 20 साल के प्रतिबंध के बाद भारतीय आमों को अमेरिका को निर्यात करने की अनुमति दी। यह सफलता भारत द्वारा कीटों के खतरे को खत्म या काफी हद तक कम करने के लिए निर्यात से पहले अपने आमों को विकिरणित करने पर सहमत होने, फलस्वरूप अमेरिका की घरेलू कृषि की रक्षा होने से हासिल हुई।

भारत ने भी समूचे देश में 34 विकिरण प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। इनमें से 16 सुविधाओं को एमओएफपीआई की सहायता प्राप्त होने सहित इस बुनियादी ढांचे को विकसित करने में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि यह प्रगति सराहनीय है, लेकिन सुविधाओं की संख्या और वितरण का विस्तार करने से हमारे जीवंत कृषि खाद्य बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने की हमारी क्षमता में और वृद्धि होगी। हालांकि, खाद्य विकिरण सुविधाओं की व्यापक कमीशनिंग उच्च पूंजीगत लागतों से अवरुद्ध है। 1एमसीआई कोबाल्ट 60 सोर्स युक्त एक विकिरण सुविधा स्थापित करने के लिए भूमि और अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की लागतों के बिना लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है। इसकी कमीशनिंग प्रक्रिया में प्रस्ताव की जांच, अनुमोदन, साइट क्लीयरेंस, संयंत्र का निर्माण, स्रोत स्थापना, सुरक्षा आकलन और मार्गदर्शन, पर्यवेक्षण, कमीशनिंग और विकिरण स्रोतों के सामयिक प्रतिस्थापन सहित निरंतर रखरखाव जैसे कई महत्वपूर्ण चरण शामिल हैं। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड जैसे प्रमुख संगठन इस प्रक्रिया का निरीक्षण करते हैं। इन सुविधाओं से संबंधित शुरुआती उच्च पूंजीगत लागतों के बावजूद, यहां निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के बाजारों में सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाले खाद्य उत्पादों की बढ़ती मांग निवेश के लाभप्रद अवसर प्रस्तुत करती है। खाद्य सुरक्षा संवर्धित करने और शेल्फ लाइफ बढ़ाने की क्षमता खाद्य विकिरण सुविधाओं को खाद्य अपशिष्ट में कमी लाने और कड़े निर्यात मानकों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण बनाती है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के 535 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, विकिरण सुविधाएं निवेश के आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती हैं। खाद्य की बर्बादी में कमी लाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। अनुदान या सब्सिडी के रूप में प्रदान की जाने वाली यह सहायता फलों और सब्जियों सहित जल्दी खराब होने वाले उत्पादों को बचाने और उनकी स्वच्छता एवं शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए प्रदान की जाती है। केंद्रीय बजट 2024-25 में घोषणा के बाद, एमओएफपीआई ने एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना (कोल्ड चेन योजना) के तहत बहुउत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की हैं। खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और जल्दी खराब होने वाले उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने में खाद्य विकिरण की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, भारतीय खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और कृषि खाद्य निर्यात क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए हमारे बुनियादी ढांचे का विस्तार करने की सख्त जरूरत है। हम निवेशकों और उद्यमियों से आग्रह करते हैं कि वे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उपयोग करके अतिरिक्त विकिरण सुविधाएं स्थापित करने के इस अवसर का लाभ उठाएं। विकिरण सुविधाओं में निवेश करने से खाद्य सुरक्षा बढ़ेगी, बर्बादी में कमी आएगी और समूचे भारत में खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा, साथ ही हमारे किसानों के लिए बेहतर दाम भी सुनिश्चित होंगे। भारत के खाद्य उद्योग में पूरी तरह बदलाव लाने के लिए हमारे साथ जुड़िए, आपका निवेश टिकाऊ कृषि के भविष्य को गति देगा और उन्नतिशील अर्थव्यवस्था में योगदान देगा।

## आप की बात

### राहुल की आदत

**राजनीति** में विफल रहने वाले राहुल गांधी विदेशों में भारत की छवि खराब करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। वास्तव में, राहुल की मंशा भाजपा को कोसने की रहती है, लेकिन भाजपा को कोसते-कोसते वह भारत को भी कोसना प्रारंभ कर देते हैं। इस बार अपनी अमेरिका यात्रा में वह भारत को कोसते हुए चीन की तारीफ कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों में भारत ने अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों में तेजी से विकास किया है और चीन को कड़ी प्रतिस्पर्धा देते हुए आर्थिक क्षेत्र में उसकी कमर तोड़ी है। भारत चीन को पीछे छोड़ कर आज दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन यह सब राहुल गांधी को नहीं दिखाई देता है। देश की जीडीपी में निरंतर वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी निरंतर प्रयासरत हैं कि आने वाले वर्षों में वह देश को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। राहुल गांधी यह भी भूल जाते हैं कि स्वतंत्र भारत में सर्वाधिक समय तक उन्हीं की पार्टी और परिवार ने शासन किया है। राहुल के विदेशों में दिए इस प्रकार के बयान देशवासियों को आहत करते हैं। राहुल अपने बयानों से उन अनिवासी भारतीयों को भी आहत करते हैं जिन्होंने अमेरिका की अर्थव्यवस्था बढ़ाने में व्यापक योगदान कर भारत का झंडा दुनिया में ऊंचा लहराया है।

**- रामबाबू सोनी, इंदौर**

### उपद्रवियों पर लगाम

**देश** भर में त्यौहारों का समय चल रहा है। लेकिन कभी रतलाम तो कभी सूरत में या देश के किसी अन्य कस्बे, शहर में कतिपय उपद्रवी तत्वों द्वारा त्यौहारों की खुशहाली में विघ्न पैदा करने के प्रयास किये जा रहे हैं। इन तत्वों के खिलाफ समय रहते कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। हालांकि, पुलिस और प्रशासन समय रहते कार्रवाई कर ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने में सफल भी रहता है। लेकिन ऐसे तत्व संक्रामक बीमारी की तरह देश में अराजकता पैदा करने को प्रोत्साहन देते हैं। ऐसे में गांवों, कस्बों और शहरों के मुहल्लों में शांति समितियां गठिन करने व खुफिया पुलिस की निगरानी बढ़ाने के साथ ही सोशल मीडिया पर फैलाने वाले भड़काऊ बयानों और फर्जी वीडियो पर लगाम लगाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हालांकि, ऐसे तत्वों में से कुछ अति-उत्साही व अराजक तत्व हो सकते हैं जो अपने अपराध के परिणाम न समझते हों। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि स्थानीय स्तर पर राजनीतिक या चुनावी स्वार्थों के चलते कुछ राजनेता ऐसे तत्वों का मुखौटे या हथियार की तरह प्रयोग करें। ऐसे में इन निहित स्वार्थी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई सबसे जरूरी हो जाती है।

**- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर**

### अफ़जल गुरु की तारीफ़

**उमर अब्दुल्ला** ने कहा कि अफ्जल गुरु को फांसी की सजा नहीं देनी चाहिए थी। उनका यह बयान अत्यन्त निंदनीय है। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर अपराधी अफ्जल को फांसी न देते तो क्या उसे फूलों की माला पहनाते। उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि यदि जम्मू कश्मीर सरकार से पूछा जाता तो फांसी की अनुमति कतई न दी जाती। सभा जानते हैं कि अफ्जल गुरु ने देश की संसद पर हमले की साजिश रची थी। लोकतंत्र के इस मंदिर की सुरक्षा करते हुए हमारे कई सैनिक शहीद हुए थे। कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जिस तरह अफ़जल गुरु की तारीफ़ कर रहे हैं वह भी एक अपराध की श्रेणी में ही आता है। सवाल है कि क्या उमर अब्दुल्ला और उनकी पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस क्या फिर से वैसा ही जम्मू कश्मीर बनाना चाहती हैं जहां अफ़जल जैसे आतंकवादी, अलगाववादी व भारत-विरोधी तत्व पैदा हो सकें। जवाब तो कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी को भी देना चाहिए कि वे उमर अब्दुल्ला के इस बयान का समर्थन करते हैं या नहीं? लेकिन राहुल गांधी अब अमेरिका में भारत-निन्दा और चीन-प्रशंसा का एजेंडा चला रहे हैं। वैसे भयभीत उमर दो सीटों से चुनाव लड़ने वाले एकमात्र कश्मीरी नेता हैं।

**- एमएम राजावत, शाजापुर**

### पैरालंपिक को प्रोत्साहन

**पेरिस** पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन न केवल ऐतिहासिक, बल्कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। भारत ने कुल 29 मेडल जीते जिसमें साथ स्वर्ण सिल्वर और 13 ब्रोंज मेडल है तथा कुल मिलाकर उसने 18वां स्थान प्राप्त किया। पैरालंपिक में दिव्यांग खिलाड़ी दुनिया भर के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता करते हैं, जिनमें से अनेक को बेहतर सुविधायें मिलती हैं। इसे देखते हुए भारत की उपलब्धि बेमिसाल है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को भी इन सभी खिलाड़ियों को उचित प्रोत्साहन राशि देनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि जहां ओलिंपिक खिलाड़ियों को 2 करोड़ से लेकर 6 करोड़ की राशि सरकारें देती हैं, दिव्यांग खिलाड़ियों को इतनी राशि नहीं दी जा रही है। यह विसंगति दूर की जानी चाहिए। इसके साथ ही दिव्यांग खिलाड़ियों को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरियां भी प्राथमिकता पर दी जानी चाहिए। जिला स्तर से दिव्यांग खिलाड़ियों को मिलने वाले प्रोत्साहन से समाज में दिव्यांगता के प्रति व्याप्त पूर्वाग्रह समाप्त करने में सहायता मिलेगी।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली**

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# रजिस्ट्री प्रथा में बदलाव के विरोध में जिले के दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर विधायक को ज्ञापन सौप वर्तमान में चल रही प्रक्रिया को लागू रहने देने की मांग की

## वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा दस्तावेज लेखकों को बिचौलिया, दलाल, बोलने की दस्तावेज लेखक संघ ने की कड़ी निन्दा



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा रजिस्ट्री प्रथा में किये जा रहे फेरबदल के विरोध में जिले के दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर आ खड़े हो गए है। उन्होंने इस बदलाव का विरोध करते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा को ज्ञापन सौंप वर्तमान में जो रजिस्ट्री प्रक्रिया चल रही ही, उसी को ही लागू रहने देने की मांग की है। ताकि खरीदी बिक्री में पारदर्शिता बनी रहें। और क्रेता विक्रेता फर्जी दस्तावेज निष्पादित होने से बच सके। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि जिले के दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेंडर शासन द्वारा उप पंजीयक कार्यालय बालोद में दस्तावेज लेखन का कार्य करते है, विगत कुछ माह से रजिस्ट्री प्रकिया में काफी फेरबदल किया गया है, आने वाले समय में वित्त मंत्र ओपी चौधरी द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेज लेखकों व फैसलेस प्रक्रिया के साथ रजिस्ट्री किया जाना सुनिश्चित किया है, छत्तीसगढ़ में सभी उप पंजीयक कार्यालय में कार्यरत हम दस्तावेज लेखकों के समक्ष बेरोजगारो का संकट छाने लगा है। रजिस्ट्री की नई प्रथा लागू होने से दस्तावेज लेखको के बारे में रोजगार देने का दावा करने वाली सरकार की क्या सोच है..? ये सरकार को पहले सोचना चाहिए। इसके साथ ही पेपरलेस, फैसलेस रजिस्ट्री होने से किसान या क्रेता के पास क्या दस्तावेज रहेगा, बैंक लोन, या अन्य स्थानों पर अपनी सम्पत्ति का स्वामित्व क्या दिखाएगा..? फेसलेस रजिस्ट्री पूर्व में होती थी, जिसमें बहुत से धांधलीयाँ व परेशानी होने के कारण ही दस्तावेजों में फोटो, लगाना, आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया था। तो अब फेसलेस रजिस्ट्री से धांधली नही होने की क्या गारंटी है..? ज्ञापन सौपने वालो में दस्तावेज लेखक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे, शिवकुमार सिंह गौतम, चंद्रशेखर पटेल, देवेंद्र पटेल, मनोहर लाल साहू, योगेश कुमार साहू, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, मिथलेश कुमार यदु, सोमेश कुमार साहू सहित अन्य दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडर मौजूद रहे।

### दस्तावेज लेखकों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए

उन्होंने प्रदेश सरकार से आगे पूछा है कि रजिस्ट्री जैसे संवेदनशील दस्तावेज में गवाह की अनुपस्थिति अपूर्ण प्रकिया है, जैसे कि वित्त मंत्री ने कहा कि फैसलेस रजिस्ट्री में गवाहों की आवश्कता नही होगी। पूर्व में बगैर गवाहों के रजिस्ट्री होती थी। परन्तु विवाद की स्थिति देखते हुए गवाहों की उपस्थिति में ही रजिस्ट्री का निष्पादन किया जाता है। गवाह ही दोनों पक्ष के बीच रजिस्ट्री होने की गवाही देते हैं, और दस्तावेज को प्रमाणित करते हैं, मंत्री इसे समाप्त करने की योजना बना रहे हैं। मंत्री द्वारा रजिस्ट्री प्रकिया को सरलीकरण ना करते हुए और उसे कठिनाई की प्रक्रिया की ओर लाये जाने की योजना है, यदि प्रकिया को पेचीदा करना ही है, तो दस्तावेज लेखक को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाकर तृतीय श्रेणी वर्ग का वेतन दिया जावे। वही समस्त दस्तावेज लेखकों में से जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक है, उसे पेंशन योजना लागू करने की मांग भी की हैं। इसके अलावा वर्तमान में रजिस्ट्री प्रक्रिया में गूगल एप्प का नक्शा की प्रक्रिया को समाप्त किया जावें, क्योंकि रजिस्ट्री पेपर में संबंधित हल्का पटवारी एवं भुईयां कार्यक्रम के तहत नक्शा खसरा बी 1 प्रति सलंग्न किया जाता है। मोबाईल सभी के पास है, लेकिन मोबाईल एप्प की जानकारी, व भूमि से संबंधित जानकारी सभी को नहीं होती फिर ऐसे लोगों को नजर अदांज कर सिर्फ मोबाईल के सहारे रजिस्ट्री करना कहा तक सही है..? उन्होंने ज्ञापन में कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा दस्तावेज लेखकों को बिचौलिया, दलाल, बोला गया, जिसका दस्तावेज लेखक संघ कड़ी निन्दा करता है, हम दस्तावेज लेखकों के माध्यम से ही शासन को करोड़ों रूपये का राजस्व प्राप्त होता है। संघ ने विधायक को ज्ञापन सौप निवेदन किया है कि वित्त मंत्री के द्वारा आने वाले समय में घर बैठे फैसलेस रजिस्ट्री प्रकिया लागू हो जाने से प्रदेश के हजारों दस्तावेज लेखक बेरोजगारों के कगार पर हो जाएंगे और अपना परिवार चलाने के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। जिसके मद्देनजर वर्तमान में जो रजिस्ट्री प्रक्रिया चल रही ही, उसी को ही लागू रहने देने की मांग की हैं।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया एचआईवी जागरूकता अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ऐड्स कंट्रोल समिति के द्वारा संचालित लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना जीवन रेखा फाउंडेशन के द्वारा एचआईवी एवं ऐड्स के रोकथाम हेतु मिड मीडिया एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें कला जत्था के माध्यम से लोक कलाकारों के द्वारा बेमेतरा जिले ब्लॉक नवागढ़ एवं बेरला एवं बेमेतरा में जाकर पिछले 3 तीन दिनों से लगातार रंगारंग कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा एचआईवी वायरस से रोकथाम हेतु जानकारी उपलब्ध कराया गया सभी को एचआईवी फैलने के चार कारण और 4 बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया साथी शब्दों को निरोध के प्रयोग की जानकारी एवं उसके फायदे बताया गया साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1097 पर कॉल कर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं यह बताया गया साथी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर अपनी अपनी एचआईवी की जांच करने की सलाह दी गई जहाँ पर कार्यालय के सभी स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से कार्यालय के परियोजना प्रबंधक विकास मेश्राम निगरानी मूल्यांकन अधिकारी भुवनेश्वर गेंदले, काउंसलर मंजूषा शर्मा, डोमेश वर्मा, फील्ड ऑफिसर आशा चेलक, महेश चतुर्वेदी, परमेश्वर पात्रे, सत्यनिरंजन जांगड़े एवं पीयर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 539 ग्राम के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अवैध मादक पदार्थ गांजा 02 किलो 539 ग्राम के साथ दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 09.09.2024 को ग्राम भ्रमण के दौरान जरिये मुखबीर के सूचना मिला कि बेमेतरा से खम्हरिया तरफ दो व्यक्ति अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं कि सूचना पर मौके पर बेमेतरा खम्हरिया रोड के मध्य ग्राम खाती चौक ग्राम अकोला के पास एक काले रंग का मो.सा. क्रमांक सीजी 10 बी 0826 में खम्हरिया की ओर आ रहे थे जिसे रोक कर पुछताछ करनें पर अपना नाम राहुल सुर्यवंशी उम्र 19 साल एवं मनीराम साहू उम्र 30 साल साकिनान मरहीकांपा थाना कोटा जिला बिलासपुर बताया। जहां आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 02 किलो 539 ग्राम कीमती करीबन 20,000/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बी 0826 कीमती करीबन 15,000/- रूपये, कुल जुमला कीमती 35,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपी के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यावाही किया गया हैं। आरोपी मनीराम पिता बद्रीप्रसाद साहू उम्र 30 साल साकिन मरहीकांपा थाना कोटा जिला बिलासपुर राहुल सुर्यवंशी पिता संतोष सुर्यवंशी उम्र 19 साल साकिन मरहीकांपा थाना कोटा जिला बिलासपुर। उक्त कार्यवाही अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना खम्हरीया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि भगवान दास गंधर्व, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, सुनील तिवारी, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेश ध्रुव, संजय पाटिल, सौरभ सिंह, मोती लाल जायसवाल, जयकिशन साहू, गौकरण मंडावी, सुशील यादव, सौरभ राजपूत एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बारिश के दौरान जन-जीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करे : कलेक्टर

## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में जिले में लगातार हो रहे बारिश से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की



पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में लगातार हो रहे बारिश के मद्देनजर जनजीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे बारिश के फलस्वरूप जल भराव एवं अन्य समस्याओं के कारण आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल में मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में लगातार हो रहे बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर एके लकरा एवं डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जिले के जलाशयों में जल भराव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों से पानी छोड़ने के पूर्व इसका समुचित प्रचार-प्रसार तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम नागरिकों को इसकी सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को समय-सीमा में पूरा करने हेतु पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि की भी ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन इसकी समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का सर्वेक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसी के आधार पर त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा।

### मासिक समीक्षा बैठक के आयोजन की कलेक्टर ने की समीक्षा

बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु की जा रही उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल करने हेतु इसकी पंजीयन की प्रक्रिया का समुचित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के प्रभारी मंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोनोग्राफी मशीनों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का संपादन सुनिश्चित कर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कराने हेतु सभी विभागों एवं कार्यालयों में मासिक समीक्षा बैठक के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित कर अनिवार्य रूप से इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# संभागायुक्त और कलेक्टर ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण

## बाढ़ पीड़ितों से समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने शिवनाथ नदी के किनारे पुलगांव राहत कैम्प में बाढ़ पीड़ित लोगों से चर्चा की। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर द्वारा पूछने पर ग्रामवासियों ने बताया कि सुबह पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण घरों में पानी घुसने लगा। नगर निगम के अधिकारी ने कोसरिया यादव समाज के माध्यम से संचालित यादव भवन में आश्रय दिलवाया है। नगर निगम आयुक्त ने उनके रहने की व्यवस्था के साथ भोजन व नास्ते की भी व्यवस्था कराई। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के पीड़ित ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान में लाया गया है। कलेक्टर सुचौधरी ने अनुविभागीय अधिकारी हरवंश सिंह मिरी को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में निगरानी रखने के साथ-साथ पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने और भोजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने कहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चौधरी ने जिले के ग्राम पंचायत भरदा का भी भ्रमण कर ग्रामवासियों से मुलाकात कर उनकी स्थिति जानी। ग्रामवासियों को सुरक्षित रहने के साथ किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन को सुचित करने एवं प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर, अनुविभागीय अधिकारी हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्ट्री का कर्मचारी शराब तस्करी करते पकड़ाया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





रांका में संपन्न महापंचायत का शोर अभी थम भी नही पाया था,की उसके पहले ही पथर्रा में निर्माणाधीन एथेनाल फैक्ट्री का कर्मचारी शराब तस्करी करते पकड़ा गया, इनमे से ग्रामीणों से बच कर एक तस्कर शराब की पेटी के साथ फैक्ट्री के अन्दर घुसने में सफल रहा। जबकि उसके साथी को शराब की 05 बोतल के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले किया। ग्रामीणों ने अपने शांति का परिचय देते हुवे पुलिस को सूचना दे कर उसे पकड़वाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया की बिना नंबर प्लेट की गाड़ी में प्रतिदिन शराब की तस्करी की जा रही है। बिना नंबर प्लेट की गाड़ी को देखने के बाद भी पुलिस ने संज्ञान लेने के बजाय नजर अंदाज कर दिया। उल्लेखनीय है की रांका और पथर्रा में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा बाहर प्रदेश बिहार उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से लेबर के नाम पर असामाजिक लोगो को लाकर रखा गया है। जिसका पुलिस प्रशासन वेरिफिकेशन करना भी जरूरी नहीं समझ रही है। जहां ग्रामीण अब फैक्ट्री के साथ साथ इन आसामाजिक तत्वों से भी परेशान हो रहे है। विगत दिन रांका में निर्माणाधीन सुयश बायो फ्यूल के कर्मचारी द्वारा कठिया रांका हाई स्कूल की बच्चियों से दिन दहाड़े शराब के नशे में इन आसामाजिक तत्वों द्वारा छेड़ छाड़ की जारी रही थी, जिस पर स्थानीय युवाओं ने इन आसामजिक तत्वों की जम कर धुनाई कर दी थी। आनन फानन में फैक्ट्री प्रबंधन ने इन बदमाशो को फरार करवा कर मामले को दबा दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों का आरोप है को ये फैक्ट्री प्रबंधन गांव के ही कुछ बदमाश प्रवृति के लोगों को आम ग्रामीण जनता जो फैक्ट्री का विरोध कर रहे है उनसे लड़वाने भिड़वाने का काम कर रही है। ऐसी घटना इस क्षेत्र हर दिन हो रही, जिससे ग्रामीणों में फैक्ट्री प्रबंधन और शासन प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का आरोप है की फैक्ट्री प्रबंधन पैसे और प्रशासन की शाह पर ग्रामीण जनता को आपस में लड़वाने का पैंतरा चल रही है। अभी रांका की महा पंचायत द्वारा प्रशासन को फैक्ट्री बंद करने दिए गए समय सीमा समाप्त भी नही हुई फिर भी किसान आंदोलन की व्यापक रणनीति बनाने की प्रक्रिया अंदर खाने चल रही है। जो समय सीमा समाप्त होते ही धरातल पर दिखने लगेगी। किसानों की नाराजगी सरकार के प्रति दिनोदिन बढ़ती जा रही है। पथर्रता की शराब तस्करी की घटना ने ग्रामीणों के गुस्से को और भी बढ़ा दिया है।

# बाढ़ आपदा और प्रबंधन को लेकर प्रशासन अलर्ट, कलेक्टर महोबे ने एसडीएम, तहसीलदारों से बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले में पहाड़ी और वनांचल क्षेत्र सहित मैदानी भागों में सोमवार रात से हो रही लगातार बारिश से जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन, बाढ़ आपदा एवं राहत-बचाव को लेकर हाई अलर्ट है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज देर शाम जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों की कलेक्ट्रोरेट कार्यालय से वीडियो कांफ्रेसिग के माध्यम से बैठक लेकर तहसीलवार बारिश और बाढ़ की स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड स्तर पर बाढ़ की स्थिति पर कड़ी मॉनिटरिंग रखने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ आपदा एवं राहत बचाव के लिए राहत शिविर में सभी आवश्यक समाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को सुरक्षित रखने की लिहाज से आवश्यकता अनुसार स्कूलों में अवकाश करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के सभी मध्यम जलाशयों में पानी भराव की स्थिति और उटल भाग से पानी बहाव की स्थिति पर जल संसाधन विभाग सहित तहसीलदार को अलर्ट रखने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं और जीवन रक्षक दवाईयों की उपब्धता सुनिश्चित करने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर सेनानी और पूरे अमलों को हाई अलर्ट में रहने के संख्त निर्देश दिए है। वीडियो कांफ्रेसिग में संयुक्त कलेक्टर मोनिका कौड़ो, एसडीएम अनुपम टोप्पो सहित तहसीलदार उपस्थित थे। वीडियो कांफ्रेसिग में बताया कि सहसपुर लोहारा के एसडीएम आकांक्षा नायक ने बताया कि सहसपुर लोहारा तहसील क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है, जिसकी वजह से वनांचल क्षेत्रों में लगभग 7-8 छोटी बड़ी नदिया में बाढ़ की स्थिति खतरे से उपर है और उन मार्गो में बनी पुल-पुलिया के उपर से पानी का बहाव चल रहा है,जिसकी वजह से संपर्क टूट गया है। वही कवर्धा से राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर ओडिया खुर्द और सहसपुर लोहारा के बीच की नदी में पुल से पानी का बहाव उपर चल रहा है, जिसकी वजह से आवगन प्रभावित हो गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव के काम सूचना के आधार पर अलर्ट कर दिया गया है। पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि पंडरिया में बाढ़ की स्थिति नहीं है। पंडरिया के हरिनाला में पानी का बहाव बना हुआ है, आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। बोडला राजस्व अधिकारी राजश्री पाडेय ने बताया कि बोडला तहसील क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति संभावनाओं पर लगातार मॉनटिंग की जा रही है। रेंगाखार तहसील क्षेत्र के 19 ग्रामों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, उन क्षेत्रों में राहत शिविर के माध्यम से राहत पहुंचाने के लिए संबंधित पटवारियों, ग्राम सचिव, कोटवारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बाढ़-आपदा एवं राहत-बचाव कार्य के लिए जिला शासन द्वारा कार्य योजना तैयार कर किया गया है। कबीरधाम जिले के छोटी-बड़ी प्रमुख 12 नदी-नालों के तट पर बसे 154 ग्रामों को संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए चिन्हांकित किया गया है। इन सभी ग्रामों को संभावित बाढ़ से बचान और राहत पहुचाने के लिए 58 राहत शिविरों का चिन्हांकन किया गया है। राहत शिवरों में शासकीय भवन, स्कूल, समाजिक एवं सामुदायिक भवन शामिल है। जिले के 8 तहसील क्षेत्रों के अंतर्गत 25 वर्षा मापी केंन्द्र स्थापित है।

### जिले में बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निर्देश पर जिले में बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07741-232038 है। उक्त नियंत्रण कक्ष 24 घंटा क्रियाशील रहेगा। इसके अतिरिक्त आपात स्थिति में इन दूरभाष नंबर एवं अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इन अधिकारियों में कवर्धा नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा का सपर्क नम्बर 94077-60744, जिला नगर सेनानी एवं प्रभारी फायर बिग्रेड अधिकारी, पुलिस नियत्रंण कक्ष 07741-232674,231887,100 अथवा 112, जिला चिकित्सालय 07741-233553 अथवा 108 पर त्वरित सूचना प्रेषित किया जा सकता है। इसके लिए अतिरिक्त संबंधित विभाग को कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और इसकी सूचना जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# एसपी अंकिता शर्मा की अहम बैठक, एचएम साहब के निर्देशों का पालन करने महकमे के अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





गृह मंत्री छ.ग. शासन के निदेशों के संबंध में सर्व राजपत्रित अधिकारियों/ थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बैठक ली है, ज्ञात हो कि बिलासपुर रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियो के साथ छ.ग. शासन के गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा समीक्षा बैठक ली गई थी, जिसमे बिलासपुर रेंज के सभी जिलों की पुलिस कार्यवाही एवं अपराध नियत्रंण की समीक्षा की गई थी शासन के निर्देशों के संबंध में अवगत कराने हेतु सक्ति जिले की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा अपने कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई थी।

जिसमें जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित थे। मादक पदार्थो के विक्रय/परिवहन तथा संग्रहण में शामिल असामाजिक तत्वों के विरूध कठोरता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये इस संबंध मे सूचना संकलन को और मजबूत करने पर बल दिया गया तथा मादक पदार्थो कि बिक्री में सलग्न पूरी चैन को टारगेट कर सबके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें एवं आरोपियों को हर हालत में न्यायालय से सजा दिलायी जा सके इस उद्देश्य से विवेचना करे, एनडीपीएस के ऐसे आरोपी जिनके विरुद्ध 01 से अधिक प्रकरण है, उनको भी चिन्हाकित करके एनडीपीएस के प्रावधानों के अतंर्गत पृथक से प्रतिबंधत्मक कार्यवाही करने के निदेश दिये गये ताकि छ.ग. की भोलि भाली जनता एवं युवा वर्ग को नशे की लत से बचाया जा सके। इसी प्रकार अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाये ताकि नशे के कारण होने वाले अपराधों पर नियत्रंण किया जा सके सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे लोगों को चिन्हाकित कर उनका अपराधिक अभिलेख भी तैयार करने की निर्देश दिये गये है। सभी थाना प्रभारियों को बेसिक पुलिसिंग/कम्युनिटी पुलिसिंग के अंतर्गत थाना क्षेत्र के ग्राम में चलित थाना लगाकर ऑनलाइन ठगी/सायबर फ्राड से संबंधित जानकारी दी जाये तथा यातायात के नियमो के पालन के प्रति भी जागरूक किया जाये अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलो में जाकर बच्चों को भी इस संबंध में जानकारी दी जाये ताकि वे अपने परिवार के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक कर सके क्योकि आज के बच्चे कल का भविष्य है। अच्छे काम करने वाले थाना प्रभारियों एवं स्टाफ को पुरुस्कृत किया गया है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार पीपीटी की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर कार्य करने और लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभागवार विभिन्न कार्यो की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभिन्न आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत रायस्त, परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज, जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, डभरा एसडीएम बालेश्वर राम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार बाराद्वार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती मनमोहन सिंह, तहसीलदार सुशीला साहू, तहसीलदार रविशंकर राठौर, तहसीलदार आशीष पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे, समय सीमा की बैठक के तुरंत पश्चात् कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर तोपनो ने राजस्व कार्यो में दुरुस्ती लाने तहसीलवार राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिएद्य बैठक में सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# मारवाड़ी मुक्तिधाम के शैड का हो रहा जीर्णोद्धार कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com







शहर के बाराद्वार रोड में स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में शैड का जीणोद्धार कार्य किया जा रहा है, उपरोक्त कार्य के लिए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के प्रयासों से शहर के विष्णु सर्विस सेंटर के संचालक एवं अग्रवाल सभा शक्ति के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल तथा अग्रवाल सभा शक्ति के कोषाध्यक्ष एवं शहर की प्रतिष्ठित फर्म बृजलाल श्यामलाल के संचालक मुकेश बंसल द्वारा उपरोक्त कार्य में सहयोग प्रदान करते हुए इसे करवाया जा रहा है, अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी मुक्तिधाम में समय-समय पर आवश्यकता अनुसार जीर्णोद्वार का कार्य करवाया जाता है, तथा पूर्व में चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के संयोजक श्याम अग्रवाल (चूड़ी वाले) एवं उनकी पूरी टीम द्वारा भी मुक्तिधाम को संवारने के लिए सकारात्मक पहल करते हुए अपना योगदान दिया गया एवं समाज के दानदाताओं के सहयोग से निरंतर मुक्तिधाम को अन्य बड़े शहरों की तरह और अधिक व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, तथा मारवाड़ी मुक्तिधाम में स्थित शेड खराब हो चुका था, जिसके चलते इस शैड का नया निर्माण करवाया जा रहा है, अग्रवाल सभा शक्ति ने शेड निर्माण में सहयोगी आनंद अग्रवाल एवं मुकेश बंसल का साधुवाद व्यापित किया है। ज्ञात हो की शक्ति शहर के मारवाड़ी मुक्ति धाम में जहां विगत कुछ वर्षो से निरंतर यहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया गया है, तो वही यहां अंतिम संस्कार के लिए भी 24 घंटे गोदाम का निर्माण कर लकड़ियां रखी जाती है एवं आवश्यकता अनुसार संबंधित परिवार लकड़ी लेकर अपने परिजनों का अंतिम संस्कार करते हैं, साथ ही इस पूरे परिसर में बैठक की सुंदर व्यवस्था तथा चारों ओर हर-भरे पेड़ पौधे भी लगाए गए हैं, एवं आने वाले दिनों में इस मारवाड़ी मुक्तिधाम को और अधिक व्यवस्थित तथा बड़े परिसर के रूप में भी विकसित करने की योजना है, तथा विगत वर्षो तत्कालीन अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने भी इस मारवाड़ी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कार्य में जरूरतमंद परिवार को निशुल्क लकड़ी उपलब्ध करवाने की भी व्यवस्था की है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याये

**सक्ति।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए है, जनदर्शन में तहसील जैजैपुर अन्तर्गत ग्राम कचन्दा निवासी विजय कुमार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाने के सम्बंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम कर्रापाली निवासी भगतराम सहित अन्य 4 ग्रामवासी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण की मजदूरी राशि नही मिलने के सम्बंध में, तहसील सक्ती निवासी सत्यनारायण ने जमीन के संबध में, तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम बेलकर्री निवासी राजकुमार ने शासकीय भूमि में प्रतिबंधित मौहा पेड़ को काटने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के सम्बंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम पलाड़ीखुर्द निवासी हेमलता साहू पति संतोष साहू ने मनरेगा अन्तर्गत मशरूम उत्पादन शेड निर्माण करने के सम्बंध में, तहसील जैजैपुर अन्तर्गत ग्राम जुनवानी निवासी संतराम लहरे ने ग्राम जुनवानी में ग्राम पटेल नियुक्त करने के सम्बंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम संतगढ सखी सहेली स्व सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान अमेराडीह महिला स्व सहायता समूह का बारदाने की राशि प्रदान करने के संबंध सहित अन्य आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया। जिस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है।

# सीमेंट के दाम में वृद्धि कर शासन जनता से हर माह 18 सौ करोड़ रुपए वसूल रही : हरितवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के बिलासपुर प्रभारी सुबोध हरित वाल ने सीमेंट कंपनियों द्वारा सीमेंट के दाम में प्रति बोरी 50 रुपए की वृद्धि किए जाने पर प्रदेश सरकार से पूछा है यह कौन सा टैक्स है जो प्रदेश की जनतापर लादा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सीमेंट के दाम में बढ़ोतरी से 18 सौ करोड़ रुपए प्रतिमाह अतिरिक्त राशि की जो वसूली हो रही है वह कहां जा रहा है और सरकार को बताना चाहिए कि यह मूल्य वृद्धि विष्णुभोग टैक्स है या फिर चौधरी टैक्स। कांग्रेस नेता सुबोध हरितवाल ने कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है। 'विष्णुभोग' के लिए वसूला जा रहा है 50 रुपया प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम, अचानक 200 से बढ़ाकार 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए मजबूर कर रही है भाजपा सरकार। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है, पहले केंद्र की मोदी सरकार 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब साय सरकार के सरंक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। हर सर पर छत का वादा करके सरकार में आयी भारतीय जनता पार्टी के शासन में भवन निर्माण की सामग्रीयों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। रेत के दाम पिछले 9 महीने में चार गुना बढ़ गए, स्टील की कीमते दुगना हो गई है और अब सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रति बारी की वृद्धि से गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के अपने घर के सपनों पर करनी चोट है। पीएम आवास योजना पर भी विपरीत असर पड़ेगा। हरित्वाल ने कहा देश और प्रदेश के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में सीमेंट एक अहम घटक है, सीमेंट के दाम में वृद्धि से न केवल निजी बल्कि सरकारी प्रोजेक्ट में भी निर्माण लागत बढ़ जाएगी, पुल पुलिया, बांध, सीसी रोड, भवन निर्माण कार्य प्रभावित होंगे, रियल एस्टेट सेक्टर में भी नकारात्मक प्रभाव निश्चित है। रोजगार पैदा करने में कृषि के बाद रियलस्टेट दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है, सीमेंट की कीमत में अचानक वृद्धि से रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी, लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे ।पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित सरंक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है, जनता को लुटने का कोई अवसर डबल इंजिन की सरकार नहीं छोड़ रही है।

# सिलिकोसिस फैलाने वाले फैक्ट्री मालिक के खिलाफ तत्काल दर्ज करें गैर इरादतन हत्या का मामला : उमा राजेंद्र राठौर

### कृष्णा इंडस्ट्रीज को गांव से हटाने जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर समेत राष्ट्रपति से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com






सिवनी बहेराडीह में सालों से शासकीय पट्टे की भूमि पर संचालित कृष्णा इंडस्ट्रीज लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। फैक्ट्री में काम करने वाले दर्जनभर से अधिक मजदूरों की मृत्यु सिलिकोसिस नामक जानलेवा बीमारी से हो गई। फिर भी प्रशासन अभी और मजदूरों की मौत का इंतजार कर रही है। तभी तो अभी तक फैक्ट्री मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज नहीं किया गया है। इससे नाराज जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने कलेक्टर समेत कमिश्नर, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आदि को शिकायत भेजी हैं और मामले की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर शिकायतकर्ता जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है। जिला पंचायत सदस्य उमा राजेंद्र राठौर ने बताया कि सिवनी बहेराडीह मेरा क्षेत्र है। जहाँ सालों से शासकीय पट्टे की भूमि पर नियमविरुद्ध संचालित कृष्णा इंडस्ट्रीज के प्रदूषण से होने वाले सिलिकोसिस नामक जानलेवा बीमारी से अब तक दर्जनभर से अधिक गरीब मजदूरों की अकाल मृत्यु हो गई। इस मामले को लेकर फैक्ट्री के विरुद्ध 11 विन्दुओं पर कलेक्टर के जनदर्शन में ग्रामीणों के साथ मिलकर कई बार लिखित रूप में शिकायत दर्ज किया गया। लेकिन कार्यवाही नहीं होने पर इस मामले की शिकायत कमिश्नर बिलासपुर, प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, महामहिम राज्यपाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू को शिकायत भेजी गई है। उसके बावजूद भी कार्यवाही नहीं होने पुनः स्मरण पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन का स्पष्ट रूप से निर्देश है कि यदि कोई फैक्ट्री में पत्थरों की पिसाई का काम होता है और पिसाई के दौरान हवा के साथ उड़ने वाली धूल के कण पर सिलिकॉन पाई जाती है तथा टीबी के साथ साथ मानव शरीर पर सिलिकोसिस नामक जानलेवा बीमारी की मृत्यु की पुष्टि होती है।ऐसे उद्योग मालिक के खिलाफ तत्काल संबंधित थाने में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किये जाने का प्रावधान है लेकिन यहाँ स्थापित कृष्णा इंडस्ट्रीज से एक नहीं बल्कि 6 मजदूरों की मृत्यु सिलिकोसिस से होने की पुष्टि स्थानीय प्रशासन ने किया है और एक मजदूर संतोष यादव के मौत का मामला श्रम न्यायालय में लंबित है। उसके बाद भी अभी तक फैक्ट्री मालिक के खिलाफगैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज पुलिस थाने में नहीं किया जाना यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन दोषियों को बचाने में लगी है। स्थानीय प्रशासन के इस कृत्य से गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## अवैध उत्खनन पर प्रशासन ने करी फिर बड़ी कारवाई, जेसीबी और ट्रैक्टर वाहन जप्त




**सक्ति।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार एवं डभरा एसडीएम बालेश्वर राम के मार्गदर्शन में थाना डभरा



क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकराली से अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर तहसीलदार डभरा एवं डभरा थाना पुलिस के संयुक्त टीम के द्वारा दो हाईवा, दो ट्रैक्टर एवं एक जेसीबी को जप्त कर थाना डभरा के सुपुर्द किया गया है। हाईवा एवं ट्रैक्टर चालक के द्वारा मौके पर वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई। अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत के परिपेक्ष में यह कार्रवाई की गई है। तहसीलदार डभरा डॉ. रविशंकर राठौर के द्वारा बताया गया किसी भी प्रकार के अवैध कार्य पर यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी । उक्त कार्रवाई तहसीलदार डभरा डॉ. रविशंकर राठौर, नायब तहसीलदार आशीष पटेल, थाना प्रभारी प्रवीन राजपूत, पटवारी देव कश्यप के संयुक्त टीम की उपस्थित में की गई है।

# अधिकारों का हनन और आवाज उठाने पर हो रहा दमन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




बुधवार को बिलासपुर प्रेस क्लब पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय, एनएसयूआई के मणि वैष्णव, राहुल जायसवाल, राजू यादव ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार चाहती है कि अन्याय के खिलाफ कोई आवाज ना उठाए और अगर उठाया तो जेल जाए। इस बात को साय सरकार बार-बार जनता को याद दिला रही है। चाहे सतनामी समाज के लिए आवाज उठाने वाले विधायक देवेंद्र यादव की बात हो चाहे हसदेव बचाने की मांग करने वाले आदिवासियों की बात हो या फिर मासूम छात्राओं के लिए आवाज उठाने वाले राहुल हंसपाल की बात हो।

बिलासपुर के पचपेड़ी छात्रावास में जो घटना हुई वह बेहद दुखद है। खराब भोजन की शिकायत करने पर अधीक्षिका बच्चियों को बाथरूम के विडियो वायरल करने की धमकी देती है। बच्चे इसके खिलाफ धरने पर बैठते हैं तो तहसीलदार जेल भेजने की धमकी देती हैं। मामले को संज्ञान में लेकर एनएसयूआई के छात्र नेता बच्चों के बीच पहुंचते हैं तो इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाती है।

छात्राओं को जेल भेजने की धमकी देने वाली तहसीलदार का विरोध करने पहुंचे छात्र नेता पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत छात्रावास में छात्राओं द्वारा चक्काजाम और महिला तहसीलदार द्वारा छात्राओं को जेल भेजने का वीडियो वायरल होने के अन्य के खिलाफ फर्जी मामलों में एफआईआर दर्ज कर दी गयी। बाद वहाँ विरोध करने पहुँचे एनएसयूआई छात्रनेता राहुल हँसपाल व छात्रनेता छात्राओं के साथ मिलकर बी ओ शिवराम टंडन, तहसीलदार माया आंचल और छात्रावास अधीक्षिका संगीता टंडन को निलंबित करने की मांग और छात्रावास में सुरक्षा की मांग कर रहे थे।

विरोध प्रदर्शन और धमकी की वीडियो वायरल होने के बाद छात्रावास अधीक्षिका को निलंबित तो कर दिया गया मगर कुछ देर बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा पचपेड़ी थाना में कार्यकर्ताओं के विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एफ आई आर भी दर्ज कर दी गयी।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को 5 घंटे थाने में बिठाने के बाद मुचलके में रात्रि 10 बजे छोड़ा गया। साय सरकार को यदि अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने से इतनी ही परेशानी है तो उन्हें लिखित तौर पर एक सरकारी आदेश जारी कर देना चाहिए कि साय सरकार के विरुद्ध कोई भी आवाज ना उठाये। भाजपा की साय सरकार कितना भी दमन करने का प्रयास कर ले कांग्रेस के लोग जनता के साथ खड़े हैं और उनके हक के लिए आवाज उठाने के लिए सब कुछ सहने को तैयार हैं।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**सक्ति।** जिला सक्ती अंतर्गत माह सितंबर 2024 में 13 सितंबर को विकासखंड मालखरौदा के हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंघरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त तिथि को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एंव प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट 2002 के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया गया था, इसके द्वारा उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति से सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार वास्ते और भविष्य के ब्याज के अधीन होगा, जैसा कि उल्लिखित है। उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तारीख से पहले किसी भी समय सभी लागत प्रभारों और खर्चों के साथ "आईआईएफएल एचएफएल" की बकाया राशि को स्वीकार करता है, सुरक्षित परिसंपत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा या स्थानांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ का नाम शाखा | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) | कुल बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| टेक्नोड्रिलर्स, आदित्य बोर वेल्स, श्री उत्सव जैन, श्री राहुल जैन, श्रीमती वीणा जैन, श्रीमती छाया जैन और श्री उत्कर्ष जैन (प्रोस्पेक्ट नं. 856695 और 936325 और 948598 और 948599 और 963400) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि खसरा नं. 199/15, क्षेत्रफल 5625 वर्ग फुट, रकबा 562, पीएच नं. 105, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड क्रमांक 52, नवदुर्गा नगर, चौरसिया कॉलोनी, ग्राम मठपुरेना, आर.एन.एम. रायपुर-2, तहसील और जिला रायपुर, 492001, छत्तीसगढ़, भारत चौहद्दी: इरा इंफ्राटेक की भूमि, दक्षिण में - खदान, पूरब में - बाबला साहा का कारखाना, पश्चिम में - इरा इंफ्राटेक की भूमि | प्रॉस्पेक्ट सं. 856695 रु. 5,95,84,399/- (रु. पाँच करोड़ पिच्चान्वे लाख चौरासी हजार तीन सौ निन्यानवे मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 936325 रु. 1,12,43,948/- (रु. एक करोड़ बारह लाख तैंतालीस हजार नौ सौ अड़तालीस मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 948598 रु. 43,09,670/- (रु. तैंतालीस लाख नौ हजार छह सौ सत्तर मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 948599 रु. 4,78,00,273/- (रु. चार करोड़ अठहत्तर लाख दो सौ तिहत्तर मात्र) प्रॉस्पेक्ट सं. 963400 रु. 29,76,290/- (रु. उनतीस लाख छिहत्तर हजार दो सौ नब्बे मात्र) | 05.05.2022 | 10.09.2024 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी, रालपुर के सामने, छ.ग. 492001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. 98, पीएच-IV उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में संपर्क करें।

स्थान : रायपुर, तिथि : 12.09.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

# 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक चलाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने कहा कि 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा तथा 02 अक्टूबर को ''स्वच्छ भारत दिवस'' मनाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा और सूची तैयार करने और सभी जनपद सीईओ को अपने विकासखंडो में कार्यक्रम का आयोजन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों में 03 मुख्य आधार स्तम्भ है, जिनमें स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफ ई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने बताया कि 14 सितम्बर से अभियान की शुरुआत होगी, जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि शैक्षणिक सामूहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, क्विज एवं जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में फूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार किया जाएगा। जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावासों में वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से सुसज्जित करना एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वच्छता चैपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाएगा। स्वच्छ ग्राम पंचायत एवं स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन, वाल पेंटिंग्स एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने लक्ष्य के विरुद्ध आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी ली और धीमी प्रगति पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मितानिनों के सहयोग से मिशन मोड में कार्य करते हुए शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों, मवेशियों का टीकाकरण, नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास, पीएम स्व निधि, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में पीएम जन औषधि केंद्र शीघ्र खुलवाने के लिए भी कहा। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, एसडीएम लोरमी अजीत पुजारी, एसडीएम पथरिया बी. आर. ठाकुर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विष्णु भोग के नाम पर वसूली करने से सीमेंट के दाम में वृद्धि : भावसिंह



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश में लगातार सीमेंट की कीमतों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस हमलावर होने के अलावा आम लोगो के बीच भाजपा को जमकर कोस रही है बकायदा इसके प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जा रहा है ताकि बीजेपी की विष्णु भोग से बढ़ कीमतों आम जनता तक लाया जा सके इसी तर्ज पर प्रदेश कांग्रेस के निर्देष पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहु सहित अन्य पदाधिकारियों प्रेसवार्ता लिया और विष्णुदेव साय सरकार की जमकर मुखालिफत किया इस बीच भावसिंह साहू लोकेंद्र कोमर्रा दुर्गाचरण अवस्थी सोदरकश्यप अरुण सोनवानी सूरज शर्मा बासुदेव बीसी अनामो बघेल जयकुमार यादव चूड़ामनी साहू राकेश ध्रुव नंदकुमार साहू उमेश डोंगरे भविष्य प्रधान नवीन सेन धनीराम नायक मौजुद रहें मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहु ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही तो इस तरह की लूट देखने को नही मिलता रहा लेकिन भाजपा सरकार ने जमकर लूट मचाया उदाहरण के तौर पर जो सीमेंट की बोरी 260 रुपए से बढ़कर 310 हो गया है जिसे लेकर भावसिंह ने विष्णु भोग बताते जनता से वसूली करने का आरोप लगाया क्योंकी छत्तीसगढ सीमेंट बड़ा उत्पादक राज्य है जहां हर माह 30 लाख टन से अधिक सीमेंट उत्पादन होता और इस सीमेंट पहले ही 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर गरीबों की कमर तोड़ा रहा और अब विष्णुदेव साय सरकार की कमीशनखोरी के चलते सीमेंट की कीमतों बढ़ोतरी हो रहा है ऐसे में गरीबों के आवास के साथ साथ पुल पुलिया बांध सीसी सड़क भवन जैसे अन्य निर्माण कार्य प्रभावित होंगे इसके अलावा जिला अध्यक्ष साहु ने यह भी कहा कि पिछले 9 महीने में रेत के दाम 4 गुना बढ़ा है जबकि स्टील की कीमतें दोगुना हो गया है मतलब विष्णुदेव साय सरकार मध्यमवर्गी और गरीबों के आवास के सपनो पर गहरी चोट पहुंचा रहे हैं इसी तरह यूवा कांग्रेस अध्यक्ष भविष्य प्रधान ने कहा कि भाजपा सुशासन के जगह कुशासन चला रही हैं जिन प्रदेशवासियों को भूपेश बघेल सरकार ने अपने विभिन्न योजनाओ से राहत पहुंचाने के साथ सवल्मबन बनाया था आज उन्हें दोगुना बिजली बिल पैट्रोल डीजल सहित रजिस्ट्री मे 30% छूट को खतम कर दिया इसलिए गरीब किसान मजदूर सहित तमाम वर्ग में साय सरकार के खिलाफ आक्रोश है और इसके मद्देनजर सीमेंट की बोरी में बढ़ाए गए 50 रुपए के दाम को वापस करने की मांग करने की बात कही

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शासन द्वारा गरीबों एवं कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना संचालित की जा रही है। आयुष्मान कार्ड से बीपीएल परिवार के तहत पांच लाख रुपये तथा एपीएल में 50 हजार तक का फायदा ले सकते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री सहायता योजना के तहत 20 लाख का निःशुल्क ईलाज का फायदा लिया जा सकता है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम जरहागांव में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य अमलों द्वारा डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क किया गया और उन्हें योजना की जानकारी दी गई। साथ ही छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। ग्राम की इंदिरा बाई मिरी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए काफी दिनों से सोच रही थी, लेकिन समय के अभाव के कारण वह अपना कार्ड नहीं बनवा पाई थी। ग्राम में स्वास्थ्य अमला के द्वारा घर में ही आयुष्मान कार्ड बना कर दिया गया, इसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# 14 सित. से 2 अक्टू. तक होंगे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार के विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2004 तक स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) अभियान के तहत प्रतिदिवस होंगे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने जिलास्तरीय स्टीयरिंग समिति की बैठक में विकासखंड, ग्राम पंचायत के साथ-साथ शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर पालिक निगम, नगर पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत को कार्यक्रम आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य के संबंध में भी यह बताया कि-राष्ट्रीय स्तर पर 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह कार्यक्रम वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान रूप में निरंतर मनाया जा रहा है, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामूहिक रुप से अपने गांव क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका को निभायें। इस वर्ष हम स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की 10वीं वर्षगांठ भी मना रहे है। इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक ''स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता'' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 मनाया जायेगा, जिसमें 02 अक्टूबर 2024 को ''स्वच्छ भारत दिवस'' मनाया जायेगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों (ब्लैक स्पॉट) की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, विछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में किये गये कार्यों, उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 में ''स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता'' के अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों के प्रमुख तीन स्तंभ-स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाई शामिल है, सफाई-मित्र सुरक्षा शिविर के साथ सभी विकासखण्डों में स्वच्छता ही सेवा-2024'' अभियान का सफल आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में सुनिश्चित करने कहा गया। साथ ही ''स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की ऑनलाईन रिपोर्ट पोर्टल पर की जानी है। कैंपेन के तहत किये जाने वाले कार्य होंगे-वेस्ट टू बेस्ट आर्ट इवेंट, वॉल पेटिंग-कांटा तालाब, मकई पार्क एवं, कारगिल उद्यान, नेहरू पार्क में स्वच्छता लेख लिखाया जाना है, चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में श्रमदान, समस्त स्कूलों में स्वच्छता के संबंध में स्लोगन, ग्रिटिंग कार्ड, कविता, स्वच्छता शपथ-समस्त स्कूलों में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता प्रेक्टिस हाथ धुलाई कार्यकम एवं स्वच्छता संबंधी कार्य, नुक्कड़ नाटक आयोजन, मकई पार्क में फूड स्टॉल में स्वच्छता अभियान, बाजार क्षेत्र में थैला का वितरण, प्लास्टिक फ्री जोन डिकलेयर एवं कार्यवाही, वृहद सफाई अभियान, शैक्षणिक संस्थानों की साफ-सफाई, सार्वजनिक एवं बाजार क्षेत्रों की सफाई, टूरिस्ट स्पाट एवं मंदिरों की सफाई, शासकीय कार्यालयों की साफ-सफाई एवं शपथ ग्रहण, समस्त सीटी-पीटी की साफ-सफाई, समस्त स्कूलों में निबंध लेखन, पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, स्वच्छता की पाठशाला, समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पीपीई का वितरण, समस्त कर्मचारियों को शासन महत्वपूर्ण योजनाओं को लाभ दिलाये जाने हेतु कैंप का आयोजन, बेस्ट स्वच्छता कर्मचारियों का सम्मान, सबसे स्वच्छ गणेश पंडाल वाले का सम्मान 02 अक्टूबर 2024, स्कूलों में स्वच्छता के संबंध में स्लोगन, ग्रिटिंग कार्ड, कविता लेखन, निबंध लेखन, पेटिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का सम्मान किया जायेगा।

# राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत पोषण के प्रति किया जा रहा जागरूक

**मुंगेली।** जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं और बच्चों के अभिभावकों की उपस्थिति में पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोषण माह अंतर्गत 06 सितम्बर को सेक्टर पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा जिले के आंगनबाड़ियों में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पोषण आहार, 36 प्रकार की भाजियों एवं उससे मिलने वाले पौष्टिक तत्वों के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं 07 सितम्बर को आंगनबाड़ी केन्द्रों में 06 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसी तरह 08 सितम्बर को छत्तीसगढ़ी व्यंजन व फल एवं सब्जियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 09 सितम्बर को पोषण के प्रति जागरूक करने के साथ ही लोगों को रंगोली, चित्रकला, नारालेखन के माध्यम से जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत 30 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती, शिशुवती महिलाओं और 03 से 06 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया रेज़र 50 : भारत के फोल्डेबल स्मार्टफोन मार्केट में हलचल मचाते हुए, सेगमेंट की सबसे बड़ी 3.6 इंच की बाहरी



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोबाइल तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी मोटोरोला ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन मोटोरोला रेज़र 50 के लॉन्च के साथ फिर से फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाई है, जो रेजर फ्रैंचाइजी में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। रेज़र फ्रैंचाइज़ में इस नवीनतम पेशकश से स्मार्टफोन तकनीक में निरंतर प्रगति देखने को मिलती है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा 3.6 एक्सटर्नल डिस्प्ले शामिल है, जो सीधे गूगल जेमिनी एक्सेस प्रदान करता है। मोटो एआई द्वारा संचालित प्रभावशाली 50एमपी कैमरा सिस्टम के साथ, जिसमें ओआईएस और इंस्टेंट ऑल पिक्सल फोकस शामिल है, रेज़र 50 अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करता है। यह त्योहारी सीजन में सीमित अवधि के विशेष प्रारंभिक मूल्य पर केवल 49,999 में उपलब्ध है, जो इसे इस सीजन की एक जरूरी खरीदारी बनाता है। मोटोरोला रेज़र 50, अपने पूर्ववर्ती रेज़र 50 अल्ट्रा की तरह, फोल्डेबल तकनीक को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा और उन्नत एक्सटर्नल डिस्प्ले दिया गया है।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र जिला चिकित्सालय में 1800 बच्चों को मिला स्वास्थ्य लाभ



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय मुंगेली में पोषण पुनर्वास केन्द्र के प्रारंभ होने से अब तक 1800 से अधिक गंभीर कुपोषित बच्चों को रखकर स्वास्थ्य लाभ दिया गया है। बता दें कि पोषण पुनर्वास केंद्र सुविधा आधारित देखभाल इकाइयाँ हैं, जहाँ पाँच वर्ष से कम आयु के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का उपचार के लिए भर्ती कराया जाता है। माताएँ अथवा देखभालकर्ता एनआरसी में बच्चों के साथ रहती हैं और एनआरसी से छुट्टी के बाद बच्चे की देखभाल कैसे करें, इस पर परामर्श सत्र में भाग लेती हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार विशेष खाद्य पदार्थ, पोषण संबंधी पूरक, दवाएँ दी जाती हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि एनआरसी जिला चिकित्सालय मुंगेली के नोडल डॉ. कमलेश खैरवार, हॉस्पिटल सलाहकार श्रीमती सुरभि केशरवानी द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान जैसे स्तनपान सप्ताह, सुपोषण सप्ताह, पोलियो मुक्त, कृमि दिवस, डायरिया से बचाव आदि का आयोजन किया जाता है। वहीं डॉ. प्रदीप जायसवाल द्वारा 24'7 स्वास्थ्य सुविधा दी जाती है। पोषण पुनर्वास केन्द्र से छुट्टी के बाद बच्चों के पौष्टिक खाद्य पदार्थों के लिए माताओं को 2250 रूपए प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। बच्चों का 15 दिन बाद 04 बार फॉलोअप लिया जाता है। फालोअप के दौरान बच्चे की मां को साफसफाई, उचित पोषण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारियां दी जाती है।

# AICTE और OPPO India ने पूरे देश के कॉलेजों में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के अंतर्गत ई-वेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम शुरू किया




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन और OPPO India ने देश में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट जागरुकता अभियान (ई-वेस्ट) के अंतर्गत रामजस कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी में 'जनरेशन ग्रीन' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की। इसके साथ ही यह कॉलेज इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला 'ईको-कॉन्शियस चैंपियन इंस्टीट्यूट' बन गया है। OPPO India और AICTE ने कार्यक्रम के पहले चरण में भारत में कॉलेजों के युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान करके उनमें हरित कौशल को बढ़ावा दिया। इन इंटर्नशिप्स के लिए 1,400 से ज्यादा संस्थानों के 9,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5000 विद्यार्थियों का चयन किया गया। अब इन विद्यार्थियों को जागरुकता के सत्रों, ई-सर्वे, ग्रीन डे जश्नों के आयोजनों जैसी सस्टेनेबिलिटी की गतिविधियों में लगाया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में युवाओं को इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट की बढ़ती चुनौतियों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट में खराब तार, मोबाईल फोन, चार्जर, बैटरी आदि आते हैं, जिन्हें एक सस्टेनेबल भविष्य के लिए प्रभावी तरीके से संभाला जाना आवश्यक है।

# राष्ट्रीय पोषण माह रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। अपनी फिटनेस की दिनचर्या और आदतों के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, मैं सोच-समझकर सेहतमंद खानपान की आदतों को पालन करती हूं। साथ ही अपने पोषण पर भी नजर रखने की कोशिश करती हूं, क्योंकि अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए ये बेहद जरूरी है। मुझे हर मील में पौष्टिकता से भरपूर फूड्स को शामिल कर खाने का पहले ही प्लान करना पसंद है।

# टाटा मोटर्स ने 'फेस्टिवल ऑफकार्स' लॉन्च किया, अविश्वसनीय दामों पर मिलेंगी कारें एवं एसयूवी



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की अग्रणी ऑटोमोटिव कंपनी टाटा मोटर्स ने अपना सबसे बड़ा 'फेस्टिवल ऑफकार्स' लॉन्च किया है, जो त्यौहारों के इस सीजन में बेहतरीन ऑफर्स दे रहा है। कंपनी की लोकप्रिय कारें और एसयूवी ऐसी कीमतों पर पहली बार मिल रही हैं और उपभोक्ता के लिये हमारे शोरूम्स पर कई दूसरे फायदे भी उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर ग्राहक 2.05 लाख रूपये के लाभ प्राप्त कर सकते हैं और उनके लिये यह अविश्वसनीय दामों पर अपने सपनों की कार खरीदने का बढ़िया मौका है। त्यौहारों के लिये खास ऑफर 31 अक्टूबर, 2024 तक की सीमित अवधि के लिये पेट्रोल, डीजल और सीएनजी से पावर्ड सभी कारों तथा एसयूवी पर उपलब्ध हैं। फेस्टिवल ऑफ कार्स की घोषणा करते हुए, टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, त्यौहारों का सीजन आने के साथ ही, हम अपने ग्राहकों के लिये ढेर सारे आकर्षक ऑफर्स लाकर बहुत खुश हैं। आईसीई व्हीकल्स पर कुल 2.05 लाख रुपये तक के फायदों के साथ, इस साल त्यौहारों के जश्न में कीमतों की सीमित समय के लिये, लेकिन आकर्षक गिरावट और साथ ही एक्सचेंज तथा कैश के लुभावने फायदे शामिल हैं।

# दिनेश जोतवानी और टीम का प्रभावी तर्क : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को सौंपी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर (शुक्रवार) को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को एक वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी की पत्नी की संदिग्ध मौत की जांच करने का निर्देश दिया। यह आदेश मंदाकिनी दीवान एवं अन्य बनाम छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अन्य मामले में पारित किया गया, जिसमें मृतक रंजना दीवान की मां और भाई ने निष्पक्ष जांच की मांग की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुनाया। मृतक की 2016 में मृत्यु हुई थी, जो उनकी शादी के लगभग दो साल बाद हुई। याचिकाकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ पुलिस पर पक्षपात और अनुचित प्रभाव डालने का आरोप लगाया, जिसके बाद उन्होंने मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है, ताकि मृतका की मौत की सच्चाई सामने आ सके। अपीलकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता दिनेश जोतवानी, धवेश पाहुजा, भार्गव बैसोया, श्रुति सिंह, शिवालिका मिधा, नरेंद्र बहादुर तिवारी, नीलेश शर्मा और साकेत गोगिया उपस्थित हुए। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जल्द से जल्द जांच पूरी करने और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि यदि सीबीआई को एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता महसूस होती है, तो वह ऐसा कर सकती है और मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचा सकती है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**
+91-7856-252240
+91-7856-252475
ee.dantewada@nic.in

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

नि.क्र. 12/व.ले.लि./24-25 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 10/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत "द" श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :- 20.09.2024**

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | विकासखण्ड दन्तेवाडा, गीदम के कृषकों हेतु चैनलिंक तारफेंसिंग कार्य (कुल 06 कृषक) | 15.66 |
| 2. | विकासखण्ड गीदम के कौरगांव के कृषक हेतु चैनलिंक तारफेंसिंग कार्य (कुल 18 कृषक) (भाग-02) | 46.98 |
| 3. | विकासखण्ड गीदम के कौरगांव के कृषक हेतु चैनलिंक तारफेंसिंग कार्य (कुल 11 कृषक) (भाग-03) | 28.71 |
| 4. | विकासखण्ड गीदम के कृषकों हेतु चैनलिंक तारफेंसिंग कार्य (कुल 05 कृषक) (भाग-04) | 11.745 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

जी.-242502393/4

कार्यपाल अभियन्ता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग,
दन्तेपाडा



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस**

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण का लाभ उठाया। नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों को गिरवी रखकर सुरक्षित किए गए हैं। चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए थे, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। उनके द्वारा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि निम्नलिखित तालिका में विशेष रूप से वर्णित संबंधित नोटिस के अनुसार उल्लेख किया गया है और उक्त राशि पर आगे ब्याज भी लागू होगा और इसका शुल्क उनकी संबंधित तिथियों से संविदात्मक दर के अनुसार लिया जाएगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | ऋण का प्रकार | उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के नाम | धारा 13(2) नोटिस दिनांक | धारा 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 68080626 | सम्पत्ति विरूद्ध ऋण | 1. आकाश कुमार बंजारी<br>2. धनेश्वरी बंजारी<br>3. बिमला धीवर | 31.07.2024 | रु.2,61,791.21/- |
| **सम्पत्ति का पताः** सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 10, क्षेत्रफल 44 वर्ग मीटर, आबादी भूमि खसरा नं. 148 का हिस्सा, मौजाः बरबंदा, पीएच नं. 14, नया आरआईसी-रायपुर-16-सारागांव, तहसील और जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़-493111, और चौहद्दीः पूरब में - गली, पश्चिम में - लीलाबाई, उत्तर में - लीलाबाई, दक्षिण में - गली | | | | | |
| 2 | 105774004 | सम्पत्ति विरूद्ध ऋण | 1. दुर्गेश कुमार सेन<br>2. थनवरीन सेन<br>3. ममता सेन<br>4. नुकेश सेन<br>5. गौरी सेन | 24.08.2024 | रु.17,25,173.49/- |
| **सम्पत्ति का पताः** सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी मकान आबादी भूमि, खसरा सं. 658 का हिस्सा, क्षेत्रफल 1450 वर्ग फीट, मौजाः गनौद, पीएचनं. नं. 26, पुराना आर.आई.सी. मंदिर हसौद, नया आर.आई.सी. पलौद, पुरानी तहसीलः आरंग, नई तहसीलः मंदिर हसौद, जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़-492101, तथा चौहद्दीः पूरब में - मुकुट का मकान, पश्चिम में - गली, उत्तर में - बिसाहत का मकान, दक्षिण में - गली | | | | | |

आपको आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उपरोक्त तालिका में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर और अन्य लागत, शुल्क आदि के साथ, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) की देय राशि की वसूली के लिए यहां उल्लिखित गिरवी संपत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत उक्त सुरक्षित संपत्तियों को बिक्री/पट्टे या अन्यथा के माध्यम से स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात)

दिनांकः 12.09.2024
स्थानः छत्तीसगढ़

# लगातार 36 घंटों से बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन, कईयों ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मांगी मदद, हजारों घर प्रभावित

## राजनांदगांव जिला मुख्यालय के आसपास शिवनाथ की रौद्रता ने डराया, हजारों की आबादी संकट में

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बाढ़ आपदा के बीच लगातार 36 घंटों से एसडीआरएफ (स्टेट डिज़ास्टर रिस्पोंस फोर्स) बचाव अभियान में जुटी हुई है। प्रभावित गांव के लोग बाढ़ नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर मदद मांग रहे हैं। ऐसे कई लोगों को रेस्क्यू किया गया है जिन्होंने फोन कर बाढ़ की सूचना देते हुए फंसने की जानकारी दी थी। प्रभावित कई इलाकों में 3 से 5 फीट तक पानी जमा हो गया है। सैकड़ों परिवार इसकी जद में आए हैं जिन्हें राहत शिविर शिफ्ट किया गया है। फिलहाल राजस्व अमला नुकसान के आंकलन में जुटा हुआ है। विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भी राहत शिविरों का दौरा कर हालात का जायजा लिया है। उन्होंने इस आपदा से निपटने को लेकर देर शाम प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक भी ली है।

मंगलवार को पड़ोसी जिलों में बाढ़ से बिगड़े हालात के बीच मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात शिवनाथ का जलस्तर और भी तेजी से बढ़ गया। प्रमुख जलाशयों से डिस्चॉर्ज वॉटर के चलते नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसे इस तरह भी समझा जा सकता है कि मोहारा में शिवनाथ के एनीकट से तकरीबन 15 फीट ऊपर तक पानी का तेज बहाव रहा। तड़के यहां मौजूद बड़े पुल तक पानी पहुंच गया। बाढ़ग्रस्त इलाकों में नाव से मदद पहुंचाई जा रही है। कई गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। राजनांदगांव जिले में नदी किनारे कई इलाके डूब गए। यही नहीं बाढ़ का पानी डूबान क्षेत्र से भी आगे आ गया। रात-दिन अलग-अलग जगहों पर रेसक्यू ऑपरेशन जारी रहे। शहर से लगे मोहारा, हल्दी, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसी तरह ग्राम जंगलेसर, धीरी, ईरा, धामनसरा, बुंदेलीकला, रेंगाकठेरा, भर्रेगांव, बांकल, भंवरमरा में भी बाढ़ ने उत्पात मचाया है। प्रशासन ने सभी टीमों को हाई अलर्ट पर रखा है। जिन इलाकों से पानी उतर गया है उन क्षेत्र में सर्वे किया जा रहा है। दो दिनों की बारिश के बाद बुधवार को बरसात थमी रही। इस बीच जगह-जगह ढहे हुए मकानों के लिए मुआवजा प्रकरणों की फाईल भी तैयार की जा रही है। कलेक्टर ऐसे मामलों में तेजी बरतने के निर्देश पहले ही दे चुके हैं।




यह तस्वीर ग्राम जंगलेसर की है। बुधवार तड़के यहां अचानक पानी जमा होने लगा। सुबह तक गांव में कमर तक पानी जमा हो चुका था। परिवार घर की छतों पर आश्रय लिए हुए थे। कच्चे मकान में रहने वाले परिवारों को राहत शिविर पहुंचाया गया।

### दो दिनों से ऑपरेशन्स में जुटे हुए हैं होमगार्ड

होमगार्ड के जिला सेनानी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ टीम अलग-अलग हिस्सों में लगातार रेस्क्यू में जुटी हुई है। प्रशिक्षित तैराकों के सहारे लोगों को बचाया जा रहा है। कुछ जगहों पर लोग घरों में फंसे हुए थे तो कुछ अचानक आई बाढ़ के चलते नदी के आसपास के हिस्सों में फंस गए थे। कुछ बचाव अभियान काफी मुश्किल साबित हुए। होमगार्ड के सैकड़ा भर से ज्यादा जवान राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। 24 घंटे इन्हें अलर्ट पर रखा गया है। रात के अंधेरे में भी मुश्किल राहत कार्य किए जा रहे हैं।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मांगी मदद

डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष सक्रिय है और यहां से मदद मांगने वालों की पूरी जानकारी संबंधित अधिकारियों को तत्काल मुहैया कराई जा रही है ताकि उन्हें तुरंत सहायता मिल सके। बुधवार की सुबह तक 6 अलग-अलग गांवों के लोगों ने खुद के फंसे होने की जानकारी नियंत्रण कक्ष को दी थी। त्वरित तौर पर एसडीएम, तहसीलदार, संबंधित पुलिस थानों को इसकी सूचना दी गई और प्रभावितों को बचाया गया है।

### 2 हजार घर प्रभावित

तकरीबन 2 हजार घर बाढ़ आपदा से प्रभावित हुए हैं। मंगलवार और बुधवार इन दो दिनों में ऐसी स्थिति बनी है। पिछले 25 सालों में बारिश से ऐसी आपदा नहीं देखी गई थी। प्रशासन भी इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं था। बहरहाल, प्रभावितों के लिए आनन-फानन में राहत शिविर शुरु किए गए हैं। पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, स्कूल और मंदिरों में भी व्यवस्था बनाई गई है।

### भोजन-पानी के लिए संघर्ष

बाढ़ से घिरे लोगों को भोजन और पानी के लिए भी संघर्ष करना पड़ा। छोटे बच्चों वाले परिवार बेहद परेशान हुए। बाढ़ ग्रस्त इलाकों में कल से बिजली बंद है। घरों में घुसे पानी के साथ विषैले जीवों से भी खतरा बना हुआ है। परिवारों को बड़ा नुकसान हुआ है। घरों का राशन खराब हो गया है। उन्हें चिंता है कि शिविर के बाद वे अपने घर में दोबारा व्यवस्था कैसे बना पाएंगे। वे तत्काल आर्थिक सहायता की आश लगाए हुए हैं।

### कई जगहों पर चले रेस्क्यू ऑपरेशन

एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने कई बचाव अभियान सफलता से पूरे किए हैं। शिवनाथ नदी के तटीय क्षेत्र मोहारा, हल्दी, सिंदई में पुलिस रात में भी ड्यूटी पर तैनात है। थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा में मंगलवार से एक परिवार के 03 महिला एवं 01 पुरूष अपने घर की छत पर फंसे हुए थे जिन्हें थाना लालबाग पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। इसी प्रकार थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम धीरी में कृषि कार्य के लिये फार्म हाऊस गए हुए 02 व्यक्तियों को बचाया गया। इसी तरह ग्राम धिरी-खुटेरी में शिवनाथ नदी के बहाव में शाम को युवक झाड़ में फंसा हुआ था जिसे सोमनी पुलिस और दुर्ग की एसडीआरएफ टीम ने अभियान चलाकर बचाया।

# आपदा प्रभावितों से मिले डॉ. रमन बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा किया

■ महिलाएं रोने लगीं तो कहा... चिंता न करें, मैं हूं.. किसी को कोई तकलीफ नहीं होगी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बाढ़ आपदा के बीच विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह भी राजनांदगांव पहुंचे। उन्होंने यहां धामनसरा, हल्दी और सिंगदई का दौरा किया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात भी की। महिलाओं ने उनसे कहा, हमारे पास कुछ नहीं बचा। पानी में सब बह गया, बर्बाद हो गया.. अब हम क्या करें। डॉ. रमन ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा, मैं हूं। किसी को कोई तकलीफ नहीं होगी। जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई भी होगी। डॉ. रमन सिंह ने मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और प्रभावित परिवारों को किसी तरह की तकलीफ न होने देने की बात कही। कलेक्टर ने राहत कार्यो में तेजी के निर्देश दिए हैं। देर शाम डॉ. रमन सिंह ने जरुरी प्रशासनिक बैठक भी ली जिसमें बाढ़ आपदा को लेकर चर्चा की गई। अपने दौरे के बीच स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, जलाशयों से पानी छोड़े जाने के बाद ग्रामीणों को अलर्ट किए जाने में कुछ देरी हुई है ऐसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि, मैंने ग्रामीणों से बात की है उन्होंने इस बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि, कम से कम पिछले 25 सालों में मैंने तो ऐसी बाढ़ आपदा नहीं देखी है। ये मुश्किल वक्त है और हम सभी को मिलकर हालात और परिवारों को संभालना है। उन्होंने कहा कि, आपदा से दो बड़े नुकसान दिखाई दे रहे हैं। फसल पूरी तरह डूबी हुई है इससे सब्जी, फल उत्पादक बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। धान की फसल को लेकर भी चिंता बढ़ी है। दूसरा यह कि प्रभावित इलाकों के कच्चे मकान इससे कमजोर हुए हैं। बाढ़ का पानी तो उतर गया है लेकिन आशंका रहती है कि इससे दीवारें कमजोर हो जाती हैं। ऐसे मकान काम के लायक नहीं रहते। सड़कें भी उखड़ जाती हैं जो कि बड़ी क्षति है। पूर्वी सीएम व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, समुचित व्यवस्था बनाई जा रही है। लोगों को हुई आर्थिक क्षति के लिए तत्काल सर्वे शुरु किया जाएगा और जल्द से जल्द लोगों को और भी मदद मुहैया कराई जाएगी।

# भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट : कांग्रेस




पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन्होंने आते ही रेत, सीमेंट के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में विगत दिनों सीमेंट कंपनियों द्वारा सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रतिबोरी की दर से वृद्धि कर दी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में रेत माफियाओं का गुण्डाराज चल रहा है, चारों ओर लूट मची हुई है। खनिज संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है और राज्य सरकार तमाशाबीन बने हुए है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है। "विष्णुभोग" के लिए वसूला जा रहा है 50 रूपया प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम। अचानक 260 से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए मजबूर कर रही है भाजपा सरकार। अध्यक्ष साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है कि सीमेंट पर 50 रूपए प्रति बोरी की भारी भरकम मूल्य वृद्धि वापस लें, और सीमेंट को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कमोडिटी की तय सूची में शामिल करें। इन मुद्दों को लेकर कल 12 सितंबर को शहर के फ्लाई ओवर महावीर चौक (इमाम चौक) पर दोपहर 11 से 03 बजे तक जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, महेन्द्र यादव, चुम्मन साहू, अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्ष द्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन उपस्थित थे।

# भगवान परशुराम ने ब्राम्हणों के उत्थान के लिए कार्य किए : भूपेश बघेल

■ पूर्व सीएम ने नव निर्मित भवन का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में विभिन्न समाजों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है। इसी कडी में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 20.00 लाख रूपये की लागत से मारवाडी गौड ब्राम्हण समाज के लिये मठपारा में सामुदायिक भवन बनाया गया। जिसका पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परशुराम भवन में सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया।

लोकार्पण अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भेट मुलाकात कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में विभिन्न समाज के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर मिला था। समाज के लोगों द्वारा सामाजिक भवन के लिये जमीन एवं कुछ समाज के लोग भवन निर्माण के लिये राशि की मांग किये थे। मांग अनुसार हमने विभिन्न समाज को भवन निर्माण के लिये राशि उपलब्ध कराये थे। उन्होंने कहा कि कई समाज का भवन निर्माण हुआ और कुछ समाज के भवन लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ, कुछ दिनों पूर्व कायस्थ समाज के भवन लोकार्पण के लिये आया था और आज श्री मारवाड़ी गौड ब्राम्हण समाज के भवन लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

बघेल ने सामाजिक भवन लोकार्पण के लिये समाज द्वारा बुलाने पर समाज का धन्यवाद देते हुये कहा कि आदिकाल से ब्राम्हण समाज का विशेष दर्जा रहा है। उन्होने कहा कि गौर ब्राम्हण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी है, जिन्होंने ब्राम्हणों के उत्थान के लिये कार्य किये। उन्होंने कहा कि आज गणेश पर्व के अलावा राधा अष्टमी है, इस शुभ दिन में भवन का लोकार्पण किया जा रहा है, उन्होंने राधा अष्टमी एवं गणेश पर्व की बधाई देते हुये भवन लोकार्पण अवसर पर बुलाने पर पुनः समाज का आभार व्यक्त किया। लोकार्पण के पहले पूर्व मुख्यमंत्री माननीय बघेल का समाज के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, स्वागत पश्चात अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर फिता काटकर, पट्टिका का अनावरण कर नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

## स्टेट हाइवे बहाल करने जेसीबी से तोड़े डिवाईडर

# नाला पार करते बहकर पेड़ में अटके थे 2 ग्रामीण, देर रात चला बचाव अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




राज्य के दक्षिणी हिस्से में महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र में भयंकर बारिश एवं जिले के जलाशयों में अत्यधिक जलभराव से 10 सितंबर को एहतियातन अंचल की नदियों में पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ से कोहराम मच गया था। डोंगरगांव नगर में स्टेटहाइवे में डिवाईडर ध्वस्त करके मार्ग बहाल किया गया। वहीं देर शाम लगभग 7 बजे साँकरीपार नाला पार करते हुए तेज बहाव में बहकर पेड़ के सहारे अटके रहे 2 ग्रामीणों को देर रात्रि लगभग 9 बजे एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू करके सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

प्रशासन ने मुस्तैदी से कार्य करते हुए तटीय गांवों में सर्वप्रथम मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को अलर्ट किया। दिनभर नदी के तटीय गांवों में प्रशासनिक अमले को दिशानिर्देश देकर पंचायत सचिवों, आरआई व पटवारी के माध्यम से हालात पर नजर रखे हुए थे। मनेरी में एक महिला व युवती को प्रशासन के सहयोग से ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर खेत से सकुशल गांव में पहुंचाया।

रुदगांव में किसान का प्रशासन के सहयोग से एसडीआरएफ टीम में रेस्क्यू किया गया। हालांकि रेस्क्यू के बाद बोट इंजन को ले जाने वाला वाहन ही वापसी के मार्ग में तेज बहाव के कारण 2 घण्टे तक फंस गया था। जामसरार पुल किनारे एक मकान में सोनकर परिवार चहुंओर से घिर गया था। जिन्हें एसडीआरएफ टीम के रुदगांव से वापसी दरम्यान मार्ग बाधित होने की वजह से देर शाम तक रेस्क्यू नही किया जा सका था, लेकिन किसान परिवार का मकान ऊंचे स्थान पर होने से प्रशासन ने सुबह रेस्क्यू का निर्णय लिया गया था, हालांकि दूसरे दिन सुबह बाढ़ का जलस्तर कम होने से मार्ग खुलने पर किसान परिवार के स्वयं ही अन्यत्र चले जाने की पुष्टि की गई।

### सरकारी भवनों व मंदिर में शिफ्ट

प्रशासन ने अडाम में बाढ़ से प्रभावित 25 परिवारों को सुरक्षित भवनों में शिफ्ट कराया। बम्हनी भाठा में 5 परिवारों को सरकारी भवनों में शिफ्ट कराया। डोंगरगांव नगर के वार्ड 14 में 5 परिवार भी को सुविधानुसार आईएचएसडीपी आवास, मंदिर परिसर एवं अपने करीबी के घर शिफ्ट कराए गए थे। मेढ़ा में 2 परिवार ग्रामीणों के सहयोग से सरकारी भवन में शिफ्ट कराया।

### स्टेट हाइवे में जेसीबी से तोड़े डिवाईडर

नदियों में भयंकर बाढ़ से तटीय गांवों के अलावा डोंगरगांव नगर में भी हड़कंप मच गया था। दरअसल स्टेटहाइवे में डोंगरगांव नगर के तिगाला पेट्रोल पंप समीप सड़क पर बाढ़ का जलजला 5 फिट ऊपर आ गया था। इससे जिला मुख्यालय राजनांदगांव का अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर से संपर्क टूट गया था। अंततः देर शाम प्रशासन ने नगर में पेट्रोल पंप के सामने जेसीबी से डिवाईडर तोड़े। वहीं अर्जुनी नाला में भी 3 फीट ऊपर पानी बह रहा था। रातभर में जलस्तर कम होने के बाद दूसरे दिन सड़क मार्ग बहाल हुआ है।

# भर्ती परीक्षा 15 को.. जिला में बनाए गए कुल 108 परीक्षा केन्द्र

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार 15 सितम्बर 2024 को अपरान्ह 12 बजे से 2.15 बजे तक जिला राजनांदगांव के कुल 108 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। व्यापम द्वारा प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र का 2 दिन पूर्व अवलोकन कर लें। छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में होने वाली परेशानियों के निराकरण एवं मार्गदर्शन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। हेल्प डेस्क 12 सितम्बर से 15 सितम्बर 2024 सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित होगा। परीक्षार्थी हेल्प डेस्क में संपर्क कर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक राजनांदगांव भगत सिंह ठाकुर के मोबाईल नंबर 8319770524, सहायक ग्रेड-3 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमतरा श्रीकांत पनबुडे के मोबाईल नंबर 8770149227 एवं सहायक ग्रेड-3 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा सुरेश साहू के मोबाईल नंबर 9630479861 से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह छुरिया विकासखंड स्तर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक छुरिया पीडी साहू के मोबाईल नंबर 6264705565, डोंगरगांव विकासखंड स्तर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक डोंगरगांव अरविंद र ाकर के मोबाईल नंबर 9425568420 एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक डोंगरगढ़ इनायत अली के मोबाईल नंबर 930020559, 8319646989 से संपर्क किया जा सकता है।

# जशपुर विधायक के द्वारा ईसा मसीह पर अमर्यादित टिप्पणी पर पूर्व विधायक मिंज ने जताई आपत्ति, समाज की मांग कारवाई करे प्रशासन

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने जशपुर विधायक रायमुनि भगत के ईसा मसीह के ऊपर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है उन्होंने कहा कि एक विधायक होते हुए भी उन्होंने दूसरे धर्म के ईष्ट के ऊपर शर्मनाक बयान दिया है। जशपुर एक बेहद शांत जिला है जहां सभी जाति और धर्म के लोग मेल प्रेम से निवास करते हैं सभी धार्मिक उत्सव मिल जुल कर मनाते



हैं। उन्होंने कहा कि धर्मानद्धता फैलाने के लिए भाजपा विधायक ईसाई धर्म के साथ ईसा मसीह पर स्तर हीन बयान देकर अपने आप को बड़ा नेता बनने का प्रयास कर रही है हम इस बयान कि कड़ी शब्दों में निंदा करते है।

### आस्था पर गहरी चोट

मिंज ने कहा कि रायमुनि भगत ने ईसा मसीह पर अमर्यादित टिप्पणी से स्वयं मुझे तथा पूरे समुदाय की आस्था एवं विश्वास को गहरा एवं गंभीर चोट पहुँचा है। एक संवैधानिक पद पर होकर उनसे ऐसे वक्तव्य की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि विधायक रायमुनि भगत ने ईसा मसीह पर अमर्यादित टिप्पणी किसी धार्मिक कार्यक्रम में नहीं कही है बल्कि उन्होंने शासकीय कार्यक्रम में की है। जिसके लिए हम उनपर कारवाई की माँग करते है।

इस संबंध में हम मीडिया के सामने अपनी बात गुरूवार को रखेंगे।
रायमुनी भगत, विधायक जशपुर

# दुलदुला विकासखंड के 231 दिव्यांगजन नि:शुल्क बस यात्रा पास पाकर हुए प्रसन्न

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में दिव्यांग जनों को दिव्ययांगता का प्रमाण पत्र प्रदान करने, आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा नि:शुल्क बस यात्रा पास सुविधा दिलवाने के लिए सशक्त जशपुर अभियान समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत कस्तूरा विकासखंड दुलदुला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा रखा गया था उक्त शिविर में जनपद पंचायत के समस्त सचिव एवं जिला परिवहन अधिकारी तथा जिला समन्वयक सशक्त जशपुर अभियान के समन्वीत प्रयासों से कुल 231 दिव्यांग जनों को नि:शुल्क बस यात्रा पास की सुविधा पत्र प्रदान की गई। सुविधा पत्र पाकर सभी दिव्यांग पूर्ण रूप से संतुष्ट हुए। प्रमाण पत्र का टोकन स्वरूप वितरण जिला पंचायत सदस्य ममता कश्यप, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा जनपद सदस्यों के साथ-साथ अनुभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी की उपस्थिति में की गई। दिव्यांगजनों के लिए किए गए इस प्रयास की समस्त जनप्रतिनिधियों ने प्रशंसा करते हुए 100 प्रतिशत दिव्यांगों को बस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल किए जाने का सुझाव दिया गया।

# शिवनाथ नदी पहुँचे विधायक एवं महापौर, लिया जायजा अफसरों को बाढ़ की स्थिति से निपटने अलर्ट रहने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विगत रातभर हुई अत्यधिक वर्षा के कारण मोंगरा जलाशय से एक लाख 13 हजार 878 क्यूसेक, खट्टोला से 20 हजार 208 क्यूसेक, घुमरिया से 26 हजार 260 क्यूसेक और सूखा नाला से 44 हजार क्यूसेक जल छोड़ा गया है। इन सभी स्थानों से आने वाला जल प्रवाह शिवनाथ नदी में मिल रहा है,जिसके परिणाम स्वरूप महमरा एनीकट का जलस्तर 10 फीट तक ऊपर पहुंच चुका है, रात तक शिवनाथ नदी के जल स्तर में और वृद्धि होगी।रात को विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने आयुक्त लोकेश



चन्द्राकर के साथ शिवनाथ नदी महमरा एनीकेट पहुँचकर लगभग 2 घंटे तक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण ड्यूटी में लगे निगम अधिकारियों से व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में शिवनाथ नदी एवं शिवनाथ नाले के समीप डूबान क्षेत्र में निवासरत लोगों को अधिकारियों द्वारा सूचित किये जाने की बात कही। वही लोगो को लगातार मुसलाधार बारिश होने एवं आसपास के जलाशयों से पानी छोड़े जाने से दुर्ग में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है की जानकारी दी जा रही है।नगर निगम शिवनाथ नदी डूबान क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ के लिए सचेत रहने की अपील की गई है तथा सुरक्षित स्थान हेतु स्कूलों एवं सार्वजनिक भवनों तथा अन्य जगहों पर अपना स्थान सुरक्षित कर लेने कहा जा रहा है। विधायक यादव व महापौर बाकलीवाल द्वारा खाने पीने, दवाई सहित अन्य व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम को 24 घण्टे अलर्ट रखें।उन्होंने तत्काल नदी किनारे क्षेत्र में मुनादी के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि मुनादी डूबान क्षेत्र में कराया जा रहा है और उन्होंने आम नागरिकों से अपील कर कहा है कि नदी किनारे कोई भी व्यक्ति न जाये। अधिकारियों द्वारा शिवनाथ नदी डूबान क्षेत्र किनारे रहने वालो को अलर्ट किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने कृषि भूमि धारित भू-स्वामियों को ही ऋण पुस्तिका जारी करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर कांफ्रेंस हेतु निर्धारित विभागीय एजेंडा की विभागवार अधिकारियों से चर्चा कर जानकारियां ली। उन्होंने प्रस्तुत जानकारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने एजेंडा अनुरूप जानकारी नहीं होने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई। साथ ही आवश्यक जानकारी संलग्न करने कहा। उन्होंने विभागों में पेंशन प्रकरण की समीक्षा के दौरान सभी आहरण संवितरण अधिकारी को विभाग से संबंधित जिला कोषालय में पेंशन प्रकरण लंबित होने की जानकारी प्राप्त कर प्रकरण शीघ्र निराकरण कराने के कड़े निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने राजस्व अधिकारियों को अगवत कराया कि वर्तमान में जिले में किसान किताब (ऋण पुस्तिका) कृषि एवं परिवर्तित भूमि दोनों के लिए जारी किया जाना प्रचलन में है। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 114(क) अंतर्गत कृषि भूमि का किसान किताब होता है। अतएव कृषि भूमि धारित भू-स्वामियों को ही किसान किताब जारी किया जाए। उन्होंने जिला पंजीयक और लीड बैंक के मैनेजर को भी इस आधार पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर चौधरी ने वर्षा से उत्पन्न स्थिति और शिवनाथ नदी में बढ़ते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति से निपटने अलर्ट रहने के निर्देश दिये हैं।

# शिवनाथ नदी में 2 लाख 4 हजार 346 क्यूसेक जल प्रवाह, बाढ़ की स्थिति से निपटने प्रशासन अलर्ट

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विगत 9 सितम्बर की रात से हो रही अत्यधिक वर्षा के कारण मोंगरा से 1 लाख 13 हजार 878 क्यूसेक, खट्टोला से 20 हजार 208 क्यूसेक, घुमरिया से 26 हजार 260 क्यूसेक और सूखा नाला से 44 हजार क्यूसेक जल छोड़ा गया है। इन सभी स्थानों से आने वाला जल प्रवाह शिवनाथ नदी में मिल रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप महमरा एनीकट का जलस्तर 10 फीट तक ऊपर पहुंच चुका है, रात तक शिवनाथ नदी के जल स्तर में और वृद्धि होगी। उक्त जानकारी देते हुए शिवनाथ जलसंसाधन मण्डल दुर्ग के अधीक्षण अभियंता एस.के. पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नदी किनारे गांव में मुनादी करा दी गई है और ग्रामवासी को भी नदी के किनारे नहीं जाने हेतु कहा गया है। जल प्रवाह को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित विभागों से उचित कदम उठाने का अनुरोध किया है। विभाग द्वारा जल प्रबंधन एवं सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय पहले से सुनिश्चित कर लिये गये हैं ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। वर्तमान में शिवनाथ नदी से कुल जल प्रवाह 2 लाख 4 हजार 346 क्यूसेक हो रहा है। अत्यधिक वर्षा के कारण तांदुला नहर से खरीफसिंचाई हेतु दी जा रही जल प्रदाय को बंद कर दिया गया है।

# भिलाई क्षेत्र में 14 सितम्बर से होगा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान शुरू



पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 14 सितम्बर 02 अक्टूबर तक स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत निगम भिलाई क्षेत्र में अलग.अलग दिन सफाई से संबंधित गतिविधियां चलाई जाएगी। जिसके अंतर्गत श्रम दानए स्वच्छता शपथ में दौड़ए रैलीए मानव श्रृंखला प्रभात फेरीए कचरा संग्रहण में लगी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाया जायेगा। इसके अंतर्गत पिछले 10 वर्षो की उपलब्धियों का विवरण शामिल किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम फलदान एवं छायादार पौधे का रोपण कर स्वच्छता का शपथ भी लिया जायेगा। भिलाई नगर को स्वच्छता से जोड़ने एवं शहर को साफसुथरा बनाने सब के सहयोग से यह कार्यक्रम चलाया जावेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी द्वारा संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की मीटिंग आहूत की गई। सबके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। प्रत्येक दिन प्रत्येक वार्ड के लिए क्या.क्या कार्य करना है। किस प्रकार से हम जन भागीदारी लेकर के इस कार्यक्रम में आम पब्लिक को जोड़ सकते हैंए उसे पर पर्याप्त मात्रा में चर्चा हुई। निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। निगम भिलाई के मुख्य कार्यालयए जोन कार्यालय से सभी अधिकारियो को वार्ड क्षेत्रों का मॉनिटरिंग कर वहां की सफाई संबंधी समस्याओ का निराकरण करने एवं प्रतिदिन उसका रिपोर्ट आयुक्त को दिये जाने का निर्देश दिये है। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम सभी नगरीय निकाय क्षेत्रो का भ्रमण करने आने वाली है। उनके द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले निकाय को पुरस्कृत किया जायेगा। निगम भिलाई क्षेत्र में सफाई अभियान डोर-टू-डोर किया जा रहा है। जिससे शहर की सुन्दरता को बनाये रखने लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान को स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम दी गई है। स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत मुख्यतः तीन प्रमुख स्तम्भ स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं स्वच्छता लक्षित इकाई एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर पर कार्य किए जाने पर जोर दिया गया है। जिसे विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनभागीदारी के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में स्वच्छता सेवा अभियान के दौरान जिले में 02 अक्टूबर तक विविध गतिविधियां आयोजित की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 सितम्बर को स्वच्छता की भागीदारी अंतर्गत स्वच्छता शपथ, श्रमदान से शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, ब्लैक स्पॉट की साफ-सफाई हेतु ग्रामीण जनभागीदारी, स्वच्छाग्राही, गैर सरकारी संगठन, सी.एस.ओ., औद्योगिक संस्थाएं, पार्टनर संस्थाएं आदि को जिम्मेदारी सौपते हुए साफ-सफाई करना। 15 सितम्बर को घर-घर कचरा एकत्रीकरण एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन। 16 सितम्बर को सभी ग्राम में अपशिष्ट सामग्री से कलाकृति निर्माण गतिविधि का आयोजन और युवाओं की सहभागिता से स्वच्छता मैराथन, सायकल रैली, वॉल पेंटिंग मानव श्रृंखला का आयोजन। 17 सितम्बर को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित इकाइयों का जीर्णोद्धार, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता संबंधित पेंटिंग करना, सी.एस.आर. संस्थाओं को गतिविधियों हेतु जिम्मेदारी सौपना। 18 सितम्बर को शालाओं में स्वच्छता प्रदर्शनी, खेल एवं प्रतियोगिता का आयोजन एवं विकासखंड/संकुल स्तर पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन। 19 सितम्बर को घर-घर सम्पर्क कर स्वच्छता जागरूकता अभियान, विकासखंड/संकुल स्तर पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन। 20 सितम्बर को व्यवहार परिवर्तन और अधिक-से-अधिक जनभागिदारी, स्वच्छता हेतु गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी, नवाचार गतिविधियों, रात्रिकालिन मशाल रैली का आयोजन, विकासखंड/संकुल स्तर पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन। 21 सितम्बर को सार्वजनिक स्थल, शासकीय भवन, हाट बाजार, स्कूल, आंगनबाड़ी, कॉलेज बस टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, ऑटो स्टैण्ड, नदी, तालाब, जलाशय, डबरी, नाली, दार्शनिक व धार्मिक स्थल एवं जल स्त्रोतों के आस-पास जनभागीदारी से साफ-सफाई। 22 सितम्बर को गारबेज ट्राईसायकल के साथ रैली एवं घर-घर कचरा एकत्रीकरण गतिविधि का आयोजन, स्वच्छता इकाइयों का रख-रखाव एवं जीर्णोद्धार, सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# जिले में 15 सितम्बर को व्यापम की परीक्षा आयोजित, जिला स्तर पर हेल्फ-डेस्क का गठन

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 15 सितम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 2.15 बजे तक छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार उक्त परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तर पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में हेल्फ-डेस्क का गठन किया गया है। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त अधिकारी/कर्मचारी 15 सितम्बर 2024 को प्रातः 7 बजे से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में उपस्थित रहेंगे। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में होने वाली समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# स्वच्छता ही सेवा के तिथि में परिवर्तन सभी अधिकारी अलर्ट मोड में



पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छता ही सेवा की शुरूआत 14 सितम्बर से होने वाली था, जो अब 17 सितम्बर से शुरू होगी एवं 2 अक्टूबर को इसका समापन होगा। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने वाली है उसको देखते हुए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सभी जोन में अलर्ट मोड में काम कर रहे है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियो को निर्देशित किये है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। सुबह 6 बजे से सभी लोग फिल्ड में नजर आना चालिए मै कहीं भी जाकर औचक निरीक्षण कर सकता हूॅ। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरूद्व तत्काल कार्यवाही की जावेगी। सफाई नगर निगम भिलाई की पहली प्राथमिकता है। जिसमे प्रमुख रूप से सुलभ शौचालयो का साफ-सफाई, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, नलो एवं वास बेसिंग के आस-पास कहीं भी गंदगी न पाई जाये इत्यादि पर ध्यान देना है। कई सुलभ शौचालय के स्वास्थ्य कर्मचारियो से शिकायत मिल रही है। कि जिन शौचालयो मे पानी की टोटी, मग एवं बाल्टी, वास बेसिंग में मिरर इत्यादि लगया दिया गया है। वहां असामाजिक तत्वो द्वारा गायब कर दिया जाता है। जिससे अन्य लोगो को परेशानी होती है। गौरतलब है कि ये सब सुविधा स्थानीय लोगो के लिए ही प्रदाय की जाती है।

# जिला विकास सहकारी समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के दिशा निर्देश अनुसार प्रदेश में सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला सहकारी विकास समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एजेण्डावार विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर चौधरी ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति या प्राथमिक दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों से आच्छादित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इसी प्रकार समस्त पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-डिस्ट्रीक्ट के रूप में आई.डी. जेनरेट करने और राष्ट्रीय बीज सहकारी समिति, जैविक सहकारी समिति एवं निर्यात सहकारी समितियों में समस्त सेवा सहकारी समितियों में शतप्रतिशत सदस्य बनाने हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं अवधेश मिश्रा, उप संचालक पशुपालन डॉ. सुधीर प्रताप सिंह, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक कृषि संदीप भोई, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर, ईडीएम श्रुति अग्रवाल और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंशु गोयल उपस्थित थी।

# महापौर एवं आयुक्त ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण, बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ✓ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुबह से लगातार बाढ़ग्रस्त क्षेत्र शिवनाथ नदी में नगर निगम अमला निगरानी रखी हुई है।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा अधिकारी/कर्मचारियो के साथ में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का मौका निरीक्षण किया। महापौर



धीरज बाकलीवाल को सूचना मिली कि रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे कुछ लोग बाढ़ में फंसे हुए है। सूचना मिलते ही महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अमला के साथ पहुँचे। रिलायंस पेट्रोल पंप पुलगांव नाले के पास फंसे हुए 15 लोगों को रेस्क्यू करके नगर निगम की टीम द्वारा बाहर निकाला गया एवं सुरक्षित स्थानों में पहुचाया गया।महापौर ने शिवनाथ नदी के किनारे पुलगांव राहत कैम्प में बाढ़ पीड़ित लोगों से चर्चा की। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि सुबह पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण घरों में पानी घुसने लगा है। डूबान क्षेत्र के लोगो को यादव समाज द्वारा संचालित यादव भवन में आश्रय दिलवाया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा लगातार उनके रहने की व्यवस्था के साथ भोजन व नास्ते की भी व्यवस्था कराई जा रही है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के पीड़ितों को सुरक्षित स्थान में पहुँचाया गया है। इस दौरान दीपक साहू, जमुना साहू, मनदीप सिंह भाटिया, सत्यवती वर्मा, ज्ञानदास बंजारे, निर्मला साहू, नजहत परबीन, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, राजस्व व अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, योगेश सूरे सहित अमला मौजूद रहे। महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में निगरानी रखने के साथ-साथ पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने और भोजन, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने कहा गया है। महापौर ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी स्थिति जानी।

# पानी के 44 सेंपल असफल तत्काल निराकृत करने ने दिए निर्देश आयुक्त



पायनियर संवाददाता ✓ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल विभाग द्वारा पुरे क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसमें मौसम को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जलकार्य विभाग को निर्देशित किये थे, कि सभी वार्डो में पानी का सेंपल लिया जाए। उसकी गुणवत्ता की जॉच किया जाये की पानी पीने योग्य है की नहीं। इसी तारत्मय में एक हफ्ते के अंदर नेहरू नगर जोन में 118 सेंपल, वैशाली नगर जोन में 100 सेंपल, मदर टेरेसा नगर में 80 सेंपल, शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन में 92 सेंपल एवं जोन 05 सेक्टर 06 में 150 सेंपल लिए गये। इसमें से 647 सेंपल निर्धारित मापक के अनुसार सफल पाये गये। 44 सेंपल सभी जोन के मिलाकर असफल पाये गये। इसमें से कुछ क्षेत्रो में पानी का लिकेज होने के कारण मरम्मत करके ठीक किया गया। लगभग 14 सेंपल बोर एवं कुएॅ इत्यादि के थे। जिन्हे ब्लीचिंग पाउडर एवं आवश्यक पदार्थ डालकर ठीक किया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने मीटिगं के दौरान सभी अधिकारियो को निर्देशित किये की हमारा मूल उददेश्य है कि सभी को शुद्व पेयजल पीने को मिले। इतने बडे क्षेत्र में लिकेज होना स्वभाविक बात है उतने ही तत्परता से उसे ठीक कर देना चाहिए। कुछ अधिकारियो की शिकायत थी कि लिकेज की समस्या स्थानीय निवासियो द्वारा चोरी छिपे पाईप लाईन में छेद करके कनेक्शन ले लिया जाता है बाद में उसको ढक देते है। इतनी सफाई से चोरी छिपे कनेक्शन लेते है कि समान रूप से पता नहीं चलता है। ऐसे जगहो पर लिकेज पाया जाता है जिससे पीलिया डायरिया एवं जल संबधी बिमारी होने की सम्भावना बनी रहती है। ऐसे कार्यो से लोग बचे। निगम की टीम सर्वे करने जायेगी अगर कोई ऐसा व्यक्ति मिलता तो उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी कराया जायेगा। एक गलती एक व्यक्ति करता है, और प्रभावित सभी होते है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने की भागीदारी

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने महिलाओं के साथ मनाया तीज मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा सामुदायिक भवन, पंडरिया में तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की 1500 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में महिलाओं के मनोरंजन हेतु सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधायक भावना बोहरा ने प्रतियोगिता में विजयी महिलाओं को सम्मानित कर तीज पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी, वहीं उनके साथबड़े ही उत्साहव व विभिन्न गतिविधयों के साथ उत्सव को मनाया। कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाले समूह को 11,000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5,100





रुपए, तृतीय स्थान को 2,100 रुपए एवं ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान को 5,100 रुपए, द्वितीय स्थान को 2,100 रुपए, तृतीय स्थान को 1,100 रुपए एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में तीज क्विन की विजेता एवं उपविजेता को भी ट्रॉफी से भावना बोहरा ने सम्मानित कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि यह बहुत खुशहाली का अवसर है। तीजा पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति,परंपरा एवं नारी शक्ति के प्रतीक पर्व के रूप में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में मान्यता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता इसी मान्यता का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार महिलाओं को हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि जारी कर रही है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि तीज-त्यौहारों की परंपरा काफी समृद्ध है। यहां की महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेत-खलिहानों में काम करके देश और प्रदेश की समृद्धि में योगदान दे रही हैं। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ की महिलाओं में तेजी से शिक्षा और साक्षरता का प्रसार हुआ है। तीज का व्रत संकल्प शक्ति और अखंड सौभाग्य की कामना का प्रतीक पर्व है। यह पर्व उन सभी माताओं-बहनों की शक्ति को भी दर्शाता है कि वे एक पत्नी के रूप में अपने पति की दीर्घायु की लिए इतनी कठिन निर्जला व्रत रखतीं हैं। यह एक प्रकार से महिलाओं की सहनशीलता, समर्पण और हमारी संस्कृति एवं सभ्यता के साथ ही धार्मिक आस्था को भी यथार्थ करती है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि आप सभी नारी शक्तियों के सामाजिक, धार्मिक और एक पत्नी, बेटी व माँ के रूप में आपकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का हमारा प्रयास है। केंद्र व छत्तीसगढ़ की सरकार भी महिलाओं के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनकी शिक्षा,स्वास्थ्य,सुरक्षा और सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में अतुलनीय कार्य कर रही है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403